आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 12:25 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 सितंबर 2024

वर्ष 5, अंक 311, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है ब्लैकहोल 14

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक 13







## एक नजर

### मोदी आज महाराष्ट्र में कई प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले का दौरा करेंगे और इस दौरान 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन और परम रूद्र सुपरकंप्यूटर्स का लोकार्पण भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### मालवा एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला, हड़कंप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में इंदौर के डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से जम्मू-कश्मीर के कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस के पहियों से बुधवार को धुआं निकलता दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि राऊ स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता देखा। एक डिब्बे के पहियों का ब्रेक जाम हो गया था।

### कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में गुरुवार से झमाझम बारिश की संभावना जताई है। लखनऊ से नोएडा तक जोरदार बारिश देखने को मिलेगी। अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने पूर्वी उप्र. के बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी सहित अन्य जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अगले तीन-चार दिन यह बारिश जारी रह सकती है। पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

# हुनरमंद उप्र ने किया निहाल

## उप राष्ट्रपति बोले, यूपी के लिए गेम चेंजर साबित हुए योगी आदित्यनाथ

## गली ब्वाय से विदेशों तक की उड़ान ने बदली छोटे उद्यमियों की तकदीर

**इंटरनेशनल ट्रेड-शो**

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा-पहले सरकार मंच देती तो हुनरमंद बदलते देश की तस्वीर

विवेक सक्सेना/धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा



इंटरनेशनल ट्रेड-शो के उद्घाटन अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राधे-श्रीकृष्ण की मूर्ति देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड-शो का रंगारंग आगाज हुआ। इंडिया एक्सपो मार्ट में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ट्रेड शो की शुरुआत के साथ हुनरमंद उत्तर प्रदेश की तस्वीर दुनिया के सामने छा गई। अपने बाप-दादे के हुनर को गली-कस्बों, बाजारों और मेलों तक ढो रहे, उनकी नवोदित प्रतिभाओं को देश-विदेश तक खरीदार और प्रशंसकों की कतार देखने को मिली।

मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तरह-तरह के हुनर से सजे छोटे-छोटे उद्यमियों की कलाकृतियों से अभिभूत नजर आए। किसी की चिकन कढ़ाई तो किसी के जरीदोंजी, बांसुरी, खिलौनों, हॉर्न क्राफ्ट से लेकर 80 जीआई टैग हुए हुनर से हर कोई उत्साहित दिखा। मुख्यमंत्री योगी के साथ यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने के बाद उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा लगा वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं, इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24x7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे रोजगार का सबसे बड़ा मंच करार दिया।

### कृषि के बाद एमएसएमई सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उप्र में हमारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया।

**विधानसभा चुनाव**

# जम्मू-कश्मीर : दूसरे चरण में 56 प्रतिशत से अधिक मतदान

- माता वैष्णोदेवी सीट पर सबसे ज्यादा 80.74 प्रतिशत वोटिंग

**जम्मू/ श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के दूसरे चरण की 26 सीटों पर बुधवार शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया। रात साढ़े ग्यारह बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औसतन 56.94 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सर्वाधिक वोट श्री माता वैष्णो देवी सीट पर 80.74 प्रतिशत और हब्बाकदल सीट पर सबसे कम 19.81 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के मुताबिक दूसरे चरण में छह जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, गंदेरबल, श्रीनगर और बड़गाम के 26 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। प्रवासी कश्मीरी मतदाताओं ने 24 विशेष मतदान केंद्रों में मतदान किया। प्रवासी कश्मीरियों के लिए जम्मू में 19, उधमपुर में एक और दिल्ली में चार मतदान केन्द्र बनाए गए थे। दूसरे चरण के दौरान विदेशी राजदूतों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मतदान देखने के लिए घाटी का दौरा किया। आतंकवाद फैलने के बाद से यह शायद पहली बार है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव के निरीक्षण की अनुमति दी गई।

# एनएचएआई के दो पीडी समेत 18 अधिकारी-कर्मचारी दोषी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**भूमि अधिग्रहण घोटाला**

- मंडलस्तरीय कमेटी की जांच रिपोर्ट कमिश्नर ने शासन को भेजी
- बीपी पाठक के बाद तत्कालीन पीडी अमित रंजन पाए गए दोषी

**अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे और रिंग रोड भूमि अधिग्रहण घोटाले की मंडलस्तरीय जांच में एनएचएआई के तत्कालीन परियोजना निदेशक (पीडी) बीपी पाठक के साथ अमित रंजन चित्रांशी को भी दोषी पाया गया है। कमेटी की रिपोर्ट में वैल्युअर, साइट इंजीनियर, नोडल एजेंसी के जिला प्रतिनिधि और कई लेखपालों को भी घोटाले में भागीदार बताया गया है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को यह रिपोर्ट शासन को भेज दी।

जांच रिपोर्ट में कुल 18 नाम हैं। चार भूमि अध्याप्ति अधिकारियों की भूमिका को भी संदिग्ध बताते हुए विशेषज्ञ एजेंसी से विस्तृत जांच कराने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि परिसंपत्ति के अधिक मूल्यांकन में मुख्य रूप से एनएचएआई के तत्कालीन पीडी अमित रंजन चित्रांशी, बीपी पाठक, संयुक्त सर्वे रिपोर्ट और संयुक्त मूल्यांकन रिपोर्ट देने के लिए एनएचएआई के साइट इंजीनियर पीयूष जैन, पारस त्यागी, एनएचएआई की ओर से नामित एजेंसी साईं सिस्ट्रा ग्रुप के जिला प्रतिनिधि उजैर अख्तर, एसए इन्फ्रा स्ट्रक्चर कंसलटेंसी लिमिटेड के जिला प्रतिनिधि राजीव कुमार, सुनील कुमार, शिवम सर्वेइंग सिस्टम, वैल्यूअर रविंद्र गंगवार, सुरेश कुमार गर्ग दोषी हैं। गांव उगनपुर के तत्कालीन लेखपाल मुकेश मिश्रा, गांव अमरिया के लेखपाल विनय कुमार, गांव हुसैन नगर और सरदार नगर के दिनेश चंद्र, बिलहरा माफी के आलोक कुमार, मुड़लिया गौसू के मुकेश गंगवार, गांव हेतमडांडी के तेजपाल, गांव भैसहा के लेखपाल ज्ञानदीप गंगवार और विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के तत्कालीन भूमि अर्जन अमीन अनुज वर्मा को भी दोषी बताया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया कि एनएचएआई के पीडी कार्यालय द्वारा 3 ए प्रकाशन की सूचना तहसील को देने के लिए पत्राचार किए जाने संबंधी अभिलेख प्राप्त नहीं हुए। इसमें विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय की भी लापरवाही रही। ऐसे में सेवानिवृत्त विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी सुल्तान अशरफ सिद्दीकी, सिटी मजिस्ट्रेट बरेली के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी मदन कुमार एवं राजीव पांडेय और एडीएम न्यायिक के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी का कार्यभार देखने वाले आशीष कुमार की भूमिका संदिग्ध बताई गई है।

# युवती को भगा ले गया छोटा भाई, बड़े भाई को बांधकर पीटा, मुंह पर कालिख पोती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अमानवीय : जंजीर, बेल्ट और लात-घूंसों से पीटा, लगाया करंट
- पुलिस ने मामले में तीन नामजद आरोपियों को किया गिरफ्तार



**अमृत विचार :** छोटा भाई एक युवती को भगा ले गया और शादी कर ली। युवती के परिजनों ने उसके बड़े भाई को पकड़ लिया। चेहरे पर कालिख पोती, बेल्ट से हाथ बांधे। जंजीर, लाठी-डंडे और बेल्ट से बुरी तरह पीटा और सड़क किनारे फेंककर चले गए। पुलिस ने नौ नामजद समेत 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दातागंज के मोहल्ला नालापार निवासी आमिर पिछले दिनों एक युवती को भगाकर ले गया और शादी कर ली। युवती के गुस्साए परिजनों ने मंगलवार रात आमिर के बड़े भाई अरशद को पकड़ लिया। उसे अपने घर ले गए। चेहरे पर कालिख पोती फिर लोहे की जंजीर, लाठी-डंडे, बेल्ट से पीटा और करंट लगाया। रात भर पीटने के बाद बुधवार सुबह बेल्ट से बांधकर टांगकर लाए और सड़क किनारे फेंककर चले गए। जाते समय धमकाया कि यह तो ट्रेलर है। आगे और दिखाते हैं। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित के भाई इरशाद हुसैन ने मोहल्ला अरेला निवासी लल्ला बाबू, जमील, जुल्फिकार, आफताब, अरशद, नदीम, तसलीम, मुबीन, आफताब, मुन्ने का बेटा व अन्य लोगों को आरोपी बनाकर तहरीर दी। सीओ दातागंज केके तिवारी ने कहा कि परिजन की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लल्ला बाबू, जमील व जुल्फिकार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# टीएमसी सांसद नुरुल इस्लाम का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद हाजी एसके नुरुल इस्लाम का बुधवार को निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक नुरुल इस्लाम ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नुरुल इस्लाम को सुदूर सुंदरबन क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए उनके कार्यों के लिए याद किया जाएगा। नुरुल इस्लाम पहली बार 2009 में बशीरहाट लोकसभा सीट से चुने गए थे।

# जमीन घोटाला : सिद्धारमैया के खिलाफ होगी लोकायुक्त जांच

बेंगलुरु, एजेंसी

- विशेष अदालत ने मांगी लोकायुक्त पुलिस से तीन महीने में रिपोर्ट

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस से जांच कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट के इस आदेश से एक दिन पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच कराने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखा था। इस मामले में एमयूडीए पर सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को 14 भूखंड आवंटित करने में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को जांच शुरू करने और 24 दिसंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### मैं जांच का सामना करने को तैयार: सिद्धारमैया

विशेष अदालत के आदेश पर सिद्धारमैया ने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मैंने पहले ही कहा है कि मैं जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। मैं जांच से नहीं डरता।

# वक्फ बिल पर 1.25 करोड़ फीडबैक, जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा सांसद बोले-आंकड़े चौंकाने वाले आईएसआई-चीन की हो सकती है भूमिका


भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति को मिले करीब 1.25 करोड़ प्रतिवेदनों को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इनके स्रोत की जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई है कि इतनी अधिक संख्या में आवेदन मिलने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और चीन की भूमिका हो सकती है।

दुबे ने समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को लिखे एक पत्र में कहा कि इस जांच के दायरे में कट्टरपंथी संगठनों, जाकिर नाइक जैसे व्यक्तियों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) व चीन जैसी विदेशी शक्तियों के साथ ही उनके छद्म प्रतिनिधियों की संभावित भूमिका भी शामिल होनी चाहिए। समिति के सदस्य और चार बार के लोकसभा सदस्य दुबे का कहना है कि इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है कि ये प्रतिवेदन कहां-कहां से आए हैं। दावा किया कि इतने ज्यादा प्रतिवेदनों का अकेले भारत से ही आना सांख्यिकीय रूप से असंभव है।

# तीन आईआईएम दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में

## एमबीए पाठ्यक्रम के लिए क्यूएस की वैश्चिक रैंकिंग में मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी



### 58 देशों के इंस्टीट्यूट शामिल

क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में 58 देशों के संस्थानों को शामिल किया गया है। क्यूएस रैंकिंग दुनिया के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए और मैनेजमेंट, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और सप्लाई चैन मैनेजमेंट में मास्टर्स सहित टॉप बिजनेस स्कूल की रैंकिंग तय करती है।

तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है। तीन आईआईएम हैं-आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता। तीनों प्रबंधन संस्थानों को रोजगार मुहैया कराने के लिए शीर्ष 50 में स्थान मिला है। चौदह भारतीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों ने 2025 के लिए क्यूएस की वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है, जिसमें तीन नए संस्थान शामिल हैं।

अमेरिका का स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ बिजनेस लगातार पांचवें वर्ष भी प्रबंधन स्थानों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 के तहत 58 देशों और क्षेत्रों के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए पाठ्यक्रम और मास्टर डिग्री का विश्लेषण किया गया है। इनमें प्रबंधन, वित्त, विपणन, बिजनेस एनालिटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री शामिल हैं। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि ये रैंकिंग वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा परिदृश्य में करियर-उन्मुख छात्रों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। टर्नर ने कहा कि भारतीय संस्थान आज के जटिल और गतिशील व्यावसायिक वातावरण में काम करने के लिए तैयार प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार और पूर्व छात्रों के प्रभाव के नजरिये से आईआईएम बैंगलोर, अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता का मजबूत प्रदर्शन शीर्ष-स्तरीय वैश्विक प्रतिभा को आकार देने की भारत की क्षमता को दर्शाता है।




## दिल्ली में अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेगें मुजीब साहिल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एनसीईआरटी नई दिल्ली की कार्यशाला में पीलीभीत के कवि मुजीब साहिल प्रतिभाग करेंगे। एनसीईआरटी ने मुजीब साहिल को नई दिल्ली में आमंत्रित किया है। कार्यशाला हिंदी पखवाड़ा के अन्तर्गत 26 व 27 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों से कवि व लेखक प्रतिभाग करेंगे। शिक्षक कवि सम्मेलन के तहत डिजिटल शिक्षा में राजभाषा हिंदी का बढ़ता प्रभाव शीर्षक पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।



## तहसील रोड पर गिरा बिजली का पोल

**बीसलपुर :** तहसील के मुख्य गेट के सामने लगा बिजली का पोल मंगलवार रात गिर गया। वह काफी समय से जर्जर हालत में था। कई बार दुकानदारों ने भी इसकी शिकायत की थी। मगर, अधिकारियों ने शिकायत को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया। पोल तहसील के मेन गेट के सामने गिर गया। जिससे बड़ा हादसा होने से बचा। रात की वजह से मार्ग पर चहलकदमी न के बराबर थी। सूचना पर पहुंचे कर्मचारियों ने पोल को रस्सी से बांधकर बिजली सप्लाई चालू कराई।

# डाक्टरों के लिए आसान है... इसलिए पेट पर चला देते हैं कैंची

### शासन का जोर सामान्य प्रसव पर, लेकिन जिले में लगातार बढ़ रहा है सिजेरियन प्रसव का ग्राफ, पिछले दो साल में 3443 से ज्यादा हुए

सौरभ सिंह, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शासन भले ही सामान्य प्रसव पर जोर दे, लेकिन यहां के सरकारी डॉक्टर माताओं की कोख पर धड़ाधड़ कैंचियां चला रहे हैं। सामान्य प्रसव में समय अधिक लगने पर डाक्टर सिजेरियन पर ज्यादा फोकस करते हैं।

मेडिकल कॉलेज और सीएमओ के अधीन सीएचसी और पीएचसी में सिजेरियन प्रसव के आंकड़ें तेजी से बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर चिकित्सकों के मुताबिक पौष्टिक आहार की कमी से सामान्य प्रसव में स्थिति गंभीर होने की आशंका जताते हुए कई बार परिजन ही सिजेरियन प्रसव का दबाव बनाते हैं। यह भी सिजेरियन प्रसव बढ़ने का एक मुख्य कारण है। बता दें, कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार सिजेरियन डिलीवरी की दर 15 फीसदी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। लेकिन सर्वे के आंकड़े बताते हैं कि शहर


जिला महिला अस्पताल का भवन।

- मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर इतने आरामपरस्त, रात में नहीं कराते प्रसव, निजी अस्पताल उठाते फायदा

के निजी अस्पतालों की तरह अब सरकारी में भी सिजेरियन का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। मेडिकल कॉलेज की बात करें तो यहां के डॉक्टर इतने आरामपरस्त हैं कि रात में ही प्रसव कराने पर जोर देते हैं।

इसका सीधे तौर पर निजी अस्पताल फायदा उठा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 3782 प्रसव हुए। इनमें 2430 नॉर्मल और 1352 सिजेरियरन हुए हैं। यानी कि कुल वित्तीय वर्ष 2023 में 36 फीसदी ऑपरेशन सिजेरियन दर्ज किए गए, जो काफी अधिक हैं। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 में सितंबर तक कुल 2209 प्रसव हुए हैं। इनमें 1240 सामान्य और 969 सिजेरियन हुए हैं। जोकि 43.86 फीसदी हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मानें तो सीएमओ के अधीन सीएचसी पीएचसी पर भी सिजेरियन प्रसव को ही वरीयता दी जा रही है।

यहां अब तक कुल 15299 प्रसव हुए हैं। इनमें 1122 प्रसव सिजेरियन ऑपरेशन किए गए। वहीं, निजी अस्पतालों में भी सिजेरियन प्रसव किए जा रहे हैं। जिस वजह से यह डेटा 60 फीसदी से भी अधिक हैं। हालांकि अफसर निजी अस्पताल के डाटा की पुष्टि नहीं कर रहे हैं।

### सी-सेक्शन का ट्रेंड क्यों बढ़ रहा है?

इस विषय पर दो महिला रोग विशेषज्ञों से बातचीत में कई पहलू सामने आए। एक सरकारी चिकित्सक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब भी सामान्य प्रसव को प्राथमिकता देती हैं, क्योंकि वह शारीरिक रूप से अधिक मजबूत संलग्न होती हैं, जिसमें उनमें नैचुरल बर्थ की संभावना अधिक होती है। दूसरी ओर निजी अस्पतालों में सिजेरियन प्रसव का बढ़ता चलन निजीकरण के कारण भी हो सकता है। कई बार डॉक्टर कॉम्प्लिकेशन का हवाला देकर सी-सेक्शन को प्राथमिकता देते हैं, ताकि मोटा बिल तैयार किया जा सके। तो वहीं निजी अस्पताल के डॉक्टर कुछ महिलाएं लेबर पेन से बचने के लिए सी-सेक्शन को चुनती हैं। हालांकि, इसके लिए वे ऑपरेशन के बाद होने वाली जटिलताएं, जैसे कि संक्रमण, ब्लीडिंग, और लंबी रिकवरी की समस्याओं को नजरअंदाज कर देती हैं। पोस्ट-ऑपरेटिव दिक्कतें सामान्य प्रसव की तुलना में अधिक परेशान कर सकती हैं। साथ ही कुछ परिजन भी लेवरपेन की वजह से ऑपरेशन करने की सहमति देते हैं।

> संस्थागत और सामान्य प्रसव कराने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए सभी को जानकारी दे दी गई है। कई बार सिजेरियन प्रसव के लिए परिजन ही बाध्य कर देते हैं। ऐसे में संख्या बढ़ सकती है। मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन से प्रसव के आंकड़े किस वजह से बढ़े हैं, इसको दिखवाया जाएगा। - **डॉ. आलोक कुमार** सीएमओ

### सिजेरियन के लिए गली-गली खुले अस्पताल

दरअसल, सिजेरियन प्रसव निजी अस्पतालों के लिए कमाई का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। निजी अस्पतालों में सामान्य प्रसव की दर बहुत कम हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग भी निजी अस्पतालों में हो रहे सामान्य व सिजेरियन प्रसव की सही स्थिति नहीं बता पा रहा। निजी अस्पतालों में हो रहे सिजेरियन प्रसव का डाटा छिपाया जाता है। जनपद में गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन प्रसव के लिए मैटरनिटी होम की तादाद काफी बढ़ गई है। शहर से लेकर ब्लाकों तक बड़ी संख्या में फर्जी अस्पतालों में सिजेरियन प्रसव कराए जा रहे हैं, जिसका डाटा स्वास्थ्य विभाग से अछूता है। इनमें से कई अस्पतालों में वैध डॉक्टर व प्रशिक्षित स्टाफ भी मौजूद नहीं, जिस कारण अक्सर गलत इलाज व जच्चा-बच्चा की मौत के मामले सामने आते रहते हैं।

### ऑपरेशन के नाम पर चलता है खेल

मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में आपरेशन के नाम पर वसूली का खेल भी चलता है। बीते दिनों जहानाबाद की एक महिला का प्रसव और बेड देने के नाम पर रुपये मांगने का आरोप लगा चुका है। साथ ही इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। इस पर काफी बवाल मचा था। लेकिन कार्रवाई शून्य रही। इसी तरह रात्रि के समय आने वाले प्रसव केसों को डॉक्टरों बिना चेकअप के ही रेफर कर देते हैं। इस वजह से उन्हें निजी अस्पताल की ओर से रुख करना पड़ता है।

## आठ हजार बच्चों को लगेगा डिप्थीरिया से बचाव का टीका

**पूरनपुर, अमृत विचारः** डिप्थीरिया का टीकाकरण अभियान आज से शुरु होगा। अभियान के दौरान लगभग आठ हजार बच्चों को टीके लगेंगे। पूरनपुर क्षेत्र में डिप्थीरिया के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग गुरुवार से विशेष टीकाकरण अभियान चलाएगा। इसकी तैयारियां विभाग ने पूरी कर ली है। यह टीकाकरण अभियान सभी स्कूल और मदरसों आदि में चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 90 टीमें गठित की हैं। अभियान के दौरान कक्षा एक, पांच और दस के बच्चों को डिप्थीरिया गलाघोटू से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा। 26 सितंबर से शुरु होने वाला यह अभियान सात सितंबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान करीब आठ हजार बच्चों को टीका लगाया जाएगा। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आलमगीर ने बताया कि टीकाकरण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। बुधवार और शनिवार को रुटीन टीकाकरण चलेगा। उसमें भी डिप्टीथीरिया से बचाव का टीका लगाया जा रहा है।

# इस बार जिले में 24 लाख क्विंटल होगी धान खरीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- धान खरीद के लिए 135 क्रय केंद्र प्रस्तावित, पहली अक्टूबर से शुरू होगी खरीद

**अमृत विचारः** जनपद में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी। शासन ने इस बार 24 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य दिया है। जिसके सापेक्ष लक्ष्य आवंटन कर दिया है।

शासन स्तर से दिशा निर्देश मिलने के बाद प्रशासन की ओर से धान खरीद की तैयारियां तेजी से शुरू हो चुकी हैं। बीते पांच सितंबर से ही स्थानीय मंडी समिति परिसर में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। शासन की ओर से इस बार 20 फीसदी क्रय केंद्र खोलने के आदेश हैं। धान खरीद के लिए जनपद में अलग-अलग क्रय एजेंसियों के 135 केंद्र प्रस्तावित किए हैं। जबकि पिछले सीजन में 161 केंद्रों के माध्यम से जनपद में धान खरीद की गई थी। इधर, इस बार जिले में 24 लाख क्विंटल धान खरीद की जाएगी। शासन से मिले लक्ष्य को हासिल करने के लिए खरीद करने वाली क्रय एजेंसी खाद्य विभाग, पीसीएफ, यूपीएसएस, पीसीयू एवं भारतीय खाद्य निगम को एजेंसीवार लक्ष्य आवंटित कर दिया है। इस संबंध में डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पहली अक्टूबर से धान खरीद की जाएगी। शासन की ओर से धान खरीद का लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। संबंधित क्रय एजेंसियों को एजेंसीवार लक्ष्य आवंटित करते हुए जिला प्रबंधकों को लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने के निर्देश दिए हैं।

## विदेश भेजने के नाम पर एक करोड़ ठगे

**पूरनपुर, अमृत विचारः** विदेश भेजने के नाम पर पंजाब के एक युवक से एक करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी पूरनपुर क्षेत्र के बताए जा रहे है। पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पंजाब प्रांत के चंडीगढ़ के माखन मजरा निवासी बक्शी सिंह ने बताया पूरनपुर कस्बे के दो लोगों से उनकी बातचीत बेटे को विदेश भेजने के लिए हुई थी। एक व्यक्ति ने अपने बेटे के विदेश में होना बता अच्छा काम दिलाने का आश्वासन दिया। बक्शी सिंह ने बताया इसका सौदा एक करोड रुपए में तय हुआ। पीड़ित ने 81 लाख रुपए नगद और बाकी खाते में भेज दिए। कई महीने बीतने के बाद भी उसके बेटे को विदेश नही भेजा गया। मांगने पर रुपए भी वापस नहीं किए गए। पीड़ित बक्शी सिंह ने एसपी से शिकायत की है। मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वाशन मिला है।

# एमथ्रीएम फाउंडेशन के सहयोग से पीटीआर में संवेरगा वन जीवन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाली एमथ्रीएम फाउंडेशन अब पीटीआर के साथ मिलकर वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा समेत जंगल से जुड़े अन्य मुद्दों पर काम करेगी। बुधवार को फाउंडेशन की ओर से तीन साल के लिए ओएमयू साइन किया गया। इसको लेकर पीटीआर मुख्यालय पर बुधवार को प्रेसवार्ता की गई।

पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने फाउंडेशन की जानकारी देने के साथ उसके द्वारा भविष्य में किए गए जाने वाले कार्यो पर विस्तार से रोशनी डाली। एमथ्रीएम के प्रेसीडेंट डॉ. ऐश्वर्य महाजन ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से लद्दाख, उड़ीसा समेत देश के अन्य हिस्सों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका के विषय पर काम कर रही है। अब फाउंडेशन पीटीआर में वनजीवन कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसलिए पीटीआर से मिलकर एक एमओयू साइन किया गया है। कहा कि यह एक लांगटर्म प्रोग्राम है। जो बिहैवियर पर आधारित प्रोजेक्ट है। इसके तहत लोकल यूथ को तैयार करेंगे।


प्रेस कांफ्रेंस में एमथ्रीएम फाउंडेशन के डॉ. एश्वर्य महाजन, डीडी व अन्य।


डीडी को एमओयू फाइल सौंपते डॉ. एश्वर्य महाजन। ● अमृत विचार

- एमथ्रीएम ने पीटीआर के साथ तीन साल के लिए एमओयू किया साइन
- पीटीआर के संसाधनों समेत अन्य मुद्दों पर होगी सकारात्मक पहल

यूएस गर्वेमेंट सर्विस से सेवानिवृत हुए वॉलटियर ग्रुप के सदस्य पवन जैदगा ने कहा कि हमने देश से बहुत कुछ लिया है, अब उसे लौटाने की बारी है। नई पीढ़ी को इस प्लेनेट के बारे में सोचना होगा। बताया कि डीएफओ मनीष सिंह से संपर्क होने के बाद पीटीआर में इस पहल शुरूआत की गई है। इसके तहत संसाधनों की कमी को दूर करने के साथ वन और वन्यजीवों की सुरक्षा और मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने पर भी जोर दिया जाएगा।

### थर्मल ड्रोन समेत 78 सोलर लाइटों की मिलेग सौगात

एमथ्रीएम फाउंडेशन के प्रेसीडेंट ने बताया कि पीटीआर में रेस्क्यु व्हीकल की कमी की जानकारी मिली है। इस दिशा में फाउंडेशन प्रयास करेगा। इस दौरान उन्होंने रेस्क्यु व्हीकल के विकल्प के तौर पर दो माह के भीतर एक थर्मल ड्रोन देने की घोषणा की। फाउंडेशन की ओर से पीटीआर के वन चौकियों, वॉच टावर समेत संवेदनशील स्थानों पर 78 सोलर लाइटें लगवाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा फील्ड स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 50 मेडिकल किट मुहैय्या कराने की बात कहीं गई।

# हर नागरिक को होनी चाहिए संविधान की धाराओं की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** उपाधि महाविद्यालय में बांसुरी संस्कृत क्लब के तत्वाधान में लोक गायन एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें निर्णायक मंडल में उमा मलिक, डॉ.अनुपमा पांडे और अनीशा सिंह रहे। लोक नृत्य में सीता लोधी प्रथम, मुस्कान बिष्ट द्वितीय, अनुष्का तृतीय स्थान पर रही। अक्षरा, यशिता, दीक्षा को सांत्वना पुरस्कार दिया। इसी तरह लोक गायन में हसमुख लोधी प्रथम, अंशिका गंगवार व राधा देवी द्वितीय और संगीता मौर्य तीसरे स्थान पर रही। गौरी, रौनक और तृप्ति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इसके बाद महाविद्यालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज सुनील कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि हर भारतीय नागरिक को संविधान की धाराओं के विषय में जानकारी रखनी चाहिए। भारतीय संविधान की धारा 15 एवं धारा 32 के विषय में विस्तार से चर्चा कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जा रही निशुल्क सेवाओं के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि लीगल काउंसलर सुमन गुप्ता ने छात्राओं को कैंसर के बारे में जानकारी दी। कहा कि कैंसर तीन प्रकार के होते हैं। कैंसर का समय रहते इलाज करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ.कीर्ति सिंह ने कहा कि कैंसर जैसी बीमारी से हमें सावधान रहना चाहिए। समय से उसका इलाज करने के लिए जागरूक होना चाहिए। संचालन राजनीति शास्त्र विभाग के प्रोफेसर विपिन कुमार नीरज ने किया। इस मौके पर प्राचार्य दुष्यंत कुमार, डॉ.अनुपम कुमार, मदन कुमार वर्मा, डॉ.दिवाकर सिंह, डॉ.अनुपम कुमार पांडे आदि मौजूद रहे।



विधिक साक्षरता कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।


कार्यक्रम में मौजूद बांसुरी संस्कृत क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपाधि कॉलेज में किया गया कार्यक्रम
- बांसुरी संस्कृत क्लब की ओर से लोक गायन व नृत्य प्रतियोगिता कराई, कई पुरस्कृत

## पीलीभीत में लगे पराली से ईंधन बनाने का संयंत्र

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पराली से ईंधन बनाने का संयंत्र पीलीभीत में लगाने की मांग को लेकर किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक ने ज्ञापन में कहा कि पीलीभीत में किसानों की फसलों की पराली की उपलब्धता अत्यधिक है जोकि फसलों की कटाई के समय किसानों की समस्या बन रही है। अगर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन कंपनी के द्वारा पराली से ईंधन बनाने का संयंत्र पीलीभीत में स्थापित हो जाता है तो निश्चित रूप में पराली की बिक्री से किसानों को धन प्राप्त होगा। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पराली से बायोगैस प्लांट में बनने वाला ईंधन उपलब्ध हो सकेगा। इससे प्रदूषण भी कम होगा।

# अनहोनी की आशंका होने पर जंगल की तरफ टार्च लेकर दौड़े ग्रामीण

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** मवेशी चराने गया ग्रामीण देर शाम तक घर नहीं लौटा। अनहोनी की आशंका पर तमाम लोग उसकी खोज में जंगल में टार्च लेकर दौड़े। इस बीच अचानक उसके घर पहुंचने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

गांव चंदिया हजारा के हरेकृष्णा बुधवार को हरीपुर रेंज के धनारा कंपार्टमेंट में पशु चराने गए थे। शाम को घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता सातने लगी। कुछ देर बाद घर वापस नहीं लौटने की चर्चा गांव में फैल गई। वन्य जीव के हमले की आशंका पर बड़ी संख्या में ग्रामीण टार्च लेकर धनाराघाट कंपार्टमेंट में हरेराम को ढूंढने के लिए दौड़ पड़े।।कुछ देर बाद एक ग्रामीण दौड़ता हुआ गांव की तरफ आया। रोशनी पड़ने पर उसकी पहचान हरेकृष्णा के रुप में हुई तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।


जंगल से घर पहुंचा घबराया ग्रामीण।

- मवेशी चराने गया ग्रामीण भालू के पीछा करने पर घबराया
- ग्रामीण के घर पहुंचने पर परिजनों ने ली राहत की सांस

हरेकृष्णा ने ग्रामीणों को आपबीती बताई। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि हरेकृष्णा को जंगल में भालू ने दौड़ा दिया था। इससे वह भयभीत हो गया। जंगल में भागने के बाद वह अचानक रास्ता भटकर धनाराघाट मंदिर पहुंचा। उसके बाद सकुशल घर के रास्ते निकल गया।

### नवदिया दुर्जनपुर के पास दिखे हाथी

मैलानी रेंज के जंगल से निकले जंगली हाथी पिछले एक पखवाड़े से सेहरामऊ क्षेत्र में चहलकदमी कर रहे हैं। इससे दर्जनों किसानों की धान और गन्ने की फसल नष्ट हो चुकी है। लगातार हाथी क्षेत्र में आतंक मचाए हुए हैं। किसान खेतों में रहकर फसलों की रखवाली कर रहे है। बुधवार को हाथियों का झुंड नवदिया दुर्जनपुर और सेहरामऊ गांव के पास देखा गया। हालांकि हाथियों ने फसलों को अधिक नुकसान नहीं पहुंचाया। वह खेतों से गुजरते हुए जंगल की ओर चले गए। किसानों ने फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# रुड़की से गोमती उद्गम पहुंचे वैज्ञानिकों की टीम ने एकत्र किए पानी के नमूने

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गोमती नदी की धारा को सदानीरा बनाने की दिशा में लगातार काम चल रहा है। पूर्व में वैज्ञानिकों की टीम नदी के प्राकृतिक जल स्त्रोत खोज में आ चुकी हैं। इधर, बुधवार को राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की से आए दो वैज्ञानिकों ने गंगा मां गोमती नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचकर हैंडपंपों समेत आसपास क्षेत्र में 36 स्थानों पर पानी के नमूने लिए। इसकी रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी।

प्रदेश की पवित्र नदियों में शामिल गोमती नदी को उद्गम स्थल से सदानीरा बनाने के लिए जन सहयोग से कार्य प्रारंभ हुए थे। वहीं गोमती उद्गम स्थल की अविरल धारा बहाने को प्राकृतिक स्रोतों की स्थिति को पता लगाने के प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में करीब छह साल पहले नदी के प्राकृतिक जल स्रोतों को खोजने को रिमोर्ट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर लखनऊ से आए वैज्ञानिकों की टीम आदि गंगा मां गोमती नदी के उद्गम स्थल पर पहुंची थी और प्राकृतिक जल स्रोतों की जांच की थी। टीम में शामिल भू-वैज्ञानिकों का कहना था कि गोमती नदी तभी सदानीरा बन पाएगी, जब प्राकृतिक स्त्रोतों का जल नदी को मिलेगा। इसके बाद भी अलग-अलग संस्थानों की टीमों ने यहां पहुंचकर जांच की थी।


गोमती उद्गम स्थल पर पानी के नमूने लेती जल विज्ञान संस्थान की टीम।

- राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की से पहुंचे थे दो वैज्ञानिक
- आठ हैंडपंपों समेत आसपास के क्षेत्र से लिए 36 पानी के नमूने

इधर, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की से आई दो वैज्ञानिक बुधवार को आदि मां गंगा गोमती उद्गम स्थल पर पहुंचे। टीम में शामिल अनुपम त्यागी एवं नितिन सैनी से सबसे पहले मुख्य झील के अलावा परिसर क्षेत्र में लगे आठ हैंडपंपों से पानी के नमूने लिए। इसके बाद टीम ने गोमती ट्रस्ट से जुड़े निर्भय सिंह के साथ गोमती नदी क्षेत्र के आसपास इलाकों से भी तीन पानी के नमूनों को जांच के लिए इकट्ठा किया। 25 अन्य पानी के नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि पानी की स्थिति का पता लगाने के लिए नमूनों को संग्रहित कर संस्थान के लैब में परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

# 100 मीटर दौड़ में अजयदीप और अंकुर ने भरा फर्राटा


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- चक्का फेंक में पटनिया के परमिंदर लंबी कूद में देव कुमारी अव्वल

**अमृत विचारः** ब्लॉक बीसलपुर की संकुल स्तरीय परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें खांडेपुर, रसाया खानपुर, अमृता, कुशनी, अमरा करोड़ आदि संकुलों में खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गईं।

खंड शिक्षाधिकारी डॉ.हर्षित शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं को शुरू कराया। खांडेपुर संकुल की प्रतियोगिताएं कुंवर झनकार सिंह इंटर कॉलेज में हुईं। प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में शहबाजपुर के अजयदीप प्रथम,अहिरवाडा के दीपक द्वितीय और खांडेपुर के अनिकेत तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अहिरवाड़ा के अंकुर प्रथम,खांडेपुर के अमन द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में बरसिया की प्रियम प्रथम,अहिरवाड़ा की दीपा सिंह द्वितीय, खांडेपुर की शिवानी तृतीय स्थान पर रहीं।

किशनी में हुई लंबी कूद में गांव की ही देव कुमारी प्रथम,टियूलिया की अंशिका द्वितीय, परेवा की रोशनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालक वर्ग कबड्डी में परेवा विद्यालय प्रथम और बालिका वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय पटनिया ने बाजी मारी। बालक वर्ग खो-खो में सोरहा और बालिका वर्ग में खकुमा की टीम ने बाजी मारी। गोला फेंक में मानव प्रथम और गौरव दूसरे स्थान पर रहे। चक्का फेंक में पटनिया के परमिंदर प्रथम और अमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताएं खेल प्रभारी मुईन अहमद खां की देखरेख में सम्पन्न हुईं। कॉलेज प्रबन्धक भूपेंद्र सिंह , शिक्षक संकुल उमाचरण,रामरक्ष,रवि कुमार,सतेंद्र कुमार, आशुतोष अवस्थी, जयपाल, कृष्णपाल, सतेंद्र यादव, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### जूडो प्रतियोगिता में अक्षरा ने दिखाया दमखम



**बिलसंडा, अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों की प्रदेश स्तरीय 68 वीं जूडो प्रतियोगिता 2024 -25 का आयोजन मथुरा के किशोरी रमन गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुआ। जिसमें बरेली मंडल के जनपद पीलीभीत की ओर से अक्षरा कुशवाहा ने अंडर- 14 में 44 किलोग्राम भार वर्ग में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए लीग मैच व क्वार्टर फाइनल में प्रतिद्वंदियों को परास्त किया। हालांकि सेमीफाइनल नहीं जीत सकी। अक्षरा कुशवाहा कंपोजिट विद्यालय मीरपुर हररायपु में कक्षा आठ में अध्यनरत हैं। गांव-बबूरा निवासी अक्षरा के पिता संजीव कुशवाहा शिक्षामित्र हैं। माता जया कुशवाहा पूर्व प्रधान व ब्लॉक अध्यक्ष प्रधान संगठन रह चुकी हैं।अक्षरा कुशवाहा ने प्रदेश स्तर पर लगातार बीते दो वर्षों में कर्राटे में दो सिल्वर, ताइक्वांडो में गोल्ड और जूडो में दूसरी बार प्रतिभाग किया। बीईओ कैलाश पांडे, जिला क्रीड़ा सचिव राजेश शुक्ला ,बेसिक क्रीड़ा सचिव राजीव मिश्रा, विभा मिश्रा, फैजान अली, मनोज शर्मा, गोपेश शर्मा, शिव ओम पटेल आदि शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

# शासन से मांगी रिपोर्ट तब हुई गोवंश की सुध लेने की चिंता

संवाददाता, बिलसंडा

- करेली की वृहद गोशाला का जेडी ने निरीक्षण कर परखे हालात

**अमृत विचारः** शासन से रिपोर्ट मांगे जाने पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजकुमार ने बुधवार को गांव करेली की वृहद गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां मौजूदा वक्त में 236 गोवंश हैं।

पिछले दिनों डीएम संजय कुमार सिंह ने इस गोशाला का निरीक्षण किया था। संयुक्त निदेशक डॉ. राजकुमार ने गौशाला में मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदेव सिंह को समय-समय पर गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। गोशाला की बाउंड्री वॉल एवं गोवंश को पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए कैंपस में लगे सोलर पैनल मोटर को देखा। इधर, बता दें कि शासन स्तर से वृहद गोशालाओं की स्थिति पर रिपोर्ट तलब की है। इसी के चलते जेडी ने करेली की बृहद गौशाला का निरीक्षण किया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि गोशाला के हालात भले दुरुस्त हो लेकिन सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशुओं की दशा बदतर है। इससे किसान परेशान हैं। खेतों में रातभर जाग कर फसलों की निगरानी करनी पड़ रही है।

# कैंप में व्यापारियों ने बनवाए लाइसेंस

**पूरनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली रोड पर स्थित सिटी सेंटर में बुधवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सहयोग से शिविर लगाया गया। इसमें काफी संख्या में व्यापारी पहुंचे। खाद्य संबंधित नए लाइसेंस बनाए गए और पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण किया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनंत स्वरुप, नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, संयुक्त महामंत्री विजयपाल विक्की, युवा नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा, नगर महामंत्री रवि जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष सैयद जफर अली, सभासद अनुज गुप्ता मोना, आसिफ खान, श्याम सिंह, शिवम भारद्वाज, शिवम, मोहम्मद आसिफ अंसारी, संजीव, बृजेश शुक्ला, वैभव सक्सेना, सत्यम गुप्ता, प्रदीप जायसवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

**भूमि अधिग्रहण घोटाला : प्रस्तावित बरेली-सितारगंज हाईवे में घोटाला उजागर होने पर एसएलओ कार्यालय सतर्क**

# स्ट्रक्चर मामलों की जांच के बाद ही मिलेगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अफसर बोले- मुआवजा देने से पहले स्ट्रक्चरों को कराया जाएगा पुनर्मूल्यांक

**अमृत विचारः** बरेली-पीलीभीत-सितारगंज प्रस्तावित फोरलेन हाईवे घोटाला उजागर होने के बाद अब स्ट्रक्चर मामलों की गहनता से पड़ताल की जाएगी। पड़ताल में यदि स्ट्रक्चर का मूल्यांकन सही पाया जाता है तो उसके बाद ही संबंधित को मुआवजा दिया जाएगा।

बरेली- पीलीभीत-सितारगंज हाईवे के भूमि अधिग्रहण और मूल्यांकन घोटाला उजागर होने के बाद शासन के निर्देश पर द्विस्तरीय जांच कराई गई थी। जनपद की दो तहसीलों में हाईवे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहित की गई थी। इसमें सदर तहसील के छह गांव और अमरिया तहसील के 21 गांवों की जमीनें ली गई थीं। दो चरणों में हुई जांच के दौरान जनपद के 27 गांवों में से 21 गांवों में जांच की गई। इसमें 50 लाख से अधिक मुआवजे वाले प्रकरणों की जांच की गई। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है।

चूंकि जांच में सर्वाधिक मामलों में गड़बड़ी स्ट्रक्चर मामलों में पाई गई। ऐसे में अब जांच पूरी होने के बाद एसएलओ कार्यालय अब मुआवजा मामले में पूरी सतर्कता बरतेगा। बरेली से सबंधित अभिलेख आने के बाद अधिग्रहित भूमि के स्ट्रक्चरों की गहनता से पड़ताल की जाएगी।

भूमि अध्यापित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के मुताबिक अभिलेख आने के बाद स्ट्रक्चर वाले सभी छोटे-बड़े मामलों की एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट तैयार कर एनएचआई को भेजी जाएगी। उनकी जांच पड़ताल के बाद जिन स्ट्रक्चरों की रिपोर्ट ओके होगी, उसका संबंधित को मुआवजा दिया जाएगा। यदि जांच में मुआवजे की रकम मूल्यांकन से अधिक देना पाया गया तो इसकी जांच के बाद संबंधित को नोटिस भेज कर रिकवरी की जाएगी।

> मुआवजा वितरण मामले में पूरी सतर्कता बरती जाएगी। स्ट्रक्चर से संबंधित मामलों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट एनएचआई को भेजी जाएगी। जिन स्ट्रक्चर मामलों की रिपोर्ट ओके होगी, उनका संबंधित को मुआवजा दिया जाएगा। – **विजय वर्धन तोमर**, भूमि अध्यापित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट

### मुआवजे की आस में टकटकी लगाए बैठे हैं किसान

भूमि अधिग्रहण को लेकर सदर एवं अमरिया तहसील के 3342 किसानों को मुआवजा दिया जाना था। भूमि अध्यापित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के मुताबिक सदर तहसील में अब तक 92 फीसदी मुआवजा दिया जा चुका है, वहीं अमरिया में 71 फीसदी मुआवजा दिया जा चुका है। भूमि अधिग्रहण एवं स्ट्रक्चर मूल्यांकन में घोटाला उजागर होने के बाद एसएलओ कार्यालय से सभी अभिलेख बरेली मंगवा लिए गए थे, तबसे मुआवजा प्रक्रिया थमी चल रही है। ऐसे में मुआवजे से वंचित लोग मुआवजे की आस में टकटकी लगाए बैठे हैं।

# पुराने वाटर कूलर छह महीने में बेकार...14 फिर खरीदेंगे

## वित्तीय वर्ष 23.24 में लगवाए गए थे नगर पंचायत क्षेत्र में छह वाटर कूलर, एक पर खर्च किए गए 5.30 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**न्यूरिया नगर पंचायत का हाल**

- पानी की समस्या से क्षेत्रवासी परेशान, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान



न्यूरिया कस्बे के बाहर पार्क में लगे वाटर कूलर की टूटी टोटियां।



कूलर बंद होने के कारण गदंगी में लगे नल से पानी पीता ग्रामीण।

**अमृत विचार :** गर्मी में प्यास बुझाने लिए नगर पंचायत न्यूरिया क्षेत्र में एक साल पहले लगाए गए वाटर कूलरों पर करीब 30 लाख का बजट खर्च किया था। लेकिन इनकी गुणवत्ता इस कदर खराब रही कि लगने के कुछ समय बाद ही वाटर कूलर बेकार हो गए। आलम यह हैटोटी गायब है तो किसी की टैंक। खासबात तो यह भी है कि इनके मरम्मत कराने में नाममात्र बजट खर्च होना है, बावजूद इकनो ठीक कराने के बजाए 14 नए वाटर कूलर लगाने का प्रस्ताव पास करने के साथ ही आनन-फानन में टेंडर की प्रक्रिया शुरु कर दी गई। जोकि सीधे तौर पर 15वें वित्त आयोग से मिले बजट को ठिकाने लगाने की ओर इशारा कर रही है।

बता दें कि नगर पंचायत न्यूरिया में कुल आबादी 50 हजार से अधिक है। नए चेयरमैन से लोगों को काफी उम्मीदें थी। जो डेढ़ साल से अधिक समय पूरा होने के बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। नगर पंचायत की ओर से शुरुआती तौर पर सबसे पहले कस्बेवासियों को ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए छह वाटर कूलर लगाए गए थे। जिनका टेंडर एक साल पहले कराया गया था। यह कार्य बरेली की एक फर्म धर्मदास कंट्रक्टर को दिया गया था। एक वाटर कूलर पर करीब 5.30 लाख रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने आरोप है कि मानकों को दरकिनारे करते हुए वाटर कूलर स्थापित करा दिए। इन वाटर कूलर में दो न्यूरिया कस्बे के बाहर हाईवे पर बने पार्क में लगाए गए थे। ताकि यहां बने बस स्टैंड पर आने वाले राहगीरों को गर्मी से राहत मिल सके। इसके अलावा एक वाटर कूलर मोहल्ला ठाकुरद्वारा की ओर तो अन्य वाटर कूलर मेन बाजार में लगाए गए थे। जिनका विधिवत शुभारंभ किया गया था। कस्बेवासियों से वादा किया गया कि उन्हें हर मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाया जाएगा। मगर कस्बे के लोग बताते हैं कि यह वाटर कूलर लगने के कुछ माह बाद ही खराब होने शुरु हो गए। आलम यह है कि रोडवेज स्टैंड के बाहर लगे दो वाटर कूलर की टोटी टूटी पड़ी है। साथ ही तो किसी कूलर का पानी टैंक में काई जमा हो गई है। जिस वजह से पानी पीने योग्य नहीं है। बुधवार को अमृत विचार की टीम ने पड़ताल की, तो कस्बे के बाहर बस स्टैंड पर बिथरा के रामलाल बैठे दिखाई दिए। प्यास लगने पर वह पार्क में लगे वाटर कूलर के पास पहुंचे। तो वहां एक की टोटी नहीं थी। तो वह दूसरे स्थान पर पहुंचे। तो उसमें पानी नहीं आ रहा था। ऐसे में उन्हें मजबूरीवश प्यास बुझाने के लिए गंदगी में लगे एक नल से पानी पीकर उन्हें प्यास बुझाना पड़ी। वहां दुकानदारों से वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़े हैं। उन्हें ठीक नहीं कराया गया है।



कस्बे में ठंडे पानी के वाटर कूलर लगाए गए थे। लेकिन वह लंबे समय से बंद पड़े हैं। ठेला लगाते हैं। इसलिए मजबूरी घर से पानी लेकर आना पड़ता है। वाटर कूलर लगने के बाद सिर्फ दो माह से अधिक नहीं चले। इस समस्या पर चेयरमैन और ईओ का कोई ध्यान नहीं है। पानी सभी की जरुरत है। इसका समाधान करना चाहिए। – **इरशाद खान** मोहल्ला यार खां



नगर पंचायत के चेयरमैन बदलने के बाद भी कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। कस्बे में गदंगी के ढेर लगे हुए हैं। हर तरफ की सड़कें टूटी पड़ी है। कोई ध्यान देने वाला नहीं है। साल भर पहले लगाए गए वाटर कूलर में भी पानी नहीं आ रहा है। अधिकतर खराब पड़े हैं। उन्हें ठीक नहीं कराया जा रहा है। जोकि गलत है। – **अनिल कुमार**, न्यूरिया बस स्टैंड

### 76 लाख रुपये से लगेंगे 14 वाटर कूलर

कस्बे में भले ही पुराने वाटर कूलर को सुधारने के लिए कोई कवायद शुरु नहीं की गई हो। लेकिन नगर पंचायत की ओर से 15 वें वित्त आयोग की ओर से मिलने वाले बजट से कस्बे में 14 और नए वाटर कूलर लगाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। जिसका टेंडर 13 सितंबर को कर दिया गया है। जिसमें एक वाटर कूलर की कीमत 549 573 रुपये की कीमत का आकलन किया गया है। यानी कि 14 वाटर कूलर पर 76 लाख 94 हजार रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। हालांकि अभी निविदा आमंत्रित की गई है।

> पुराने वाटर कूलर को ठीक कराया जाएगा। नए वाटर कूलर का प्रस्ताव पास कर दिया गया है। जिसका टेंडर कर दिया गया है ।जल्द ही प्रक्रिया पूरी करने के बाद काम शुरु कर दिया जाएगा– **हरिपाल सिंह** ईओ नगर पंचायत न्यूरिया

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** बीमार विवाहिता को पति झाड़ फूंक कराने के लिए आजमगढ़ की एक दरगाह पर ले गया। जहां से वापस आते वक्त महिला रास्ते में ट्रेन में गिरकर मौत हो गई। मायके पक्ष ने बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार करने की बात कहते हुए हत्या का आरोप लगाया है।

बताते हैं कि शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र के गांव बाजपुर की रहने वाली माया देवी की भतीजी शिल्पी की शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया तालुके अजीतपुर बिल्हा के रहने वाले सतीश से हुई थी। परिजनों का कहना है कि शिल्पी लंबे समय से बीमार चल रही थी। उसे ससुराल वाले इलाज कराने के बजाय झाड़ फूंक कराने को आजमगढ़ की एक दरगाह पर ले गए थे। वहां से लौटते समय रास्ते में मंगलवार को ट्रेन से गिरकर वह घायल हो गई थी। इसके बाद ससुराल में उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल वालों पर आरोप है कि उन्होंने बिना मायके पक्ष को सूचना दिए ही विवाहिता का अंतिम संस्कार कर दिया। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# शौचालय मिला बदहाल सचिव का जवाब तलब



रमनगरा में सफाईकर्मी की शिकायत के बाबत ग्रामीणों से जानकारी लेते डीपीआरओ।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रमनगरा गांव के सफाईकर्मी की शिकायत भी झूठी निकली
- ग्राम मटैइयालालपुर में औचक निरीक्षण से खलबली

**अमृत विचारः** पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत मटैइयालालपुर में बुधवार को डीपीआरओ ने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय की टाइल्स धंसी मिलीं, वहीं सप्लाई पाइप टूटा मिला। शौचालय की सीट धंसी मिलने पर डीपीआरओ ने खासी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित सचिव का स्पष्टीकरण तलब करते हुए सामुदायिक शौचालय की सभी कमियों को दुरुस्त कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। डीपीआरओ पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत रमनगरा पहुंचे। यहां तैनात सफाई कर्मचारी की ओर से सफाई न करके खनन का कार्य किए जाने की शिकायत की गई थी। गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सफाईकर्मी के बाबत जानकारी की। ग्रामीणों ने बताया सफाई कर्मचारी रामऔतार प्रतिदिन सफाई का कार्य करता है। उसके खिलाफ की शिकायतझूठी और निराधार है। सफाईकर्मी के भाई का किसी से विवाद चल रहा है। जिस कारण उसकी रंजिशन शिकायत की गई है। डीपीआरओ सतीश कुमार का कहना है गांव मटइैया लालपुर के सामुदायिक शौचालय में निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर सचिव का जवाब मांगा गया है। रमनगरा के सफाई कर्मी की शिकायत जांच में झूठी पाई गई है

# मारपीट में घायल युवक ने दम तोड़ा, परिजनों ने जाम लगाया



भीड़ को समझाते कोतवाल अशोक पाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप, कार्रवाई के आश्वासन पर माने
- न्यूरिया क्षेत्र के पिपरिया अगरू में 22 सितंबर को हुई थी मारपीट, छह गिरफ्तार

**अमृत विचारः** मारपीट में घायल हुए युवक की दो दिन चले इलाज के बाद मौत ही गई। गुस्साए परिजन ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जाम लगाकर प्रदर्शन किया। करीब डेढ़ घंटे बाद सीओ ने पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिस पर परिजन शांत हुए।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया अगरू में 22 सितंबर को युवती को फुसलाकर ले जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। एक पक्ष से राजू वर्मा, कोमल प्रसाद, भूपेंद्र, कमला देवी, विषपाल, महेशपाल और भूपेंद्र कुमार घायल हो गए थे। विषपाल की हालत गंभीर होने पर परिजन ने उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार शाम उसकी बरेली के अस्पताल में ही इलाज के दौरान मौत हो गई। बरेली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। बुधवार को शव घर पहुंचते ही भीड़ जमा हो गई। गुस्साए परिजन ग्रामीणों संग गांव के बाहर टनकपुर हाईवे पर आ गए और जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इसकी सूचना मिलने पर सीओ सदर विधि भूषण मौर्य, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

परिजन से वार्ता कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। हालांकि इस दौरान भीड़ से अफसरों की नोंकझोंक भी हुई। न्यूरिया इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि आरोपी धर्मपाल, कुंवरसेन,तेजराम, शेर सिंह, नन्हेंलाल उर्फ प्रेमपाल व बुद्धसेन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गैर इरादतन हत्या की धारा पूर्व में दर्ज एफआईआर में बढ़ाई जाएगी।

### पिता-पुत्र से मारपीट मामले में रिपोर्ट

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम चकपुर ताल्लुके घुंघचिहाई के मुकेश कुमार पुत्र मेवाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके खेत पर लगे पेड़ों के वह और उसके चाचा बराबर के साझेदार हैं। 22 सितंबर को चाचा ने आधे हिस्से के पेड़ काट लिए। इसके बाद पीड़ित ने अपने हिस्से के पेड़ काट लिए। इसी बात पर गुस्साकर चाचा व उनके परिवार वाले गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। बचाने आए बेटे मुकेश को भी पीटा। पुलिस ने आरोपी राममूर्ति, रवि, पुष्पेंद्र, केतकी देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



बैठक में मौजूद कुमार तनय वैश्य सभा के सदस्य। ● अमृत विचार

# वैश्य समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन पांच नबंवर को

संवाददाता, पूरनपुर

- कार्यक्रम को लेकर कुमार तनय वैश्य सभा ने की बैठक

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कुमार तनय वैश्य सभा की बैठक हुई। अध्यक्ष डा. दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज न केवल देश की प्रगति में अपना सहयोग प्रदान करता है। बल्किदेश में सबसे ज्यादा टैक्स जमा करता है।

डा. दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अगला राष्ट्रीय सम्मेलन पांच नबंवर को मुरादाबाद में होगा। इसमें देश भर के वैश्य समाज के लोग सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र छात्राओं, किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट योग्यता हासिल करने, कम समय में व्यापार में पहचान बनाने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन से पहले दो अक्टूबर को बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सचिव हर्ष गुप्ता, युवा के अध्यक्ष अमित गुप्ता, अंशु गुप्ता, राकेश गुप्ता, कपिल गुप्ता, अनंत गुप्ता, हरिश्चंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, नवीन गुप्ता, सभासद अनुज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही तो नहीं बरत रहे...डीएम ने मौके पर जाकर की जांच

**लंबित प्रकरणों पर जल्द सुनवाई कर निस्तारण के दिए निर्देश**

- एसडीएम एवं तहसील कोर्ट का भी किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पत्रावलियों का अवलोकन करते डीएम।



पौटाकलां गांव में नाले को देखते डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** डीएम ने सदर तहसील क्षेत्र के गांव पौटाकलां में पहुंचकर आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायतों के निस्तारण का मौका मुआयना किया। इसके बाद उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं तहसील कोर्ट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

डीएम संजय कुमार सिंह बुधवार को सदर तहसील क्षेत्र के गांव पौटाकलां पहुंचे। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर की गई दो शिकायतों के किए गए निस्तारण का मौका मुआयना किया। इस दौरान एसडीएम सदर महिपाल सिंह ने बताया कि गांव निवासी शिकायतकर्ता मोहम्मद साबर द्वारा तालाब गाटा संख्या 178 के कुछ अंश पर मोहम्मद रफीक एवं रियाज अहमद द्वारा दीवार बनाने की शिकायत की गई थी। जांच पड़ताल के बाद उक्त कब्जेदारों की दीवार को ढहवाकर भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि अवैध कब्जेदारों को दोबारा अवैध कब्जा न करने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा गांव निवासी शमशेर द्वारा नाले की सफाई करवाये जाने के संबंध शिकायत की गई थी। एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि नाला बंद होने की वजह से शमशेर के खेत में पानी भरा हुआ है। इस पर नाले की जेसीबी सफाई कराकर समस्या का समाधान करा दिया गया है।

इसके बाद डीएम ने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 03 वर्ष और 05 वर्ष से अधिक समय से लंबित पत्रावलियों का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की जल्द से जल्द सुनवाई कर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सदर महिपाल सिंह, तहसीलदार अर्चौ गुप्ता समेत लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# पति समेत चार ससुराल वालों पर एफआईआर

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव पचपेड़ा पुखा की भारती देवी ने बताया उसकी शादी आठ फरवरी 2022 को जनपद शाहजहांपुर के थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव कोठाखेतल के नंदराम के पुत्र जयप्रकाश से हुई थी।

पति जयप्रकाश, ससुर नंदराम, सास गीता देवी, देवर सचिन दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। दो लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी न होने पर 27 मार्च 2024 को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। किसी तरह वह मायके पहुंची। मायके वालों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। 12 मई को ससुराल वाले मायके आए और मारपीट की। पति की दूसरी शादी कराने की धमकी दी। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रोटेक्शन एक्ट समेत कई मांगों को लेकर वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर वकीलों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। शहर के अलावा बीसलपुर में भी एसडीएम को संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिलाधिकारी कार्यालय में दिए गए ज्ञापन में वकीलों ने बताया कि प्रदेश में आए दिन वकीलों की हत्या हो रही है।

सरकार वकीलों की मूलभूत आवश्यकता एवं सुरक्षा पर गंभीर नहीं दिख रही। इससे सुरक्षा को लेकर चिंता और भय व्याप्त है। विधि आयोग उत्तर प्रदेश में विचाराधीन अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के अलावा बैठने के लिए व्यवस्थित चैंबर, वाहन पार्किंग व्यवस्था, प्रदेश की योजनाओं में वकीलों को शामिल करने, सामूहिक बीमा योजना के तहत दस लाख रुपये एवं अधिवक्ता की मृत्यु पर दस लाख रुपये एवं अधिवक्ता की मृत्यु उपरांत मिलने वाली सामूहिक टर्म पॉलिसी के तहत 20 लाख रुपये की लाभकारी योजना से आच्छादित करने के अलावा राज्यसभा और विधान परिषद में वकीलों के लिए अधिकाधिक सीट आरक्षित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सिविल बार एसोसिएशन के महासचिव मोहन गिरि गोस्वामी, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह आदि थे।

### बीसलपुर में चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**बीसलपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के वकीलों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नागेंद्र पांडे को सौंपा। जिसमें कहा गया कि अधिवक्ता बगैर मानदेय के गर्मी ,सर्दी, बरसात में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपने न्यायिक कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ करते हैं। बावजूद आए दिन वकीलों की हत्या कर दी जाती है। प्रदेश के सभी वकीलों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विचाराधीन एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अभिलंब लागू करने के साथ ही आजादी के 78 वर्ष बीतने के बाद भी स्थाई चेंबर व स्थाई पार्किंग की व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज प्रकाश गुप्ता, राजाराम माथुर, नवीन सक्सेना, ओमपाल वर्मा ,योगेश चंद्र शर्मा, ज्ञान गिरी, सुभाष चंद्र, राजीव कुमार, देवेंद्र कुमार, वीरपाल मौर्य ,अंकित जायसवाल आदि थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया

## जयंती पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह आयोजित किए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। कई जगह कार्यक्रम कर उनका नमन किया गया। इसके अलावा भाजपा के नए सदस्य बनाए गए।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने प्रखर विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। उनके बताये मार्ग का अनुसरण करने की अपील की। जन सहयोग कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में कहा कि उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां सभी को समानाधिकार प्राप्त हो और गैर बराबरी का अंत हो।

अन्त्योदय का मूलमंत्र देते हुए कहा था कि सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बृजक्षेत्र (पिछड़ा वर्ग) विजय सिंह गंगवार, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, दीपू कश्यप, मनोज मिश्रा, शिव नरायन शर्मा आदि मौजूद रहे। इसके बाद राज्यमंत्री बरहा मण्डल में ग्राम रामनगर पहुंचे। वहां भी पंडित दीनदयाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के नए सदस्य भी बनाए। उधर, अमरिया में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बुधवार को अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह के कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई।

ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के नेता थे। वे एक प्रखर विचारक, कुशल संगठनकर्ता और एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने जीवनभर अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को प्राथमिकता दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, मंडल महामंत्री महेंद्र गंगवार, प्रधान परमिंदर सिंह उर्फ प्रिंस,चेतराम वर्मा, धर्मपाल वर्मा,जीवन लाल यादव, ईश्वरी प्रसाद आदि मौजूद रहे।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय का नमन करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

### आदर्श व्यक्तित्व के थे पंडित दीनदयाल



**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कस्बे में दीपू शुक्ला के प्रतिष्ठान पर मनाई गई। उनके बताए आदर्श एवं नीतियों का अनुकरण किया। इस मौके पर संजीव त्रिवेदी, ललित शुक्ला, वीर बहादुर, दिनेश यादव, भानू प्रताप सिंह, गुरु प्रसाद पाल, सुखपाल सिंह, आदर्श शुक्ला, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

### दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के थे दीनदयाल उपाध्याय



**मझोला :** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। वह एक मेधावी छात्र, संगठक लेखक, पत्रकार, विचारक, राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। वे सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में सबसे कमजोर और सबसे गरीब व्यक्ति की चिंता सदैव करते थे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ आचार्य सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को उनके जीवन परिचय के बारे में विस्तार से बताया। संचालन गजराज ने किया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय थे महान विचारक

**पीलीभीत :** सैदपुर गांव स्थित बालाजी आईटीआई में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के लोकसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार रहे। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। सदस्यता अभियान के तहत कई लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य विकास सक्सेना समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जन्मदिन



**मझोला, अमृत विचार :** भाजपा के बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद का 49 वां जन्मदिन बुधवार को मनाया गया। विधायक ने कार्यकर्ताओं संग केक काटा। कार्यकर्ताओं ने उनकी दीघार्यु की कामना की। विधायक ने अपने आश्रम परम अक्रिय धाम खमरिया पुल पर महिलाओं को साड़ी भी बांटी। पौधरोपण कर हरियाली का भी संदेश दिया। इस मौके पर नंदलाल, हरेंद्र, हरपाल वर्मा, चंदन लाल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### वर्तमान शिक्षा प्रणाली तकनीकी के बिना अधूरी



**बीसलपुर, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की समीक्षा बैठक हुई। उप शिक्षा निदेशक एवं डायट प्राचार्य महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली तकनीकी के बिना अधूरी है। इसलिए प्रधानाध्यापकों के साथ-साथ समस्त शिक्षकों को शिक्षण प्रक्रिया में तकनीकी को अपनाना होगा। खेलों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास संभव होता है। डीआईओएस डॉ. अचल कुमार मिश्रा ने समस्त प्रधानाध्यापकों से कहा कि शिक्षक समय के साथ बदलाव पर भी ध्यान दें। यूनिसेफ के जिला समन्वयक इरसाद ने संचारी रोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. अजय कुमार सक्सेना, शिवम मिश्रा, उमेश यादव, राजेश शुक्ला, सुरेश चंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन नोडल अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने किया।

### रोटरी मातृशक्ति ने गुरुजनों को किया सम्मानित



**पीलीभीत, अमृत विचार :** रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत की ओर से शिक्षक दिवस एवं हिन्दी दिवस का आयोजन हुआ। अध्यक्ष चारू धवन, चार्टर प्रेसीडेंट मोनिका बंसल, सेक्रेटरी मुनीता अग्रवाल ने क्लब मेंबर व अतिथियों का स्वागत किया। दिव्या मित्रा, अनीता जोशी, डॉ. सोनिया गोस्वामी, लक्ष्मीकान्त शर्मा, डॉ. प्रणव शास्त्री, संजीव पाराशरी, शिवम अग्रवाल, सुमन गुप्ता, सुनीता मलिक, अन्जू सक्सेना, नीना महेरोत्रा, सिद्धार्थ मिश्रा को क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। रोटेरियन नेहा भसीन, रिया सूरी, अन्जू सिंह ने संचालन किया। रूपाली अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, नीनू अग्रवाल, टीनू आहूजा, रचना आनन्द, शालिनी अग्रवाल, ममता छाबड़ा, संगीता अग्रवाल, आदिती जायसवाल, प्रिया जगोता, कंचन अग्रवाल, नेहा गोयल, कोमल अग्रवाल, भावना अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

### आज से शुरू होगा 139वां रामलीला महोत्सव



**पीलीभीत, अमृत विचार :** मोहल्ला तखान स्थित परमठ मंदिर में रामलीला महोत्सव कार्यक्रम विवरणिका स्मारिका का विमोचन बुधवार को समाजसेवी सौरभ सक्सेना ने किया। इस दौरान 139 वें श्री रामलीला महोत्सव की भव्यता, प्रचारता और विस्तार पर चर्चा की गई। सर्वराकार महंत ओमकार नाथ, संरक्षक केशव सक्सेना, भानु प्रताप सिंह, रमाकांत पांडेय, नरेश शुक्ला, संजीव शर्मा, अंशुमान मिश्र, अमरीश शर्मा अंबू, लोकेश आनंद, सुधीर पाल सिंह, अवनीश शर्मा, अमित जौहरी, संजय पांडेय, आयुष सक्सेना, आकाश कश्यप, सुभाष कुमार, शुभम भारद्वाज, निशांत तिवारी आदि मौजूद रहे। सर्वराकार महंत ओमकार नाथ शर्मा ने बताया कि 26 सितंबर को 139 वें श्री रामलीला महोत्सव की शुरुआत गणेश पूजन, शिव विवाह, नारद मोह और श्री राम जन्म लीला से होगा।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma — M.D., P.D.C.C. Critical Care, Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya — M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta — M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh — M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी.(साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशूल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only* Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065

कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध

डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442


डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# जिला प्रशासन ने अगर रवैया नहीं बदला तो जल्द किया जाएगा आंदोलन


पंचायत में मौजूद भाकियू भानु कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● भाकियू भानु ने पंचायत के बाद सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन भानु की मासिक पंचायत बुधवार को अमरिया तहसील में हुई। तहसील अध्यक्ष रामगोपाल प्रजापति ने इसकी अध्यक्षता की। पंचायत के बाद अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन एसडीएम को दिया।

जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि तहसील अमरिया में भ्रष्टाचार व्याप्त है। किसानों को एकजुट होने की आवश्यकता है। भ्रष्ट प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला तो भारतीय किसान यूनियन भानु आंदोलन करेगी। तहसील अध्यक्ष ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में पात्र परिवारों को आवास का लाभ नहीं मिल सका लेकिन इस बार भारतीय किसान यूनियन भानु अपने संघर्ष के माध्यम से पात्र परिवारों को आवास शौचालय की सुविधा मुहैया कराएगी। जिला महामंत्री अशोक राठौड़ ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ प्रशासन की ढीला हवाली के चलते पात्रों को नहीं मिल पाता है। तहसील अध्यक्ष पीलीभीत नंदकिशोर राठौर, बालमुकुंद प्रजापति, दौलत सिंह, रघुवर प्रजापति, वीरेंद्र गिरी, ओमप्रकाश मौर्य, सूर्य प्रकाश, निरंजन सिंह, प्रेमशंकर राजपूत, रामप्रसाद, सोनू यादव, डोरीलाल, ओंकार पाल,परमेश्वरी दयाल, शेर सिंह, पोशाकी लाल, युसूफ, नन्ही देवी,चमेली देवी, गोमती देवी आदि मौजूद रहे।

# रामनिवास हत्याकांडः अदालत ने दो दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

## तीन साल पहले थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बहादुरपुर में हुई थी वारदात

विधि संवाददाता, पीलीभीत

● स्पेशल जज एससीएसटी एक्ट महेशा नंद झा ने सुनाया फैसला

**अमृत विचारः** सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बहादुरपुर में तीन साल पहले हुए राम निवास हत्याकांड में अदालत ने दो दोषियों को उम्रकैद और प्रत्येक को 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने यह भी आदेश किया है कि जुर्माने की धनराशि से 75 प्रतिशत धनराशि वादिनी सुमन देवी को दी जाएगी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी मनीषा सिंह ने की।

फरवरी 2021 को रामनिवास को हत्या कर दी गई थी। उसका शव सड़क किनारे मिला था। पत्नी सुमन देवी ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि पति की घटना से एक-दो दिन पूर्व गांव के ही रामगोपाल और रामदयाल उर्फ दिल्ला से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। 28 फरवरी को सुबह दस बजे पति रामनिवास को किसी काम के बहाने से दोनों आरोपी अपने साथ बुलाकर ले गए। शाम तक जब पति वापस घर नहीं आए तो इन लोगों के घर जाकर पता कराया तब दोनों आरोपियों ने उसके बेटे को बताया कि तुम्हारे पापा जंगल में पड़े हैं। दोनों आरोपी बेटे को गांव से थोड़ी दूर एक खेत के पास लेकर पहुंचे तब वह पति की सड़क किनारे लाश पड़ी थी। सुमन के मुताबिक दोनों आरोपियों ने उससे कहा कि हम लुनिया जाति के लोग है। हमसे जो दुश्मनी करता है, उसका यही हाल करते हैं। यह कहकर दोनों आरोपी भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। विवेचना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। आठ सितम्बर 2021 को आरोपियों के खिलाफ आरोप विरचित किए। मामले की सुनवाई स्पेशल जज एससीएसटी एक्ट महेशा नंद झा की अदालत में हुई। जज ने आरोपी रामगोपाल और राम दयाल उर्फ दिल्ला को रामनिवास की हत्या का दोषी पाते हुए उम्रकैद और प्रत्येक को 30 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

### छेड़छाड़ के आरोपी को 4 वर्ष कैद, 11 हजार जुर्माना

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अपर सत्र न्यायाधीश बलात्कार एवं पॉक्सो अधिनियम छांगुर राम ने एक मामले की सुनवाई के बाद कोतवाली क्षेत्र के निवासी आरोपी गनेश पुत्र पुत्तूलाल को छेड़छाड़ करने का दोषी पाते हुए चार वर्ष कैद और 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। राज्य सरकार की ओर से पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित कुमार शुक्ल ने की। अभियोजन कथानक के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार उसकी पुत्री अपने घर के पीछे उपले उठा रही थी। तभी गांव का ही गनेश आया और पुत्री को जबरन कुछ दूरी पर खाली मकान में ले गया। वहां पर पुत्री से छेड़छाड़ की। पता लगने पर जब वादी मौके पर पहुंचा तो आरोपी वहां से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी गनेश को किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# बंदरों की गिराई कड़ी से घायल महिला की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** घर के बाहर बैठी महिला पर आपस में झगड़ा कर रहे बंदरों के झुंड ने लकड़ी की कड़ी गिरा दी। घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा महेश की रहने वाली 70 वर्षीय इंद्रो देवी पत्नी स्वर्गीय नत्थूलाल मंगलवार सुबह नाश्ता करने के बाद घर के बाहर बैठी हुई थी। इस दौरान बंदरों का झुंड पहुंचा और आपस में लड़ रहा था। इसी बीच दौरान बंदरों ने लकड़ी की कड़ी गिरा दी, जोकि महिला के ऊपर गिरी। जिससे महिला घायल हो गई थी। उसे बरखेड़ा के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से रेफर किए जाने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां इलाज के दौरान देर शाम महिला की मौत हो गई। शव को परिजन घर ले आए। पौत्र मुकेश कुमार ने बताया कि दादी के शव का अंतिम संस्कार बुधवार को कर दिया है।

# दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर दो अक्टूबर से

**बिलहरी, अमृत विचारः** नीलकंठ हॉस्पिटल के डायरेक्टर/प्रबंधक बलवंत सिंह ने बताया कि हास्पिटल में दो और तीन अक्टूबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर होगा, जिसमें लखनऊ के डॉक्टरों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर इलाज किया जायेगा। नई बाईपास रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थित हास्पिटल में दो दिवसीय परीक्षण शिविर में सभी रोगियों का निःशुल्क परीक्षण लखनऊ के कुशल डॉक्टर द्वारा किया जाएगा।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
VACANCY/REQUIREMENT

| Post/Profile | Minimum Educational Qualification and Experience |
|---|---|
| Coordinator / Assistant Director-Accreditation and International Relations | i) Master Degree in any Discipline with 10 years Teaching and Research or other relevant experience.ii) Ph.D/. Doctoral degree holder will be preferred. iii) In depth hand-on Experience in related work (NAAC-Accreditation/ NIRF /12-B/IQS Ranking etc.) for any university./ HEIs / Research Establishment iv) Experience of International Relations for University/HEIs / Research Establishment (MoU/ Collaborations/Consultancy / FRRO ) |
| Deputy Registrar (Academics & Administration) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 6-7 Years Experience as Assistant Registrar or its equivalent in teaching/administrative post in University/HEIs /Research Establishment. iii) Thorough knowledge of University Establishment regulations/GovernanceSystem /Recognition and Accreditations. |
| Assistant Registrar ( Academics) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 5-7 years Teaching/administrative Secretarial work or its equivalent in University / HEIs / Research Establishment/ any other organisations.iii) Fully awareness of University Establishment / Governance System.iv) Proficient in Computer operations. |
| Examination Assistant | I) Minimum Graduate Degree in any Discipline. (BCA / MCA will be preferred) ii) Proficient in Computer Operation. MS Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 year of University Examination system. |
| Computer Operator/ Admin. Assistant | i) Minimum Graduate Degree in any Discipline ii) Proficient in Computer operations, MS-Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 years/Freshers may also apply. |

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly -243006 ( U.P)
Resume may be sent within 15 days from the date of Advertisement at : registrar@biu.edu.in Whattsapp: 9799527611
Applicants may also submit their updated Resume online at : www.biu.edu.in/career

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# मंडलायुक्त ने दोषी अधिकारी और कर्मचारियों के नाम भेजे

बरेली कार्यालय

● बरेली-सितारगंज हाईवे प्रकरण में शासन स्तर से होगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** 71 किलोमीटर लंबे बरेली-सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने, रिंग रोड के लिए में भूमि अधिग्रहण और परिसंपत्ति के मूल्यांकन में एनएचएआई ने 50 करोड़ का घोटाला पकड़ा था। एनएचएआई की जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन पीडी बीपी पाठक, आरओ को निलंबित किया जा चुका है।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से गठित मंडलीय कमेटी ने पीलीभीत में 58.91 और डीएम रविंद्र कुमार की ओर से सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने बरेली के सदर, नवाबगंज, सरनिया में भूमि अधिग्रहण, स्ट्रक्चर के मूल्यांकन में 51.52 करोड़ का घपला पकड़ा था। कुल 80.43 करोड़ की धांधली पकड़ी जा चुकी है। सीडीओ की रिपोर्ट में अधिकारी-कर्मचारी दोषी पाए गए थे। डीएम की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर लोक निर्माण विभाग के पांच लोगों को निलंबित किया जा चुका है। इधर, बुधवार देर रात मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के नाम तय कर दिए गए हैं। इनमें शिथिल पर्यवेक्षण के लिए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी रहे सेवानिवृत्त सुल्तान अशरफ सिद्दीकी, सिटी मजिस्ट्रेट बरेली के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के चार्ज पर रहे मदन कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के चार्ज पर रहे राजीव पांडेय, एडीएम न्यायिक के साथ ही विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी आशीष कुमार की भूमिका संदिग्ध पाई गई है।

# वाहन चेकिंग के दौरान गिरे बाइक सवार, लगाए आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचारः** वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस पर धक्का देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। घायलों को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। पुलिस ने खुद पर लगाए गए आरोपों को गलत बताया है। घटना के चलते नौगवां चौराहा पर खलबली मची रही।

● पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती, मची खलबली

घटना बुधवार दोपहर की है। यातायात पुलिस नौगवां चौराहा पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर ट्रिपल राइडिंग कर रहे युवकों पर नजर पड़ी। पुलिस कर्मी युवकों को रोकने के लिए आगे बढ़े। इस दौरान बाइक फिसल गई। जिससे तीनों युवक जमीन पर गिर गए। इस दौरान दो युवकों को मामूली चोट आ गई। पुलिस ने तीनों को उठाया। बाइक चालक ने खुद को नौगवां पकड़िया का रहने वाला दिनेशपाल बताया। जबकि उसके साथ अवनीश और गुड्डू थे। इस दौरान युवकों ने पुलिस पर धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया। कुछ लोग जमा हो गए और हंगामा भी चला। फिर पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। उधर, यातायात पुलिस के सुभाष चौधरी ने बताया कि चेकिंग के दौरान बाइक फिसलने से युवक गिर गए थे। पुलिसकर्मियों पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## सार-संक्षेप

### सिंगल यूज प्लास्टिक का न करें इस्तेमाल



**मझोला** : एक बार फिर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए लोगों को जागरूक करने की मुहिम शुरू की गई है। हालांकि अभी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। बुधवार को नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के अधिशासी अधिकारी हरिपाल गंगवार ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दुकानों पर जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की गई। प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को भी बताया गया। इस मौके पर नगर पंचायत लिपिक बैजनाथ यादव, चन्दन कुमार, राकेश कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्लोबल वार्मिंग के प्रति किया जागरूक



**अमरिया** : कंपोजिट विद्यालय भगा मोहम्मदगंज के बच्चों ने ग्रामीणों को जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से हो रहीं दिक्कतें बताने के साथ ही जल संरक्षण, पौधरोपण और ऊर्जा को संरक्षित करने का आह्वान किया। इस दौरान गांव के युवाओं के साथ जागरुकता रैली भी निकाली। कहा अगर हमें जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग से बचना है तो जल का संरक्षण करना होगा। अधिक से अधिक पौधे रोपित करें और ऊर्जा की बचत की जाए। सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। शिक्षक खेम पाल सिंह ने भी विचार रखे। इस मौके पर ग्राम प्रधान ओमप्रकाश, कालीचरन, द्वारिका प्रसाद, प्रेम शंकर, विजयपाल, चरनजीत, नेमचंद, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी कराई



**पीलीभीत** । प्राथमिक विद्यालय तखान में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में नगर क्षेत्र के बीईओ सुनील कुमार पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने-अपने बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति विद्यालयों में सुनिश्चित कराएं। विद्यालयों में बच्चों को पूर्ण यूनिफॉर्म में भेजें। उन्होंने कहा कि जब प्राइमरी स्कूल में बच्चा पढ़ना लिखना सीख लेता है। तब अभिभावक अपने बच्चों के नाम प्राइवेट विद्यालयों में लिखवा लेते हैं। जोकि पूर्णतया गलत एवं नियम विरुद्ध है। अनुरोध किया गया कि सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों को सरकारी संस्थानों में ही पढ़ने दे प्राइवेट विद्यालयों में ना भेजें। सरकारी संस्थानों में ही अध्यापक पूर्ण रूप से प्रशिक्षित एवं अनुभवी होते हैं। प्राइवेट विद्यालयों में प्रत्येक वर्ष अध्यापक बदल दिए जाते हैं। बैठक में प्रधानाध्यापक रंजना, सहायक अध्यापक नाजिया बेगम शमसी, शिक्षामित्र रवि प्रकाश गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, उपस्थित रहे।

## दीवार में सेंध लगाकर जेवर नगदी, मोबाइल चोरी

**संसारपुर, अमृत विचार** : ग्राम भगतपुर निवासी रोहित कुमार ने बताया मंगलवार रात घर की दीवार में सेंध लगाकर घर में घुसे चोर एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन, सोने की चैन सहित पांच हजार रुपए नगद, दो बक्से चोरी कर लिए। सुबह आंख खुली तो खोजबीन के बाद घर से कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में एक खाली बक्सा पड़ा मिला। पुलिस को तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

# चुनाव निष्पक्ष कराने को लेकर सपा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सपा का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मिला। उन्हें एक ज्ञापन देकर सरकारी गन्ना विकास समितियों की प्रबंध कमेटी का चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराए जाने की मांग की।

सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल डीएम कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व एमएलसी शशांक यादव, अनुराग पटेल, तृप्ति अवस्थी, पूर्व विधायक रामसरन, अंसार महमूद आदि थे।

प्रतिनिधि मंडल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात की और भाजपा नेताओं पर निष्पक्ष तरीके से चुनाव न संपन्न होने देने और अराजकता फैलाने की आशंका जताई। साथ ही पांच सूत्रीय मांगपत्र पत्र सौंपा। ज्ञापन में चुनाव अधिकारी व सह अधिकारियों को समय से चुनाव कक्ष में पहुंचने, सत्ता पक्ष व विपक्ष के जनप्रतिनिधि को चुनावी परिसर में जाने से रोकने और चुनावी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराए जाने की मांग की।

### नामांकन में मोबाइल वर्जित, अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश

**मैगलगंज, अमृत विचार** : स्थानीय गन्ना समिति पर निर्वाचन अधिकारी रेनू मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। उन्होंने कहा कि नामांकन में मोबाइल ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके साथ ही अधिकृत लोग ही नामांकन परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। बता दें कि सहकारी गन्ना समितियों के प्रबंध कमेटी गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो रही है। नामांकन कक्ष के भीतर केवल प्रत्याशी, प्रस्तावक और अनुमोदक प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन परिसर के भीतर मोबाइल भी वर्जित रहेगा। बैठक में एसडीएम विनीत उपाध्याय, सीओ मितौली भी मौजूद रहे।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

# चेयरमैन ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाया, बनाया जाएगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

संवाददाता, बिलसंडा


कमल पार्क के सामने जमीन खाली कराए जाने के दौरान लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर के कमल पार्क तिराहे के समीप जिस जगह पर बसपा नेता का दो दशक से अवैध कब्जा था, उसे बुधवार को नगर पंचायत प्रशासन ने न केवल बुलडोजर चलवाकर कब्जा मुक्त करा लिया, बल्कि अब उसी जगह पर नगर पंचायत प्रशासन शॉपिंग कंपलेक्स बनवाएगा। राजनीति में वक्त कब बदल जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

बसपा सरकार में कद्दावर नेताओं में शुमार रहे एक वरिष्ठ नेता के करीबी को जिला पंचायत की बेशकीमती पुरानी देसी शराब दुकान की बिल्डिंग का एलॉटमेंट करा दिया गया था। वर्ष 2007 में चेयरमैन रहीं बीना रानी गुप्ता का कार्यकाल समाप्त होने के अगले ही दिन तत्कालीन एसडीएम ने कमल पार्क तिराहे के उत्तर में स्थित जगह का अतिक्रमण हटवाकर जब दुकानों का निर्माण कराया था, तो वह संबंधित बसपा नेता की बिल्डिंग के सामने की जगह पर दुकानें बनवाना चाहते थे। बताते हैं कि राजनीतिक दबाव में कामयाब नहीं हो सके। जबकि नगर पंचायत की जमीन थी। तब से अभी तक उस जगह पर बसपा नेता के करीबी का ही कब्जा रहा। बताते हैं कि विगत वर्षों में उसी जगह पर एक व्यक्ति ने अस्थाई रूप से सब्जी की दुकान लगा रखी थी। जिससे वह कई वर्षों तक किराया भी वसूलते रहे, लेकिन किसी बात पर अनबन हो जाने पर उन्होंने तत्कालीन एसडीएम से मिलकर उस सब्जी विक्रेता की दुकान को बुलडोजर से ही तहस-नहस करा दिया था।

अब वक्त ने ऐसी करवट बदली कि बुलडोजर का सहारा लेकर चेयरमैन डीके गुप्ता ने संबंधित जगह को न केवल खाली करा लिया, बल्कि शॉपिंग कंपलेक्स भी यहीं बनवाया जाएगा।

# चार लाख नहीं मिले तो विवाहिता को पीटा

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को ससुरालियों ने घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम केशौपुर की गायत्री देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी नौ माह पूर्व शाहजहांपुर जनपद के बंडा थाना क्षेत्र के गांव बौठा जमालपुर निवासी महेश पुत्र जितेंद्र प्रसाद से हुई थी। आरोप है कि पति एवं अन्य ससुराल वाले आए दिन अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। 23 सितंबर की सुबह ससुराल वाले एवं अन्य रिश्तेदारों ने चार लाख रुपये दहेज के लाने का दबाव बनाया और मांग पूरी न होने पर मारपीट की। पति ने गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। इसके बाद घर के बाहर फेंक दिया। पुलिस ने मामले में पति महेश, महेश्वरी देवी, रूबी देवी, गुमता देवी, छोटेलाल समेत नौ पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



**डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी**
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

**मिलने का समय**
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमेंशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



**संवेदना क्लीनिक**
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



# सैक्स रोगी मिलें

**सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान**



**डॉ. रफीक**
समय-रोजाना प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

**ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।**

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



**ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान**
**कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)**




**धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता** के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

**यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है**
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
**आरोग्य सदन बरेली**
9837007202


# महिला अस्पताल में पलिया से मंगाई अल्ट्रासाउंड मशीन

## अमृत विचार की खबर का असर : डीएम की पहल पर गर्भवतियों को आज से फिर मिलेगी जांच की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** डीएम की पहल पर बृहस्पतिवार यानि आज से महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच होने लगेगी। जिला स्वास्थ्य समिति में पड़ी फटकार के बाद हरकत में आए जिम्मेदारों ने पलिया सीएचसी की अल्ट्रासाउंड मशीन मंगवाकर महिला अस्पताल में लगवा दी है। इस बीच महिला अस्पताल की खराब मशीन को ठीक करने के लिए लखनऊ से इंजीनियर भी आ गए। मगर, दुरुस्त करने में असफल रहे। इससे गर्भवती महिलाओं को महिला अस्पताल में नि:शुल्क जांच की सुविधा मिलने लगेगी।

महिला अस्पताल की अल्ट्रासाउंड मशीन करीब 20 दिन पहले खराब हो गई थी, जिसे ठीक करने के लिए सीएमएस ने निर्धारित लखनऊ की कंपनी को पत्राचार किया था। मगर, मशीन का पार्ट न मिलने की वजह से गर्भवती महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अमृत विचार ने 24 सितंबर को महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने से गर्भवतियों की जांच ठप शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। यह मुद्दा भी उठाया था कि महिला चिकित्सक द्वारा जांच के लिए लिखे जाने पर गर्भवतियों को निजी सेंटरों पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 800 से 1000 रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

> अल्ट्रासाउंड मशीन ठीक करने के लिए लखनऊ से इंजीनियर आए थे, लेकिन मशीन ठीक नहीं कर सके। हालांकि पलिया सीएचसी की अल्ट्रासाउंड मशीन आ गई है। इससे बृहस्पतिवार से महिलाओं को जांच की सुविधा महिला अस्पताल में मिलने लगेगी।
>
> -डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, सीएमएस महिला अस्पताल

### खराब मशीन ठीक करने को टेक्नीशियन भी पहुंचे

गर्भवती महिलाओं को होने वाली दिक्कतों पर प्रकाशित खबर का डीएम ने संज्ञान लेकर मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाते 24 घंटे में जांच की सुविधा शुरू कराने के निर्देश दिए। इसके बाद हरकत में आए सीएमओ ने पलिया सीएचसी की अल्ट्रासाउंड मशीन को मंगवाकर महिला अस्पताल में बुधवार को शिफ्ट करा दिया। उधर, डीएम की चेतावनी के बाद निर्धारित कंपनी के लोग भी अल्ट्रासाउंड मशीन ठीक करने के लिए महिला अस्पताल पहुंच गए। मगर, देर शाम तक टेक्नीशियन मशीन दुरूस्त करने में असफल रहे।


जिला अस्पताल में युवती के कान का ऑपरेशन करते सर्जन डॉ. मनोज शर्मा।

## जिला अस्पताल में कान के पर्दे का बिना चीरा लगाए ऑपरेशन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार** : जिला अस्पताल के ऑपरेशन कक्ष में बुधवार को ऑपरेशन कर कान के पर्दे को रिपयेर किया गया। वह भी बिना चीरा लगाए। कान की समस्या से ग्रसित युवती का ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा ने किया। जिला अस्पताल में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन हुआ, जो सफल रहा। ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा में बताया कि बिना चीरा लगाए कान के पर्दे का ऑपरेशन एंडोस्कोपी द्वारा किया जाता है। यह सर्जरी कॉस्मेटिक तरीके से की गई है। इसमें कान के ऊपर दिखने वाला चीरा नहीं लगाया गया है। उन्होंने बताया कि यह एक जटिल प्रक्रिया है। इसमें कान की कार्टिलेज (कान के अंदर की मुलायम हड्डी) को बाहर निकाला गया और फिर मेंब्रेन (परदे की झिल्ली) निकाल कर पर्दे की सर्जरी की गई। इसके लिए मरीज के कान में एनेस्थीसिया दिया गया। ऑपरेशन टीवी स्क्रीन पर देखकर कैमरे की मदद से करीब दो घंटे तक चला। वहीं मरीज ने भी टीवी स्क्रीन पर ऑपरेशन की प्रक्रिया को स्वयं देखा। सर्जन ने बताया कि इस तरह के ऑपरेशन में मरीज को ज्यादा दिन तक भर्ती रखने की आवश्यकता नहीं रहती। इस दौरान जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके कोली एवं एनेस्थीसिया डॉ. अरविंद दीक्षित सहित स्टाफ नर्स रेखा सैनी, रेशमा वर्मा आदि मौजूद रहीं। उधर, कान के सफल ऑपरेशन को लेकर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आर्य देश दीपक ने टीम को बधाई दी है।

**कॉस्मेटिक तरीके से युवती के कान की सफलता पूर्वक हुई सर्जरी**

# जयपुरिया की टीम ने गोयनका को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय क्लस्टर चतुर्थ बास्केटबॉल के दूसरे दिन खिलाड़ियों के मध्य गजब का उत्साह और जोश नजर आया। विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कोर्ट नंबर 3 पर हुए संघर्ष पूर्ण मैच में एआर जयपुरिया लखनऊ अंडर-19 बालिका वर्ग की टीम ने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल लखनऊ को (18-12) अंकों से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया। जयपुरिया की नित्या ने अपनी टीम के लिए 10 अंक हासिल किए।

अगली श्रृंखला में कोर्ट नंबर दो में डीपीएस रायबरेली रोड लखनऊ अंडर 17 बालक वर्ग में एलपीसी गोमती नगर को (20-14) अंकों से हराया। कोर्ट नंबर दो पर अंडर-19 बालक वर्ग ने सेठ आनंद राम लखनऊ ने सेंट जॉन्स गोला खीरी को (22-5) से हराया। कोर्ट नंबर दो में अंडर 14 बालक वर्ग विद्याज्ञान सीतापुर ने गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल बहराइच को (18-0) से हराया। संपूर्ण क्लस्टर बास्केटबॉल खेल बनारस के पर्यवेक्षक विक्रांत सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीटीओ अनूप शुक्ला लखनऊ के साथ उनकी टीम के विभिन्न शहरों से आए 20 अनऑफिशियल भी मौजूद रहे। प्रतियोगिताएं संरक्षक सेवक सिंह अजमानी, अध्यक्ष जसमीत सिंह अजमानी, प्रबंधन निर्देशिका हरविंदर कौर अजमानी, प्रबंधक ब्रह्मजीत सिंह अजमानी और प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा के देखरेख में संपन्न हुईं।


बास्केटबॉल के लिए भिड़तीं टीमें। ● अमृत विचार

## डॉक्टर के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, निघासन अमृत विचार :** उप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने गई युवती से जांच करने के बहाने छेड़खानी करने के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मंगलवार की शाम एक युवती तारानगर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने गई थी। पर्चा बनवाकर वह डॉक्टर हरिनाथ मौर्य के पास दिखाने पहुंची। आरोप है कि डॉक्टर ने जांच के बहाने उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## कुंडल नोचकर भागे बाइक सवार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर में चेन स्नेचिंग और कुंडल लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को बाइक सवार दिनदहाड़े गढ़ी रोड पर एक महिला के कुंडल लूटकर भाग निकले। पीड़ित महिला ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गढ़ी रोड निवासी संगीत वर्मा बृजभवन के पास रहते हैं। उनकी पत्नी अंजू वर्मा किसी काम से बाजार गई थीं। बाजार से वापस आकर वह अपने घर के पास पहुंची। इसी बीच दोपहर करीब 12 बजे के बाइक सवार दो युवक उनके पास आए और सोने का कुंडल लूटकर भाग निकले। दिनदहाड़े हुई वारदात से सनसनी फैल गई। तमाम लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पीड़ित महिला से घटना की जानकारी ली। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

# सांसद उत्कर्ष वर्मा ने किया बाढ़ व कटान क्षेत्र का दौरा


घाघरा नदी के जलस्तर को देखते खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, धौरहरा/खीरी

- ग्रामीणों से जानीं परेशानियां समाधान का दिया भरोसा

**अमृत विचार:** सांसद उत्कर्ष वर्मा ने सिंचाई विभाग व राजस्व के अधिकारियों के साथ तहसील में घाघरा नदी के बाढ़ व कटान प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कटान प्रभावित ग्रामीणों से बात की और घाघरा नदी का निरीक्षण कर जलस्तर देखा। उन्होंने लोगों की समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिया।

सांसद ने घाघरा नदी के कटान से प्रभावित गांव माथुरपुर, कुर्तैहा और सुजानपुर कटान प्रभावित लोगों से उनकी समस्याएं जानीं। बाद में घाघरा नदी का निरीक्षण किया। गांव वालों ने कहा कि गांवों को घाघरा नदी में समाने से बचा लें। ग्रामीणों ने ब्लाक व सिंचाई अधिकारियों की मनमानी और उच्चाधिकारियों को गलत सूचनाएं भेजने की भी जानकारी दी। सांसद ने माथुरपुर और कुर्तैहा गांव में सहायक अभियंता बीडी गौतम की निगरानी में चल रहे राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बता दें कि 2023-24 में पांच करोड़ रुपये की लागत से बनी कुर्तैहा-माथुरपुर में 780 मीटर की परियोजना से कटान रोधक कार्य कराए गए थे, लेकिन बाढ़ खंड की लापरवाही से घाघरा नदी के किनारे कराए गए विकास कार्यों को नदी ने एक हफ्ते में पूरी परियोजना ही निगल ली और जिम्मेदार निहारते रहे। अब नदी और आबादी की दूरी 10 मीटर शेष बची है।

नदी के डर से अनेक लोग अपना आशियाना तोड़कर अब खुले आसमान में रहने को मजबूर हैं। इस दौरान निघासन विधानसभा प्रभारी हिमांशु पटेल, विधानसभा अध्यक्ष भंडारी यादव, सहायक अभियंता बाढ़ खंड शारदानगर बीडी गौतम, सपा नेता चश्मुद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

# 150 घंटे का काव्य महाकुंभ, 678 कवि देंगे प्रस्तुति

## छोटी काशी का भव्य आयोजन : कवि सम्मेलन और मुशायरा शुरू, विश्व रिकार्ड के लिए हो रही रिकार्डिंग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** कवि सम्मेलन का नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से कपिलश फाउंडेशन छोटी काशी काव्य कुम्भ का आगाज बुधवार को हो गया। एक सप्ताह तक चलने वाले काव्य कुंभ में पहले दिन कई कवियों ने काव्यपाठ किया।

मोहम्मदी रोड स्थित रॉयल लॉन में हो रहे काव्य कुंभ का मुख्य अतिथि धौरहरा सांसद आनंद सिंह भदौरिया एवं खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने मंच का उद्घाटन किया। जबकि उत्तर प्रदेश के सबसे बुजुर्ग कवि मुरलीधर त्रिपाठी अनजान ने कार्यक्रम स्थल द्वार का उद्घाटन किया। कपिलश फाउंडेशन की अध्यक्ष शिप्रा खरे ने सरस्वती पूजन कार्य वरिष्ठ साहित्यकार बृजेश तिवारी से कराया। प्रथम कवि लखनऊ से विश्वम्भर शुक्ल ने काव्यपाठ किया। प्रथम पाली के काव्यपाठ का संचालन सीतापुर के अरुणेश मिश्र एवं दिल्ली की अनुराधा पांडे ने किया। प्रथम पाली में गोला के कवि कनक तिवारी कनक, लखनऊ के डॉ. उमाशंकर शितिकंठ, सूरत के गंगाशेखर शर्मा गुणशेखर, मथुरा के योगेश बृजवासी, मदन मुरादाबादी, आगरा के संजीव चौहान शारिक, सीतापुर के अरुणेश मिश्र, बलरामपुर के डॉ अब्दुल सुहान खान, बलरामपुर की मोनिका शर्मा, सीतापुर की सीमा बाजपेई, सुधा मिश्रा, बुलंदशहर की डॉ साधना अग्रवाल साधिका, किरण प्रभा अग्रहरि, अलीगढ़ की अल्पी वार्ष्णेय, मुंबई की अम्बिका झा, दिल्ली के गुस्ताख हिन्दुस्तानी ने काव्यपाठ किया।


काव्य कुंभ के मंच का उद्घाटन करते धौरहरा सांसद आनंद सिंह भदौरिया।

- बुजुर्ग कवि मुरलीधर त्रिपाठी अनजान ने किया उद्घाटन
- धौरहरा व खीरी सांसद ने किया मंचीय कार्यक्रम का आरंभ

### प्रथम जज रहे निशान्त जैन और जया अग्निहोत्री

रिकॉर्ड बुक की ओर से प्रथम जज चाटर्ड अकाउंट निशान्त जैन और जीवनलाल कमला देवी कन्या महाविद्यालय की प्रधानाचार्य जया अग्निहोत्री रहीं। टाइम कीपर गीतांजलि, ज़ेबा और अभय शुक्ला ने जिम्मेदारी संभाली है।



मंच पर काव्यपाठ करते कवि। ● अमृत विचार

### एक कवि को मिलते हैं अधिकतम 20 मिनट

150 घंटे तक लगातार चलने की योजना के साथ हो रहे दुनिया के सबसे लम्बे कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में सात दिनों में पूरे भारत से 678 कवि प्रतिभाग कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में एक कवि को पढ़ने के लिए अधिकतम 20 मिनट का समय मिला हुआ है। पूरे आयोजन की निगरानी अमेरिकी संस्था गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं दुबई की द बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड कर रहा है, जिसके जज 30 सितम्बर को गोला आ रहे हैं।

### व्यवस्थाओं में लगी है आयोजन समिति

कार्यक्रम संरक्षक पूर्व विधायक विनय तिवारी, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, आनन्द त्रिवेदी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल, ज्ञानस्वरुप शुक्ल रिंकू, डॉ वीबी धुरिया, कार्यक्रम संयोजक यतीशचन्द्र शुक्ल, रविसुत शुक्ल, आयोजन समिति के नंदीलाल निराश, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, सन्तकुमार बाजपेई, मधुकर शैदाई, कनक तिवारी, रमाकान्त चैधरी, राममोहन गुप्ता, बीपी बेधड़क, सुधीर अवस्थी, अरविन्द गुप्ता रामजी, वैद्य रामजी रस्तोगी सरल, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, शैलेन्द्र सक्सेना, डॉ स्मिता तिवारी, प्रदीप रघुनायक ने व्यवस्थाएं सम्हाली है।

### डीएम ने अधिकारियों के साथ किया परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण, छात्र अभिषेक ने धारा प्रवाह पुस्तक पढ़ी तो सराहा

# टीचर बनीं डीएम, बच्चों से सुने पहाड़े, परखी शिक्षा की गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बुधवार सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों की टीम संग ब्लॉक ईसानगर अंतर्गत संविलियन विद्यालय जसवंतनगर व प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पढ़ाई की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ (आईसीडीएस) भारत प्रसाद, बीडीओ नीरज दुबे, बीईओ अखिलानंद राय भी मौजूद रहे।

संविलियन विद्यालय जसवंतनगर में उन्होंने कक्षा तीन के छात्र अभिषेक से हिंदी की पंखुड़ी पुस्तक पढ़वाई। पुस्तक को धारा प्रवाह पढ़ने पर अभिषेक की सराहना करते हुए तालियां बजवाई।

बच्चों से स्कूल में खेलकूद गतिविधियों की जानकारी ली, निर्देश दिए कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों पर भी ध्यान दें। डीएम ने शिक्षिका से विद्यालय निपुण ग्रेडिंग पूछी। शिक्षिका ने बताया कि वर्तमान में ग्रेड-बी में है। निर्देशित किया कि इसे ए ग्रेड में लाने को संकल्पित होकर काम करें। रिवीजन के नियत दिवसों पर रिवीजन कराने की बच्चों से भी पुष्टि की। कक्षा सात के दिव्यांग छात्र हिमांशु, कक्षा 8 के छात्र नागेंद्र की रीडिंग स्किल का परीक्षण किया।

उन्होंने दोनों बच्चों को क्लास में आगे बैठाने के निर्देश दिए। कक्षा चार की क्लास में पीछे बैठी गुड़िया व निशा से फुलवारी नामक पुस्तक पढ़वाई। नन्हे मुन्हे बच्चों से स्नेहिल संवाद करते हुए उन्हें चॉकलेट्स का वितरण किया।



छात्रा से पूछे गए सवाल का जवाब सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

### खराब मिली ट्यूबलाइट, प्रधानाध्यापक का स्पष्टीकरण तलब

प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक/एआरपी की क्लास में ट्यूबलाइट खराब होने पर नाराजगी जताई और स्पष्टीकरण तलब करने की निर्देश दिए। उपस्थिति पंजिका से बच्चों की उपस्थिति का सत्यापन किया। बच्चों से पहाड़े सुने, सही सुनाने तालियां भी बजवाई। इस दौरान उन्होंने पूरी क्लास के बच्चों से सामूहिक 12 का पहाड़ा भी सुना। विद्यालय की वर्तमान निपुण ग्रेडिंग बी से ए में लाने के लिए प्रेरित करते हुए ऊर्जा भरी। मिड डे मील में मीनू के अनुसार रसोइया द्वारा तहरी तैयार की जाती मिला। डीएम ने रसोई कक्ष पहुंचकर रसोईया से जाना कि कितने बच्चों के लिए मिड डे मील तैयार किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सोयाबीन की गुणवत्ता भी परखी। निर्देश दिए कि भोजन बनाने में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।


## सार-संक्षेप

### मरघट की जमीन पर अवैध कब्जे के विरोध में प्रदर्शन



**धौरहरा, अमृत विचार :** मरघट की जमीन पर अवैध कब्जा होने पर भड़के शिव सैनिकों ने प्रदर्शन किया और तहसीलदार को ज्ञापन देकर भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की मांग की। कस्बा ईसानगर की आबादी करीब 30 हजार है। यहां होने वाली मौत के बाद अंत्येष्टि के लिए शव लेकर भटकना पड़ता है। लोग अपने अपने खेतों में दाह संस्कार करते है। जिनके पास खेत नहीं है वे चकरोड व रास्तों के किनारे दाह संस्कार करते है। कब्रिस्तानों की भूमि आरक्षित कर बाउंड्री वाल बना दी जाती है जबकि हिंदुओं को दाह करने के लिए भटकना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का नतीजा यह है कि मरघट की जमीन पर कब्जा है। शिवसैनिकों ने अवैध कब्जे को हटाकर भूमि को खाली कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मदन मिश्र, जगदंबा प्रसाद, रामनरायण बाजपेई, रामू बाजपेई सहित तमाम शिवसैनिक शामिल रही।

### किसानों की समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अमन संधू ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन में गन्ना भुगतान, बाढ़ पीड़ितों को राहत, वन्यजीवों से किसानों की सुरक्षा की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान समय में किसान परेशान हैं, जिनके तत्काल समाधान के लिए शीघ्र बकाया गन्ना भुगतान कराने, बाढ़ पीड़ितों को सहायता देने और किसानों की वन्यजीवों से सुरक्षा की जाए। नया सत्र प्रारम्भ होने वाला है, किंतु अभी पिछले सत्र का 50 प्रतिशत से अधिक गन्ना भुगतान बकाया है। धान की फसल पक कर तैयार होने को है, परन्तु किसानों के पंजीकरण की साइट अभी भी बंद है। हाथियों द्वारा एकड़ों फसल एक रात में ही नष्ट कर दी जा रही है। इन सबके तत्काल मुआवजा देकर राहत दी जाए। ज्ञापन देते समय अमनदीप सिंह संधू, उत्तम यादव, पवन पटेल, विवेक कुमार, संजय कुमार, वेदप्रकाश, रफीक आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों ने विशेष चौपाल लगाकर किया जागरूक



**धौरहरा, अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता की भागीदारी को नगर के निजी स्कूल व सरकारी स्कूलों ने संयुक्त रूप से लोगों को जागरूक किया। प्राथमिक विद्यालय धौरहरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरहरा, प्राथमिक विद्यालय ग्रंटपुरवा के बच्चों के साथ शिक्षक व स्टाफ ने आंगनबाड़ी केंद्र सरोजनीनगर लालापुरवा में विशेष चौपाल लगाया। स्वच्छता संवाद, स्वच्छता चौपाल व स्कूलों में स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने स्वच्छता, प्रतिबंधित प्लास्टिक के बारे जागरूक किया। विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों से निकलने वाले वेस्ट को आर्ट में बदलकर वेस्ट टू वंडर पार्क नगर पंचायत धौरहरा में लगाने के लिए टास्क दिया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर गोपाल शंकर अवस्थी, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर राजहंस मिश्रा, अजीत शुक्ला, स्वच्छ योद्धा रवि अवस्थी मोहम्मद इश्तियाक मौजूद रहे।

## एक नजर

### तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत

**मितौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी इब्राहिमपुर में अपनी बहन के घर आए अधेड़ की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह मानसिक रूप से बीमार था। सीतापुर जिले के थाना इमलिया क्षेत्र के गांव शेखपुर निवासी पृथ्वी पाल (50) मंगलवार को किसी तरह अपनी बहन रामप्यारी निवासी गढ़ी इब्राहिमपुर के घर आ गए थे। उन्हें रस्सी से बांधकर रखा जा रहा था। मंगलवार की शाम वह किसी तरीके से छूट गए और भागकर तालाब में कूद गए। परिवार के लोग जब तक उन्हें बाहर निकलाते। इससे पहले ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

### बिजुआ ब्लॉक में 9 अक्टूबर को होगी प्रधान संगठन की बैठक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की आवश्यक बैठक 9 अक्टूबर को दोपहर 11 से तीन बजे तक बिजुआ ब्लॉक सभागार में होगी। इस बैठक में संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा, प्रदेश महासचिव डॉ श्याम नारायण शुक्ला, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रधानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में युवती घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी निशा (20)पुत्री इस्माइल सड़क दुर्घटना में घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने निशा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सर्पदंश से दो की हालत बिगड़ी, एक रेफर

**गोला गोकर्णनाथ/बिलहरी, अमृत विचार :** मैलानी थाना के काकोरी गांव निवासी गजेश कुमार (45) पुत्र सुंदरलाल को खेत में काम करते समय सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाये, एंटीवेनम लगने के बाद उसकी हालत में सुधार होने पर डाक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। वहीं बिलहरी में हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जडौरा निवासी जयशंकर (28) पुत्र विश्वनाथ दीक्षित अपने घर के पिछवाड़े काम कर रहा था। उसी समय किसी जहरीले सर्प ने उसको डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनो ने बिलहरी के एक निजी हास्पिटल मे भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# सड़क हादसे में आजमगढ़ के छात्र समेत दो की मौत

### साथी घायल, हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर, कानपुर से बाइक से नैनीताल घूमने गए थे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/मितौली

**अमृत विचारः** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में आजमगढ़ के एक छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छात्र का साथी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह उत्तराखंड घूमने के बाद अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर वापस जा रहा था।

महेवागंज कस्बे में पिछले कुछ दिनों से एक मंदबुद्धि युवक घूम रहा था। बुधवार सुबह कस्बे में ईदगाह मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन को ट्रेस किया जा रहा है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

वहीं मितौली में आजमगढ़ जनपद निवासी अश्वनी यादव (30) अपने दोस्त प्रभात निवासी जौनपुर के साथ बाइक पर सवार हो कर नैनीताल घूमने गए थे। मंगलवार की देर रात वह वापस घर जा रहा था। थाना मितौली के भीखमपुर चौराहे पर ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अश्वनी यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त प्रभात गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा, जहां से उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मृतक छात्र अश्वनी यादव एग्रीकल्चर से कानपुर में पढ़ाई कर रहा था। उत्तराखंड से घूम कर वापस आ रहा था। रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। इनके साथ ही चार दोस्त भी बाइक से आ रहे थे। मृतक अश्वनी यादव अपने पिता का इकलौता पुत्र था। हादसे की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। इनके साथ ही राहुल वर्मा, तज्जन्य अवस्थी, आशीष गिरी उद्देश्य ओझा आदि घर से बिना बताए घूमने निकले थे। यह सभी कानपुर से चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी के छात्र थे। थाना प्रभारी राजूराव ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है।



क्षतिग्रस्त बाइक।



हादसे में घायल प्रभात।

### परिजनों का आरोप समय से मिल जाती एम्बुलेंस तो शायद बच जाती जान

**मितौली।** रोते बिलखते पहुंचे परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि एम्बुलेंस को सही टाइम पर बुला लेते तो शायद जान बच सकती थी। वहीं उनके दोस्तों ने आस पड़ोस के लोगों पर भी मदद न करने का लगाया आरोप। करीब एक घंटे बाद पहुंची एम्बुलेंस। जब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

### स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण हुआ हादसा

**मितौली।** कस्बे के लोगों ने गोला रोड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया छात्र स्पीड में गाड़ी चलाकर आ रहे थे। ट्रक भी काफी तेज स्पीड में था। अगर स्पीड ब्रेकर चौराहे पर बनवा दिए जाएं तो आये दिन जो हादसे होते उनमें कमी आयेगी।

## विश्व फार्मेसी दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं, विजेता सम्मानित



अतिथियों के साथ मौजूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः**बुधवार को विश्व फार्मेसी दिवस यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से सृजन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला औषधि निरीक्षक बबिता रानी, डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. ओपी श्रीवास्तव, डॉ. परमानद, डॉ. त्रिभुवन सिंह एवं राजीव वर्मा रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मकसद हेल्थ केयर की फील्ड में फार्मासिस्ट के योगदान की सराहना करना है। इस दौरान क्विज, रंगोली, पोस्टर, बैनर एवं मॉडल बनाओ प्रतियोगिता हुई। इने विजेताओं को प सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश महासचिव डॉ. सज्जन कुमार गौड़ ने वर्ल्ड फार्मेसी डे का इतिहास की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष डॉ. सरिता गुप्ता ने प्रतियोगिता में भागीदारी करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### तीन लोगों पर उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में मजदूरी कर घर लौट रहे दलित को जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रहमाननगर निवासी उत्तम कुमार ने बताया कि 22 सितम्बर की शाम आठ बजे वह मजदूरी कर घर लौट रहा था। तभी हमीदाबाद गांव निवासी कादिर उर्फ डॉन अपने दो साथियों के साथ गांव के बाहर बैठे थे। उसे देखते ही जातिसूचक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करते हुये बांके से प्रहार कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बांकेगंज में खड़ा मिला ई रिक्शा चालक लापता

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** तीन दिन पूर्व ई रिक्शा समेत लापता हुए युवक का अभी तक पता नहीं चला है, जबकि उसका ई रिक्शा मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में लावारिस खड़ा पाया गया है।

नगर के मोहल्ला ईदगाह निवासी शब्बीर का बेटा आफताब आलम सोमवार को दोपहर तीन बजे घर से ई रिक्शा लेकर गया था, जो देर रात तक वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश की गई। कुछ पता नहीं चला था। परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान हो उठे थे। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बुधवार की सुबह राहगीरों को गोला कुकुरा रोड पर जंगल के बाद एक पुलिया के निकट ई रिक्शा लावारिस हालत में खड़ा दिखाई दिया, जिसकी सूचना बांकेगंज पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ई रिक्शा को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करा लिया। सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। युवक का कोई पता नहीं चला है। जिससे उसके परिजन हाल बेहाल हैं। बांकेगंज चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार का कहना है कि सूचना पर वह मौके पर गए थे, जहां ई रिक्शा खड़ा मिला। जिसे कब्जे में ले लिया गया है।

## स्थापना दिवस पर विद्यालय में किया औषधीय पौधारोपण



स्थापना दिवस का दीप जलाकर कार्यक्रम आरंभ करते संस्थापक डॉ. एसपी सिंह।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज का स्थापना दिवस एलआरपी स्थित विद्यालय परिसर में मना। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यालय में हरित कोना बनाकर औषधीय व अन्य प्रकार के पौधे लगाए।

लखीमपुर शाखा के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने बताया कि प्राइमरी के छात्रों ने नो आर डिग्निटीज़ विषय पर अपने ज्ञान को क्राफ्टवर्क पर संजोया। वहीं जूनियर छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूल फाउंडर डॉ. एसपी सिंह के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए योगदान बताए। सीनियर वर्ग के छात्रों ने समाज सेवा के तहत सलेमपुर कोन स्थित वृद्धाश्रम जाकर उनका दुखदर्द समझा और भजन सुनाए। छात्रों ने बुजुर्गों में फल, बिस्किट लाई-चना व गिफ्ट वितरित किए। इस पर बुजुर्गों ने आर्शीवाद दिया। इस दौरान लक्ष्य भेदना व कुर्सी-रेस प्रतियोगिता हुई। संस्थाध्यक्ष व सांसद डॉ. एसपी सिंह ने शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को समाज निर्माण में अपना श्रेष्ठतम योगदान करते रहने का आह्वान किया। इस मौके पर छात्रों को संस्थाध्यक्ष के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। महाप्रबंधक हर्षित सिंह व शिखर पाल सिंह ,उपनिदेशक मीना टांगड़ी, पूर्व एमएलसी कांति सिंह, प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, नेहा सिंह, गरिमा सिंह सहित प्रधानाचार्य व शिक्षक मौजूद रहे।

चुनाव

### कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर का एसडीएम और सीओ ने दौरा करके देखीं व्यवस्थाएं

# सहकारी गन्ना विकास समिति में डेलीगेट पद के लिए आज होगा नामांकन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सहकारी गन्ना विकास समिति के डेलीगेट पद के लिए गुरुवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति में नामांकन दाखिल किए जाएंगे। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। एसडीएम और सीओ ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। मतदान तीन अक्टूबर को कराया जाएगा।

सहकारी गन्ना विकास समिति के संचालक मंडल चुनाव के लिए 11 संचालक क्षेत्र का चुनाव होना है, जिसमें 117295 सदस्य मतदाता हैं। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि डेलीगेट के चुनाव में मतदाता 791 डेलीगेटों का चुनाव करेंगे और फिर वहीं डेलीगेट संचालकों का चुनाव करेंगे।

11 सीटों में सात सीटें अनारक्षित रहेगी और दो सीटें महिला वर्ग के लिए आरक्षित की गई है। जबकि एक सीट अन्य पिछड़ा वर्ग और एक सीट एससी/एसटी के लिए आरक्षित की गई है। गुरुवार 26 सितंबर को नामांकन पत्र खरीदे जाएंगे और फिर प्रपत्र भरकर उसी दिन जमा किए जाएंगे। नामांकन स्थल पर कोई भी उम्मीदवार मोबाइल नहीं ले जा सकेगा। चुनाव के निर्वाचन अधिकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के प्राचार्य बीबी सिंह की देखरेख में सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीओ पंचायत अवनीश कुमार त्रिपाठी और तहसीलदार सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे। तीन अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा।



गोला की मंडी समिति में चुनाव की तैयारियों का जायजा लेते एसडीएम। ● अमृत विचार

### 16 अक्टूबर को होगा संचालक मंडल का चुनाव

जोनल मजिस्ट्रेट/एसडीम विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि संचालक मंडल चुनाव के लिए सात अक्टूबर को सूची का प्रदर्शन होगा। आठ अक्टूबर को आपत्तियां दर्ज की जाएगी और नौ अक्टूबर को उनका निस्तारण कर अंतिम मतदाता सूची प्रदर्शित की जाएगी। 10 अक्टूबर को नामांकन कराया जाएगा और 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से चार बजे तक मतदान कराकर उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सभापति और उप सभापति के लिए 17 अक्टूबर को चुनाव कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना कराकर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।



धौरहरा में नामांकन की तैयारियों का जायजा लेते एसडीएम राजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

### गन्ना समिति चुनाव के नामांकन के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**धौरहरा, अमृत विचार :** गुरुवार को होने वाले सहकारी गन्ना विकास समिति ऐरा के चुनाव के नामांकन के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि गन्ना विकास समिति ऐरा के चुनाव के लिए प्रशासन की तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गई है। कोई भी नामांकन के दौरान कर्मचारी व प्रत्याशी मोबाइल लेकर नहीं आयेगा। साथ नामांकन कराने प्रत्याशी के साथ सिर्फ प्रस्ताव ही जा सकेंगे। प्रत्याशी व प्रस्तावक अपना आधार कार्ड साथ में रखेंगे। निर्वाचन की 11 सदस्यीय टीम के जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जायेगा। इस दौरान सीओ पीपी सिंह व तहसीलदार आदित्य विशाल भी मौजूद रहे।

### संचालक मंडल में ग्रंट नंबर 14 और फजलनगर ग्रंट सीट रहेगी महिला आरक्षित

गन्ना समिति में संचालक मंडल के चुनाव में गोला गोकर्णनाथ को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है। जबकि ग्रंट नंबर 11 अन्य पिछड़ा वर्ग, ग्रंट नंबर 14 और ग्रंट फजलनगर महिला के लिए आरक्षित रहेंगी। ग्रंट मुल्लानपुर, ग्रंट रामपुर डाटपुर, ग्रंट लंदनपुर, ग्रंट साहबगंज, चांदपुर, चौरठिया, धनसिंहपुर को अनारक्षित घोषित किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 2010 में श्री गणेश इण्टर कॉलेज से द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण की थी मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0299935 है जो कि रास्ते में जाते समय कहीं खो गयी है। काफी तलाशने पर अभी तक नहीं मिली। **मनीष चौहान पुत्र श्री अशोक सिंह निवासी लोहरा पो. गोरहा जिला कासगंज**

**सूचना**
मेरे पैन कार्ड सं. LQTPS0344B में मेरा नाम रूपिन्दर सिंह व जन्मतिथि 27.01.2001 दर्ज हो गयी है। जो कि गलत है मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम गगनदीप सिंह व जन्मतिथि 27.01.2003 दर्ज है जो कि सही है। उक्त नाम मेरे पैन कार्ड में संशोधित किया जाये। **गगनदीप सिंह पुत्र साहब सिंह नि. ग्राम धर्मापुर खुर्द तह. पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**सूचना**
सूचित किया जाता है पहले मेरा नाम **Dilshade Alam S/o Shahzade Alam** था। अब मैं अपना और अपने पिता का नाम बदलकर **Dilshade Aalam S/o Shahzade Aalam** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे और पिता को इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **Dilshade Aalam S/o Shahzade Aalam Vill. Sherpur Kalan, Puranpur (Pilibhit)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री इल्मा अत्तारिया के एडमीशन के समय मेरी पत्नी का नाम सीमा- लिखा था अब मेरी पत्नी का नाम सीमा सिद्दीकी लिखा जाये। **महबूब हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन निवासी:- क्वा. नं. 40/3 H-टाइप फैक्ट्री स्टेट ओ.सी.एफ. शाहजहांपुर मो. 8707646565**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र समीर एवं पुत्रवधू श्रीमती हिना को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति एवं घर से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सलीम पुत्र स्व. पुत्तन निवासी अम्बेडकर नगर वाल्मीकि बस्ती 240 हजियापुर बारादरी, जिला बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0740694 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **प्रहलाद राय पुत्र श्री प्रशांत राय निवासी ग्राम उतरसिया समुखिया तहसील बहेड़ी जिला बरेली।**

**सूचना**
मेरी हाईस्कूल मार्कशीट में मेरा नाम द्वारिका प्रसाद चतुर्वेदी (Dwarika Prasad chaturvedi) है, किंतु आधार कार्ड में मेरा नाम धैर्य चतुर्वेदी हो गया था। आधार कार्ड में संशोधन करवाकर नाम धैर्य चतुर्वेदी के स्थान पर द्वारिका प्रसाद चतुर्वेदी कराना चाहता हूं। भविष्य में मुझे द्वारिका प्रसाद चतुर्वेदी के नाम से ही जाना पहचाना व बुलाया जाएगा। **द्वारिका प्रसाद चतुर्वेदी पुत्र अरविंद कुमार निवासी- 7/71 वन्नूवाल नगर डेलापीर, बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अभिषेक यादव एवं उसकी पत्नी अंशू यादव दोनों से उनके गलत आचरण के कारण अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके किसी कार्य या लेनदेन से मेरा व शेष परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **विजय सिंह यादव पुत्र भगवान दास यादव मो. झन्डाकला थाना सदर, शाहजहांपुर**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र राजेंद्र कुमार को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, अन्य कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरा व परिवार का वास्ता न होगा। **नत्थू लाल पुत्र स्व. गोकिल राम निवासी- ग्राम मल्हपुर पोस्ट भण्डसर थाना- इज्जतनगर, जिला बरेली ।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विपिन बाबू व उसकी पत्नी बबली को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जोगराज पुत्र श्री नोनीराम निवासी ग्राम मड़वावंशीपुर तहसील मीरगंज, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता बने मनोज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर एवं शिशु वाटिका में सनातन धर्म सभा की ओर से सामान्य ज्ञान परीक्षा कराई गई। इसमें मनोज कुमार दीक्षित प्रथम, हेमनाथ द्वितीय और उत्तम कुमार मिश्र, ममता सिंह व कंचन सिंह संयुक्त रूप से तृतीय विजेता रहे। मुख्य अतिथि शाहाबाद सरस्वती शिशु मंदिर की पूर्व छात्रा एवं विद्यालय के कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता और उनकी पत्नी स्वाती गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य मुनेंद्र दत्त शुक्ल सहित सभी लोग मौजूद रहे।

### वैज्ञानिकों ने गन्ने में कीट और रोग का देखा प्रभाव

**चपरतला, अमृत विचार :** अजबापुर चीनी मिल के मैगलगंज रीजन में बुधवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के वरिष्ठ गन्ना वैज्ञानिक डॉ. लाल सिंह गंगवार व डॉ दिनेश सिंह (प्लांट पैथालॉजी) ने चीनी मिल के अधिकारियों के साथ मैगलगंज गांव के किसान अर्जुन सिंह यादव के प्लाट में हो रही ट्रेंच विधि से अगेती प्रजाति के गन्ने की बुवाई देखी। साथ ही अन्य गन्ने के खेतों का निरीक्षण कर कीटों और रोगों का प्रभाव देखा। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अविनाश त्रिपाठी, जेबीगंज आदि मौजूद रहे।

# छात्रा ने सरयू नदी में लगाई छलांग, शव बरामद

## साइकिल से सरयू पुल पर पहुंची छात्रा, आत्महत्या की वजह जानने को जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** निघासन-सिंगाही मार्ग स्थित पुल से सरयू नदी में कूदकर एक युवती ने जान दे दी। युवती ने पहले साइकिल खड़ी की फिर पास में चप्पलें उतारीं और नदी में छलांग लगा दी। यह दृश्य देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दो घंटे बाद शव बरामद कर लिया। युवती थाना क्षेत्र के गांव फरदहिया की रहने वाली है और बीए की छात्रा थी। आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बुधवार की सुबह करीब दस बजे एक युवती नीले रंग की साइकिल से सुबह करीब नौ बजे निघासन-सिंगाही मार्ग पर मोटे बाबा के पास स्थित सरयू नदी के पुल पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक साइकिल के कैरियर पर युवती का दुपट्टा दबा हुआ था। युवती ने पुल की रेलिंग के पास साइकिल खड़ी कर दी और वहीं पर अपनी दोनों चप्पलें निकाल दीं। मार्ग पर आने-जाने वाले लोग कुछ समझ पाते। इससे पहले ही युवती ने पुल की रेलिंग पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी। यह दृश्य देखकर बड़ी संख्या में राहगीर वहां रुक गए। आसपास के गांवों के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर थाना निघासन के प्रभारी निरीक्षक महेश चंद भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से शव की तलाश कराई। घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद हुए शव को बाहर निकलवाया। शिनाख्त सिंगाही के गांव फरदहिया निवासी शिव नारायण की 18 वर्षीय पुत्री चांदनी के रूप में हुई।


सरयू नदी के पुल पर लगी भीड़ व मौजूद पुलिस। • अमृत विचार


पुल पर खड़ी युवती की साइकिल और पास में रखी चप्पलें। • अमृत विचार

> छात्रा का शव बरामद हो गया है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या की वजह अभी पता नहीं चल सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। **–महेश चंद,** प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन

### छात्रा के परिजन भी आत्महत्या से स्तब्ध

कोई आसानी से अपनी जान नहीं खो देता। कोई ऐसी बात जरूर होती है, जो उसे जान खोने पर मजबूर कर देती है। थाना सिंगाही के गांव फरदहिया निवासी युवती के सरयू नदी में कूदकर आत्महत्या करने की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। परिवार वाले भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं, लेकिन पुलिस और लोगों का मानना है कि इसके पीछे कोई बड़ी वजह है। परिजन भी इस बात से परेशान हैं।

### आत्महत्या की खबर से बिलख उठा परिवार

नदी में कूदकर आत्महत्या करने की खबर जब युवती के गांव पहुंची तो परिवार के लोग आवाक् रह गए। उनके घर में चीख पुकार मच गई। परिवार के लोगों के साथ तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने शव की पहचान की। परिवार वालों का कहना है कि उनकी पुत्री चांदनी निघासन कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया। इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# पलिया में झमाझम बारिश शहर में लोग उमस से बेहाल


पलिया की एक गली में भरा बरसात का पानी। • अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां/लखीमपुर खीरी

• डेढ़ घंटे की बारिश से गलियां-सड़कें हुईं लबालब

**अमृत विचार:** पिछले तीन-चार दिनों से तेज धूप और उमस भरी गर्मी से जनजीवन बेहाल है। हालांकि शहर में दोपहर बाद पुरवा हवाओं ने राहत दी, जबकि पलिया में बुधवार दोपहर करीब डेढ़ घंटे नगर में हुई अच्छी बरसात से जनजीवन पूरी तरह अस्त -व्यस्त हो गया, वहीं नगर की बाजारों की सड़कों व मोहल्ले की गलियों से लेकर सरकारी कार्यालयों के परिसरों तक में एक से दो फुट तक पानी बहने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

सितंबर बीतने को है और तेज धूप मई और जून का अहसास करा रही है। बुधवार को भी शहर में तेज धूप खिली। दोपहर में अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री सेल्सियस का आभास कराया।

वहीं, पलिया क्षेत्र में करीब तीन दिन कड़ी धूप निकलने के बाद मंगलवार देर रात से ही आकाश में घिरे बादलों ने अपनी तेज गड़गड़ाहट के साथ वर्षा की आहट से यहां के लोगों को आगाह कर दिया था। इसके बाद बुधवार दोपहर होने से पहले ही इन बादलों ने अपनी रंगत दिखाना शुरू कर दी और देखते ही देखते पलिया नगर की प्रमुख मेला रोड, पुरानी बाजार, नगर पालिका रोड ,माल गोदाम रोड, मेला सिंह चौराहे से अस्पताल जाने वाले मार्ग, नई पानी टंकी से दुधवा रोड जाने वाले मार्ग सहित मछली मंडी रोड की नालियां उफना चलीं और सड़कों पर एक से दो फुट तक गंदा पानी बहने लगा। इसके अलावा मोहल्ला पठान एक, रंगरेजान एक, दो, माहीगिरान 1, 2 ,3 व इकराम नगर आदि मोहल्ले में मोहल्ले की गलियों में इतना अधिक पानी भर गया जो कई घंटे तक नहीं निकल सका। इसके अतिरिक्त नगर का तहसील प्रांगण, सीएचसी परिसर, रामलीला मैदान, विद्युत हाइडिल, बलदेव वैदिक कालेज परिसर आदि देर तक तालाब बने रहे। इससे लोगों को आने - जाने में काफी परेशानी हुई।

### पानी निकासी का समुचित प्रबंध नहीं

नगर वासियों का मानना है कि पलिया में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके लिए जो नाले और नालियां बनाई गई हैं, वे अत्यंत छोटी और संकरी हैं। इसके अलावा उनकी ढंग से साफ –सफाई न होने से वे आधे से अधिक गंदगी से पटी रहती हैं। नतीजा थोड़ा सा भी पानी गिरने पर ये पानी के निकास में अक्षम साबित होती हैं और उफनाकर इनका गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है।

### राज्य कर्मचारी महासंघ का 18 अक्टूबर को चुनाव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की एक बैठक लोक निर्माण विभाग के संघ कार्यालय पर हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सत्यदेव ने की। बैठक में 18 अक्तूबर को महासंघ का चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष सत्यदेव सभी कर्मचारियों से चुनाव कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। बैठक में राजीव कुमार, रमेश कुमार शुक्ला, सुरेश वर्मा, गौरव पांडेय, रामकुमार यादव, सुखराज सिंह, कीर्ति यादव, आलोक त्रिपाठी, रेखा, सीताराम आदि मौजूद रहे।

### तालाब में उतराता मिला नवजात बालक का शव

**फरधान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मनिकापुर तिराहे के पास भारत ईंट भट्ठा के निकट तालाब में नवजात बालक का शव उतराता देखे जाने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

# दो लाख के जेवर, 70 हजार नगद चोरी

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव के गांव टिकौला में मंगलवार की रात एक घर में चोरों ने सेंध लगा दी और कमरे में रखी 70 हजार रुपये की नगदी और दो लाख के जेवर चोरी कर ले गए। घटना के बाद से गांव में चोरों की दहशत है। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

गांव टिकोला निवासी छोटेलाल ने बताया कि वह रोज की तरह मंगलवार की रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात में किसी समय चोरों ने मकान के पीछे की दीवार में नकब लगा दी और घर के अंदर दाखिल हो गए। वह जिस कमरे में अपने परिवार के साथ सो रहे थे। चोरों ने उस कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी और दूसरे कमरे में घुसकर बक्सों को उठा ले गए। कमरे में रखा अन्य सामान भी खंगाल डाला। चोर बक्से में रखी 70 हजार रुपये की नगदी और करीब दो लाख के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर खाली बक्से गांव के पूरब तरफ छोड़कर भाग निकले। उन्होंने बताया कि सुबह चार बजे जब उनकी आंख खुली तो वह उठे और दरवाजा खोलने की कोशिश की तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। इससे वह अनहोनी की घटना को लेकर आशंकित हो उठे और शोर मचाया। शोरगुल पर पड़ोस के लोग पहुंचे और दरवाजा खोला। गृह स्वामी ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

सूचना के तीन घंटे बाद पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और परिवार वालों से घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने पुलिस को चोरी की तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पूरे गांव में चोरों की दशतह व्याप्त हो गई है। एसओ नीमगांव सुनीता कुशवाहा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


दीवार में लगी नकब का निरीक्षण करती पुलिस और परिवार वाले मौजूद। • अमृत विचार

• मकान की पीछे की दीवार में नकब लगाकर दाखिल हुए चोर

# स्वर से सृजन को होगी गायन प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शांतिकुंज हरिद्वार ने लोगों को संस्कारवान बनाने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इसके लिए वॉयस ऑफ प्रज्ञा गायन का आयोजन कराया जा रहा है। इसका विषय संगीत से संस्कार व स्वर से सृजन है। इसमें संस्कारयुक्त प्रज्ञा गीतों पर आधारित प्रतियोगिता होगी। इसका उद्देश्य युवाओं को संस्कारवान बनाना है।

युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ की बैठक में इसके आयोजन का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य लोकरंजन से लोकमंगल के माध्यम से व्यक्ति समाज के साथ् युवा पीढ़ी में सद्प्रेरणाओं का संचार करना है। मौजूदा समय में युवा पीढ़ी बॉलीवुड के भड़काऊ संगीत से प्रेरित और प्रभावित है, जो खासकर युवाओं को विकृत चिंतन, अश्लीलता, फूहड़पन, फैशनपरस्ती आदि दुर्गुणों की ओर लेकर जाता है। वॉयस ऑफ प्रज्ञा वर्तमान युवा पीढ़ी को प्रेरणाप्रद गीत-संगीत के माध्यम से संस्कार और सृजन की जीवनधारा से जोड़कर उनकी प्रतिभा को समाज और राष्ट्र के नव निर्माण में नियोजित करने का एक प्रयास है। आयोजन मंडल के निखिल भल्ला ने बताया प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन गायत्री शक्तिपीठ पर 10 नवंबर को होगा और फाइनल प्रतियोगिता 15 नवंबर को गोला रोड स्थिति राम वाटिका होगा। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि छह नवंबर है। इसके लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन किया जा सकेगा। बैठक में अजय वर्मा, शैलेश बरनवाल, पंकज तापड़िया, कुलदीप वर्मा, प्रिया दीक्षित, सीपी मौर्य, विजय मौर्य, रचना अग्रवाल मौजूद रहीं।



गायत्री शक्तिपीठ पर मौजूद गायन प्रतियोगिता को लेकर गायत्री परिवार के लोग।

• शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से कराया जा रहा वॉयस ऑफ प्रज्ञा का आयोजन

### पड़रिया तुला में तीन दिवसीय समागम आज से

**बिजुआ, अमृत विचार:** कस्बा पड़रिया तुला स्थित ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब में बाबा ईशर सिंह पर तीन दिवसीय सलाना समागम गुरुवार से प्रारंभ होगा, जिसकी सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। समागम में दूसरे जनपदों और प्रदेशों से बड़ी संख्या में संगत पहुंचकर मत्था टेकती है। ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब के सेवक बाबा गुरुमीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन खुले पंडाल के बीच दीवान सजाया जाएगा। दूसरे दिन रात में 21 दिनों से भोरा साहिब में चल रहे महा सम्पट पाठ को करने वाले करीब 32 पाठियों पर इत्र, पुष्प वर्षा करते हुए खुले पंडाल में सजे दीवान तक ले जाकर मत्था टेका जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन सिख धर्म के प्राणियों को अमृतपान करवाने के बाद समापन होगा। प्रमुख संत बाबा सुखदेव सिंह भूचोंकलां भटिंडा पंजाब आदि भी पहुंचेंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बुधवार को जिले भर में मनाई गई। स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रतियोगिताएं कराई गई। इनके विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पूरे जिले में सभी बूथों पर एक साथ मनाई गई, जहां अतिथियों व कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने भी राजगढ़ बूथ पर जाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी। जिला महामंत्री रामजी मौर्य ने देवी बूथ पर जाकर राष्ट्र वाद के प्रणेता उपाध्याय के व्यक्तित्व के बारे में बताया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, महामंत्री आशू मिश्रा, ज्योतिर्मय बरतारिया, विनोद लोधी, संतोष कुमारी, विनोद वर्मा, बृजेश सिंह नरेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे। उधर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता ने भी बूथ पर जाकर पंडित दीनदयाल की उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपीबोर्ड) के वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ओझा ने बताया कि पंडित दीनदयाल का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा के नगला चंद्रभान गांव में हुआ। इनके पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे। कानपुर विश्वविद्यालय से बीए की पढ़ाई करते समय राजनीति में पदार्पण किया और प्रशासनिक परीक्षा भी उत्तीर्ण की। मगर, साल 1942 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए कार्य करना शुरू कर देश को एकात्मक मानववाद नामक विचारधारा दी। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो भारत को मजबूत और शसक्त देखना चाहते थे। इनको प्रबंधक संचालन शिक्षक आलोक कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें शिक्षक प्रमोद कुमार मिश्र प्रथम, ऋतु अवस्थी दूसरे और सुधीर कुमार वर्मा तृतीय रहे। इनको प्रबंधक विमल अग्रवाल एवं सहप्रबंधक रविभूषण साहनी व प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते जिला महामंत्री राम जी मौर्य।

### एकात्म मानववाद की विचारधारा पर चलने का संकल्प

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** देश को एकात्म मानववाद की विचारधारा देने वाले, समावेशित विचारधारा के समर्थक तथा एक मजबूत और सशक्त भारत चाह रखने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। कृषक समाज शक्ति केंद्र के बूथ पर अंत्योदय के प्रेणता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय देश को एकात्म मानववाद की विचारधारा देने वाले, समावेशित विचारधारा के समर्थक तथा एक मजबूत और सशक्त भारत चाह रखने वाले थे। आज कृतज्ञ राष्ट्र उनके महान व्यक्तित्व को नमन करता है। उनकी जयंती पर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा, बूथ अध्यक्ष मनोज बाथम, प्रदीप खतौलिया, रजत गुप्ता, नगर महामंत्री युवा मोर्चा हिमांशु सिंह, शैलेन्द्र सक्सेना, लवकुश अवस्थी, राजकिरण आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गोला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते भाजपाई। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सब्जियों के रूप में सजे बच्चों ने मन मोहा



**पलियाकलां, अमृत विचार :** विवेकानंद एकेडमी भीरा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बुधवार को धूमधाम से वेजिटेबल डे मनाया। इसमें नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के सभी छात्र शामिल हुए। नन्हे-मुन्ने अलग-अलग सब्जियों के रूप धारण करके आए, जिसमें कोई गाजर तो कोई मूली, लौकी, बैंगन, गोभी आदि अनेक प्रकार की सब्जी बनकर आए। बच्चों ने सब्जी की विशेषताएं भी बताईं। बच्चों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान भी प्राप्त किया। प्रबंधक अमनदीप सिंह और प्रधानाचार्य जयप्रीत कौर ने बच्चों की सराहना की।

### गुरप्रीत अध्यक्ष और रामकुमार बने सचिव

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया तहसील इकाई मोहम्मदी की बैठक में इकाई का पुनर्गठन किया गया। गुरुप्रीत सिंह को अध्यक्ष और रामकुमार कश्यप को सचिव मनोनीत किया गया। पोखनापुर में मीडिया कार्यालय पर वरिष्ठ पत्रकार अजय अग्निहोत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। पत्रकारों की समस्याओं मोहम्मदी तहसील इकाई का पुनर्गठन कर वरिष्ठ पत्रकार/अधिवक्ता बीपी सिंह, अब्बास नकवी को संरक्षक, गुरुप्रीत सिंह तहसील अध्यक्ष, उमेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धनपाल सिंह चौहान उपाध्यक्ष, रामकुमार कश्यप सचिव और अजय कुमार अग्निहोत्री को पुन: कोषाध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ पत्रकार अधिवक्ता रवि कुमार शुक्ला विधि सलाहकार, नवनीत कुमार संगठन मंत्री, प्रदीप कुमार अग्निहोत्री मंत्री, रामवीर सिंह चौहान मीडिया प्रभारी के साथ ही उमाशंकर अग्निहोत्री, रामनिवास कुशवाहा, मोनू कनौजिया, पंकज कनौजिया, धर्मेंद्र सक्सेना को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

### चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार



**धौरहरा, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा पुलिस ने खेत से चोरी हुआ बोरिंग का सामान व इंजन बरामद कर गांव बनघुसरी पठानवार्ड निवासी एक लाख थाना पढ़ुआ के गांव चंदपुरा निवासी मनीराम और अनिल कनौजिया को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो दिन पहले गांव रामबट्टी के एक खेत से चोरी किया गया बोरिंग का सामान और इंजन बरामद हुआ है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### विद्यार्थियों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम



**संसारपुर, अमृत विचार :** श्री राजेंद्र सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रवर्तन अधिकारी की अध्यक्षता में हुए सड़क सुरक्षा सेमिनार में 800 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रवर्तन अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ने छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हेलमेट न लगाने की वजह से लखीमपुर में एक माह में 25 लोग काल कवलित हो गए। मौत का यह आंकड़ा कम कर सकते हैं या बिल्कुल शून्य कर सकते हैं। छात्रों से खासतौर से अपील की गई कि आप अपने पापा या भैया को बाइक की चाबी तब तक न दें जब तक वह हेलमेट न लगाएं। प्रधानाचार्य हरिओम मिश्रा को निर्देशित किया कि विद्यालय के सभी कक्षाओं में 1090 और 112 नंबर की अहमियत बताने वाले स्लोगन लिखें। प्रवर्तन अधिकारी ने गुड सेमेरिटन के बारे में भी छात्रों को जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी घायल को आप अस्पताल पहुंचाते हैं, तो पुलिस न तो आपको पूछताछ के लिए बुलाएगी और न ही आपको परेशान करेगी। बल्कि सुप्रीम कोर्ट और शासन के निर्देश के अनुपालन में अच्छे नागरिक का पुरस्कार आपको दिया जाएगा। एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में भी सड़क सुरक्षा के सेमिनार किये जाएंगे। अवैध वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई तो होगी ही लेकिन जनजागरूकता पर भी उतना ही ध्यान दिया जाएगा।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की विजेता बनी शुभ्रा



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अंत्योदय दिवस के रूम में मनाई गई। इस अवसर पर सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन परिचय पर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शिक्षक विजय कुमार शुक्ल ने पंडित दीनदयाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ उनके अंत्योदय के दर्शन पर विस्तार से जानकारी देकर केंद्र सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। स्कूल में शिक्षक और शिक्षिकाओं में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवन परिचय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। इसमें शिक्षिका शुभ्रा उपाध्याय विजेता रहीं। प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### विद्यार्थियों को दी रेबीज वायरस के लक्षण की जानकारी



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जीव विज्ञान शिक्षक ने विद्यार्थियों को रेबीज वायरस की जानकारी दी। गांधी विद्यालय के जीव विज्ञान शिक्षक आमिर हुसैन ने विद्यार्थियों को बताया कि रेबीज सामान्य तौर पर कुत्ते, चमगादड़ों के काटने पर फैलता है। रेबीज ग्रसित व्यक्ति के शरीर मे ऐंठन, जी मिचलाना, उल्टी, सिरदर्द, मतिभ्रम, पानी से डर, पक्षाघात आदि लक्षण दिखाई पड़ते हैं। समय से इलाज न मिलने पर मरीज की मृत्यु हो सकती है। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने बताया कि रेबीज के लक्षण कुत्ते के काटने के 25 वर्ष के अंतराल में कभी भी प्रभावी हो सकते हैं। पालतू हो या आवारा कुत्तों के काटने पर एन्टी रेबीज इंजेक्शन अवश्य लगवाए। रामसनेही, डॉ राजेश कुमार, नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, राजेश कुमार आदि रहे।

### राष्ट्र उत्थान में पंडित दीनदयाल की महत्वपूर्ण भूमिका



**गोला गोकर्णनाथ :** सीजीएन पीजी कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर हुई गोष्ठी में राष्ट्रहित में किये गये कार्यों को याद किया गया। कॉलेज सभागार में प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। राजनीतिशास्त्र के सहायक आचार्य डॉ. विश्वनाथ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दार्शनिक आयाम पर विचार व्यक्त किए। सह आचार्य डॉ. नवनीत कुमार ने भारत माता के दर्शन की विस्तार से चर्चा की। अंग्रेजी के सहायक आचार्य डॉ. अनिल कुमार यादव ने हिन्दुत्व की अवधारणा पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो .पंकज सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन के बारे में बताया। एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा प्रथा शुक्ला एवं कुसुम पांडेय ने उनके जीवन पर जानकारी दी। समारोह में प्रमोद कुमार, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा, डॉ. योगेश कनौजिया, डॉ. अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा:।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव:॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# पड़ोस में उम्मीद की नई किरण

पड़ोसी देश श्रीलंका में करीब दो वर्ष पहले उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर विश्व में यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए, लेकिन राष्ट्रपति के चुनावों के बाद वहां नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीलंका की सत्ता संभाल ली है। दिसानायके की जीत का मतलब है कि श्रीलंका की राजनीति में एक नई शुरुआत हो रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी की सरकार बनी है। दिसानायके ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही अपने वादे के अनुरूप देश की संसद भंग कर, नवंबर में आम चुनाव की घोषणा भी कर दी। गौरतलब है कि श्रीलंका में वर्ष 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उनके भ्रष्टाचार विरोधी और लोक कल्याणकारी मुद्दों को भारी समर्थन मिला।

नई सरकार आने के बाद भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा? हालांकि दिसानायके ने शपथ लेने के बाद भारत से संबंधों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। पहले से ही इस बात की भी आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रपति दिसानायके मार्क्सवादी हैं इसलिए राजनीतिक क्षेत्र में उनकी छवि चीन समर्थक की है। ऐसे में यह शंका होना भी लाजमी है कि कहीं चीन मार्क्सवादी राष्ट्रपति के शासनकाल का फायदा उठाकर भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान न पहुंचा दे। साथ ही वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह बात भी गौर करने वाली होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है?

# विकसित देश के लिए जीडीपी के साथ एचडीआई और एचआई आवश्यक



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है।



**विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है।**

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में यह दसवें स्थान से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है और यदि विकास की यही गति रही, तो शीघ्र ही यह तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। जैसा कि आईडीबीआई कैपिटल की रिपोर्ट में जिक्र भी किया गया है कि सितंबर माह के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के माध्यम से 53 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश शेयर बाजार में किया गया।

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों सूचकांकों में पहला, ईएमआईएमआई और दूसरा, ईएम सूचकांक में भारत ने काफी प्रगति हासिल की है, जिसके कारण कई नए स्टॉक इन पोर्टफोलियो से जुड़े हैं। हालांकि चीन का कुल बाजार पूंजीकरण भारत की तुलना में साठ प्रतिशत अधिक है, परंतु इन दो सूचकांकों में भारत की वृद्धि वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी साख और अर्थव्यवस्था की स्थिरता को इंगित करती है, जिस कारण भारत के बाजार वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका मंदी की आहट से जूझ रहा है, वहीं विश्व के अन्य देश भी आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं।

ऐसे में भारतीय कंपनियों में भरोसा और भारतीय बाजारों के बढ़ते महत्व को बनाए रखने के लिए विश्वास का वातावरण विकसित करना आवश्यक होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, ढांचागत सुदृढ़ीकरण, मेक इन इंडिया अभियान के तहत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से विनिर्माण को गति प्रदान करना, सूचना तकनीकी क्षेत्र का विस्तार आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य करना होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में जीडीपी का आकार बढ़ेगा और देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। वर्तमान में भारत की जीडीपी 6.5 से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष में 8 प्रतिशत की गति से बढ़ी थी। वर्तमान में जीडीपी में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 15 प्रतिशत, 28.3 प्रतिशत एवं 56.7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधियों में भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि व उद्योग क्षेत्र का अंशदान बढ़ाने पर भी फोकस करना होगा।

हालांकि मार्च 2024 में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया, जो 12 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह बैंकों की परिसंपत्ति में गुणवत्ता सुधार को इंगित करता है। वित्त वर्ष 24 में भारत का सेवा निर्यात 341.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है, जो समावेशी विकास को दर्शाता है। परंतु आर्थिक विकास के साथ-साथ समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मानव संसाधन विकास एवं खुशहाली सूचकांक में भी सुधार किया जाए तभी सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

प्रसन्नता सूचकांक के कई पहलू हैं, जैसे कि जीवन संतोष, भावनात्मक सुख, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्थिरता आदि में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इस सूचकांक में विश्व खुशहाली रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्तमान में 146 देशों में 4.054 के खुशहाली स्कोर के साथ 126 वें स्थान पर है। खुशहाली सूचकांक में भारत का स्थान नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी कम है, जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल भी उठता है।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। मानव विकास सूचकांक पहलुओं में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, आय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय आदि शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एचडीआई स्कोर में भारत 193 देशों में से 134 वें स्थान पर है और भारत का एचडीआई स्कोर 0.644 है, जो वर्ष 1990 में 0.434 था जब इसकी शुरुआत हुई थी। पिछले तीस वर्षों में भारत ने इस दिशा में काफी प्रगति की है, परंतु और तेजी से इस दिशा में बढ़ने की आवश्यकता है। इन सूचकांकों पर ध्यान देने से नीति-निर्माताओं को केवल आर्थिक विकास के लक्ष्य को नहीं, बल्कि नागरिकों के समग्र विकास को भी प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।

प्रसन्नता सूचकांक और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं जाए, इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की खुशहाली और संतोष भी बढ़ेगा, जो एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। विकसित भारत का लक्ष्य न सिर्फ जीडीपी की वृद्धि तक सीमित होगा, बल्कि यह मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता सूचकांक को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही फलित होगा।

## प्रसंगवश

# क्या है क्रांति का मतलब



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्रांति का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं होता। सत्ता की कुर्सी पर एक शासक की जगह दूसरे शासक का आ जाना या एक राजनीतिक दल की जगह दूसरे राजनीतिक दल का आ जाना क्रांति नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ कर देना या श्रीलंका में एक वामपंथी का राष्ट्रपति बन जाना क्रांति नहीं है। इसके आगे बढ़ें तो सत्ता के खिलाफ विद्रोह कर देना, हजार-पांच सौ की गर्दन काट देना या सत्ता पर आसीन सरकार को बलात उखाड़ फेंकना क्रांति नहीं है। सड़कों पर खून की नदियां बहा देना क्रांति नहीं है।

क्रांति का अर्थ है एक व्यवस्था-सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक को ध्वस्त कर दूसरी नई विकसित व्यवस्था को स्थापित करना। जैसे कि 1789 की फ्रांसीसी क्रांति, जिसने सामंतवादी समाज की जगह पूंजीवादी समाज की स्थापना की। समाजवादी क्रांति का अर्थ है पूंजीवाद के उन तमाम संस्थाओं, प्रणालियों और विचारों को ध्वस्त कर देना, जो मनुष्य को मनुष्य का दुश्मन बना कर रखे हुई है। एक आदमी का दूसरे आदमी से शोषण करवाती है, मानवता विरोधी विचारों को जन्म देती है और मनुष्य की अपरिमित क्षमता को विकसित होने से रोकती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सत्य, दया, करुणा, क्षमा, परोपकार आदि जैसी आज की बहुतेरी अच्छी लगने वाली बातें एक अन्यायी समाज की उपज है कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब ये शब्द संसार की भाषाओं से विलुप्त हो जाएंगे? आज के समाज में जो भी विचार और संस्थाएं हैं, वे सभी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित विगत काल की सामंतवादी या वर्तमान की पूंजीवादी व्यवस्था के गर्भ से उद्भूत विचार और संस्थाएं हैं।

विगत हजारों साल के क्रम में हम सभी के अंदर ऐसे विचार घर कर गए हैं कि मूर्खतापूर्ण और मनुष्यता विरोधी बातें भी हमें स्वाभाविक लगती हैं। समाजवादी क्रांति का असली अर्थ है मनुष्य की अंतर्निहित क्षमता को उसकी महत्तम ऊंचाई तक पहुंचा देना, दिमाग के तमाम गलीज को बाहर निकाल फेंकना। क्रांति एक छलांग होती है। क्रांति चंद महीनों या कुछ एक वर्षों में वह काम संपादित करती है, जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मायालोक



आर्य सागर खारी
नोएडा

**दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है।**

रावण के विषय में बताया जाता है। वह मायावी था अपने विविध हमशक्लों को वह युद्ध में इस्तेमाल करता था। वही महाभारत में मय नाम के असुर का उल्लेख मिलता है, जिसने पांडवों के लिए मायावी महल बनाया, जिसमें थल में जल, जल में थल का आभास होता था। प्राचीन यूनानी सभ्यता से लेकर मिश्र, चीनी व भारतीय पौराणिक साहित्य में मायावी किस्सों का बहुलता से उल्लेख मिलता है।

मायावी संसार यथार्थ संसार के ही समांतर चलता है। 20 वीं सदी के शुरुआती दशकों में जब क्वांटम फिजिक्स विकसित हो रही थी तो आमजन ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही फिजिक्स आगे चलकर कंप्यूटर विज्ञान की जनक बनेगी और 21 वीं सदी में यह एक ऐसी मायावी तकनीक का प्रसव करेगी, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाएगा, जो अभी अपनी शिशु अवस्था में है, लेकिन इसकी शिशु अवस्था ही बेहद विस्मित भ्रमित करने वाली है। जब यह तकनीक युवा हो जाएगी तब क्या इस पृथ्वी पर सांस लेने वाले जिनकी धमनियों में लाल रक्त बहता है। ऐसे हम इंसानों अर्थात होमो सेपियंस का अस्तित्व क्या औचित्यहीन हो जाएगा? ऐसे बहुत से सवाल आज प्रत्येक जागरूक मस्तिष्क में कौंध रहे हैं।

यह नीचे चित्र में 'बेन गया' है, यह एक जर्मन सुपरस्टार है। इसके गाने-वीडियो एल्बम की इन दिनों जर्मनी सहित पूरे यूरोप में धूम मची हुई है। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी लाखों फॉलोअर हैं। आप सोचेंगे यह कोई जीता जागता इंसान है



यदि आप ऐसा सोचते हैं तो गलत है। यह जर्मन प्रोग्रामर्स द्वारा तैयार किया गया एआई अवतार है, जिसका इस दुनिया में कोई जैविक अस्तित्व नहीं है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक अस्तित्व है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से बनाया किया गया सुपरस्टार है। इसकी आंखों का रंग नीला व बाल घुंघराले हैं। एआई तकनीक के द्वारा इसे सुंदर चेहरा मोहरा सुरीली आवाज से भूषित किया गया है।

इस मायावी सुपरस्टार के कारण पश्चिम की म्यूजिक इंडस्ट्री सिंगर कंपोजर विस्मित हो गए हैं। जीता-जागता इंसान जहां कलाकार के तौर पर मौलिक सृजन करता है, उसको प्रसिद्धि मिलती है। मौलिकता के अभाव में वही इंसान धुन और गीतों को चुराकर प्रसिद्धि बटोर लेता है। एआई तकनीक की बात करें तो इस तकनीक को इन कामों में स्वभाव से ही महारत हासिल है। नतीजा एआई क्राइम का भी नया जटिल स्वरूप निकलकर आ सकता।

भारत जैसे विकासशील देश में अभी साइबर क्राइम से ही निपटने की अभि कोई ठोस कार्य योजना नहीं। निकट भविष्य में 'बेन गया' जैसे मायावी इंसान शिक्षक डॉक्टर अधिवक्ता के रूप में लोगों को विविध सेवा प्रदान करेंगे। जीता-जागता इंसान क्या रसातल में धकेल दिया जाएगा? क्या इंसान की बौद्धिक हत्या हो जाएगी? यह आशंकाएं कितनी वाजिब है यह आने वाले कुछ वर्षों में ही स्पष्ट हो जाएगा।

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है। एआई दुनिया को बदलने वाला है। दुनिया का जो स्वरूप निकल कर आएगा उसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना स्पष्ट है चेतन से प्रेरित बुद्धि का कृत्रिम विकल्प इंसान ने जरूर बना लिया, लेकिन आत्मा जैसे नित्य तत्व को वह नहीं रच पाएगा। आत्मा की नित्यता चेतनता ही एआई जैसी मायावी तकनीक की सीमाओं को नियंत्रित करेगी। आत्म तत्व ही इस तकनीक का नियामक रहेगा। भारतीय आस्तिक षड् दर्शन में भ्रमात्मक विपरीत या मिथ्या ज्ञान की परीक्षा की विकसित तार्किक विवेचना मिलती है।

## सोशल फोरम

# संस्कृत का विरोध क्यों



डॉ पवन विजय
एसोसिएट प्रोफेसर, जौनपुर

दुनिया को गिनती और भाषा का ज्ञान भारत ने कराया, अग्नि को सदा प्रज्वलित करने का विधान, जल का नियमन, पर्यावरण के साथ तादात्म्य करना भारत ने सिखाया। सहज और सरल जीवन पद्धति, परोपकार, करुणा और धर्म को उद्घाटित करने का कार्य भारत भूमि पर सर्वप्रथम हुआ।

एनसीईआरटी के प्रोफेसर प्रमोद दुबे कहते हैं कि वामपंथी संस्कृत का विरोध जानबूझ कर करते हैं ताकि वे एक्सपोज न हो जाएं। उन्हें डॉटर और काऊ की सच्चाई से बहुत डर लगता है। गौ-गऊ-गेऊ-गेऊस्। ग का क होता है प्रगट-प्रकट। वाक् वाग्। गऊ का कऊ-काऊ हो गया। जैसे खाट का कॉट। जो गाय दुहती थी वह लड़की दुहिता-दुहितर कही जाती थी। यही शब्द फारसी में दुख्तर है यही अंग्रेजी में डॉटर। काऊ दूहने वाली लड़की ही डॉटर हो सकती है, न। इनके अस्तित्व पर खतरा है, इन्हें संस्कृत से बहुत डर लगता है। इसी तरह भ्रातृ, भ्रातर, ब्रदर, बिरादर की अवधारणा है। संस्कृत पढ़िए, संस्कृत में रचित आचार्य शंकर की काव्य कुशलता देखकर आप टेनिसन, चौसर और वर्डस्वर्थ को भूल जाएंगे। कालीदास के संस्कृत साहित्य का माधुर्य इतना मोहक है कि शेक्सपियर फीका पड़ जाएगा। संस्कृत का इतिहास आपको आपके गोत्र से जोड़ देगा। संस्कृत पढ़कर आपकी जिव्हा गंगा सी पवित्र और मन पारिजात सा हो जाएगा। पूर्ण की अवधारणा से परिचित होना है तो संस्कृत ही माध्यम है। ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।। अर्थात परमात्मा सभी प्रकार से सदा सर्वदा परिपूर्ण है।

यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण ही है, क्योंकि यह पूर्ण उसी पूर्ण से ही उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण में से पूर्ण को निकाल देने पर भी वह पूर्ण ही शेष रहता है। यह शून्य की कल्पना नहीं वास्तविकता है। शून्य यानी सिफर यानी जीरो केवल एक डिजिट नहीं, बल्कि ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह कुंजी संस्कृत में ही निर्मित है।

-फेसबुक वॉल से

# योगदर्शन में चैतन्य तत्व



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

**बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है।**

भारत के समस्त संप्रदायों में सांख्य सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है, जो चेतन पुरुष तथा अचेतन प्रकृति दोनों को अनादि मानता है। इसमें ईश्वर तत्व का विवेचन नहीं पाया जाता है। इसमें चेतन तत्व को पुरुष कहा जाता है और अचेतन तत्व को प्रकृति। प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है और जो इस विश्व का मूल कारण है। सांख्य दर्शन के अनुसार मनुष्य सुख-दुःख के प्रपंच में तभी पड़ता है जब वह अज्ञानवश अपने को प्रकृति के साथ जोड़ लेता है। जब वह यह सोचने लगता है कि मैं शरीर हूं, इन्द्रिय हूं, मन हूं तब वह मन, इन्द्रिय और शरीर से संबंधित सुखों और दुःखों को भी अपने आप में आत्मसात करने लगता है और वह सुखी और दुःखी बन जाता है। जबकि वह स्वयं अपने आप में चेतन है, अनादि है, अनंत है, सुख-दुःख से परे है और मन-बुद्धि से परे है। जब प्रकृति पुरुष के संपर्क में आती है तो संतुलन बिगड़ जाता है और प्रकृति तेईस तत्वों का विकास करती है अर्थात बुद्धि, महत्त, अहंकार, मन, पांच संवेदी क्षमताएं, जिन्हें कान, त्वचा, आंख, जीभ और नाक के रूप में जाना जाता है।

सांख्य के कुछ आचार्य ईश्वरवादी हैं तो कुछ निरीश्वरवादी। गीता, महाभारत, स्मृति और पुराणों का सांख्य दर्शन ईश्वरवादी है। कुछ विद्वान कपिलमुनि प्रवर्तित सांख्य को निरीश्वर सांख्य तथा महर्षि पातंजलि प्रवर्तित सांख्य को ईश्वर सांख्य मानते हैं। योगदर्शन में चैतन्य तत्व अर्थात आत्मा को पुरुष कहा जाता है। यह चेतन स्वरूप पुरुष नित्य है, शाश्वत है और योगसाधना का परम लक्ष्य है। योगदर्शन बताता है कि मनुष्य अपने को स्वस्थ और सुखी कैसे बना सकता है। शरीर परम लक्ष्य को प्राप्त करने में एक साधन है। जब शरीर स्वस्थ होता है तब मन भी स्वस्थ और शांत होता है। इसलिए यम, नियम, आसन और प्राणायाम आदि साधनों का उपयोग करते हुए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखे, मन को शांत करे, बुद्धि को अंतरमुख करे और अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण करते हुए मन-बुद्धि और चित्त को भीतरी जगत में ले जाए। इसी को कहते हैं आध्यात्मिक साधना।

योग दर्शन में योग का ईश्वर जीवन का लक्ष्य नहीं है। यह जगत का सृष्टा और पालक भी नहीं है। इस तरह योग में ईश्वर का कोई बहुत महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। मीमांसा सूत्तकार जैमिनि एवं भाष्यकार शबरस्वामी सृष्टि सर्जक के रूप में ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करते। इनके अनुसार कर्म ही अपनी शक्ति के फल देने में समर्थ है। ईश्वर को न मानते हुए भी, कुछ विद्वानों का मत है कि मीमांसा दर्शन को निरीश्वरवादी नहीं माना जा सकता है। वेदसिद्ध ईश्वर का खंडन मीमांसा का प्रयोजन नहीं है। वेदांत के विभिन्न संप्रदायों में अद्वैत सर्वाधिक प्रसिद्ध है। अद्वैत के अनुसार केवल ब्रह्म ही परमतत्व है। वह ही परमार्थ सत है, उससे परे संसार में कोई वस्तु नहीं है। शंकर ऐसी अनेक श्रुतियों का उद्धरण देते हैं जैसे 'एक मेवाद्वितीयम्' (छान्दोग्य उप. 6/2/2), एवं 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' (छा. उप. 3/14/1)। ब्रह्म ही एक मात्र सत्ता है।

निरीश्वरवादी दर्शनों में लोकायत, बौद्ध और जैन है। लोकायत दर्शन के अंतर्गत स्वर्ग और मुक्ति जैसे काल्पनिक नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार किया गया है और मानव सुख को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लोकायत दर्शन के अनुसार यह जगत, यह जीवन ही एकमात्र सत्य है। लोकायत दर्शन ही एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो स्पष्ट रूप में ईश्वर, आत्मा, मृत्यु के बाद जीवन और स्वर्ग या मुक्ति जैसे नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार करता है।

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है। बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। बुद्ध ने ईश्वर आदि अलौकिक शक्तियों को अव्याकृत माना अर्थात इन पर बहस करना बेकार है। बुद्ध ने चार महाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं जल) को ही सृष्टि का कारक माना है। बौद्ध दर्शन के अनुसार बीज स्वयं ही अंकुरित होकर वृक्ष बनता है। इस प्रकार संसार का अपने आप विकास होता रहता है।

जैन धर्म ईश्वर की सत्ता का खंडन करते हुए कहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से नहीं सिद्ध होता है। सृष्टि अनादि तथा नित्य है। इनकी किसी एक ईश्वर ने रचना नहीं की है और न इनका कभी विनाश होगा। महावीर स्वामी के अनुसार जीव (प्राणी) अपने कर्मों से ही बंधन में बंधता है।

# प्रदूषित प्रसाद और राजनीति



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में अशुद्ध और सामिष गो घृत की पुष्टि हुई है, जिससे देशभर की हिंदू धर्म प्राण जनता में उबाल है। यह मुद्दा वहां के नए पदारूढ़ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा प्रज्वलित किया गया। उन्होंने गुजरात की प्रयोगशाला में प्रसाद में प्रयुक्त हुए गो-घृत का परीक्षण करवाया, जिसमें चर्बी, मछली के तेल आदि का मिश्रण पाया गया। उन्होंने इस आशय का बयान दिया, बात फैली, जांच बिठाई और आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने इसका संज्ञान ले लिया और कार्यवाही की ओर अग्रसर हुए। राजनेताओं की हर बात में राजनीति जरूर होती है, फिर धर्म का मामला विशेष विस्फोटक और कारगर होता है।

यहां कुछ तथ्य बताना जरूरी है। नायडू इस समय भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का हिस्सा हैं और संप्रति आंध्र के नए मुख्यमंत्री भी। इसके पहले वहां के मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी थे। रेड्डी ने नायडू को जेल भेजा था, जिसमें एक अनुमान के अनुसार मोदी का भी परोक्ष समर्थन था। इस समय जगन मोहन राष्ट्रीय राजनीति के दो खेमों-एनडीए और इंडी गठबंधन में से किसी में नहीं हैं। उनके राज्यसभा में 11 और लोकसभा में 4 सांसद हैं। मोदी की सरकार बैसाखियों पर टिकी एक पराश्रित सरकार है और उन्हें अपने आगामी एजेंडे को सफल बनाने के लिए अभी और ज्यादा समर्थन की दरकार है। ऐसे में उनकी निगाह इन तटस्थ पार्टियों पर है। कहना न होगा कि मोदी-शाह का युग्म विरोधियों को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग आदि का इस्तेमाल करता रहा है। यदि वे एनडीए के समर्थन में आ जाते हैं तो कार्यवाही ठंड पड़ जाती है, अन्यथा उन्हें जेल जाना पड़ता है। ऐसे में यह प्रसाद प्रदूषण प्रकरण का हो हल्ला हो सकता है कि इसी तरह की राजनीति का ट्रेलर हो! अब देखिए। मंदिर का प्रसाद घी 320 रुपए किलो लीटर कई वर्ष से सप्लाई हो रहा था। गाय के घी की स्पष्ट गणित है कि लगभग 30 लीटर दूध में एक किलो घी बनता है और इतना दूध कम से कम 1500 रुपये का हुआ। फिर पारिश्रमिक और कुछ लाभांश भी होता ही है। ऐसे में लगभग 2000 रुपये किलो से कम कीमत में शुद्ध गो घृत की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

सवाल यह है कि रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते नायडू ने इस मुद्दे पर हल्ला क्यों नहीं मचाया और अब भी नायडू के कार्यकाल में जो ठेका दिया गया है, वह भी 478 रुपये लीटर का ही है। क्या यह घी शुद्ध होगा? कदापि नहीं। सन 2022 में भी मोदी की ही सरकार में देश में खाद्य पदार्थों के एक लाख बहत्तर नमूने लिए गए। जांचोपरांत 44000 नमूने अशुद्ध पाए गए। क्या उनका शुद्धिकरण हो गया? अमूल कंपनी मोदी के गृह राज्य गुजरात की है। बाजार में 600 रुपये किलो घी बेच रही है। इस कीमत में वह शुद्ध दे ही नहीं सकती। गणित ऊपर दी है। फिलहाल मैं मिलावट का विरोधी और शुद्धता का पक्षधर हूं, किंतु वर्तमान प्रसाद प्रकरण में राजनीति ज्यादा, लोक स्वास्थ्य चिंता कम है। जहां तक भगवान की बात है तो वे गीता में कहते हैं, "पत्र, पुष्प, फल या जल जो मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं सगुण रूप से ग्रहण करता हूं"। यानी भक्ति भाव ही प्रधान है।

# पारिवारिक सुरक्षा के लिए विवाह विच्छेद की अनुमति देना उचितः हाईकोर्ट

## झूठे मुकदमों के बाद फिर से सामान्य आपसी संबंध की उम्मीद करना कठिन

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि तलाक एक सिविल कार्यवाही है। यह संस्था संबंध-विच्छेद होने के बावजूद पति या पत्नी को झूठे आपराधिक मामले दर्ज कर अपने विपक्षी से बदला लेने के लिए कभी भी प्रेरित नहीं करती है। पत्नी द्वारा पति और उसके परिवार के खिलाफ झूठा आपराधिक मुकदमा चलाने से पति के मन में अपने परिवार और खुद की सुरक्षा के प्रति आशंका उत्पन्न हो सकती है। झूठे मुकदमों के बाद विपक्षी पति या पत्नी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वह इससे उबरकर अपने वैवाहिक संबंधों को फिर से शुरू कर पाएगा। इसकी उममीद करना कठिन है।

कोर्ट का मानना है कि ऐसे मुकदमों से विपक्षी की प्रतिष्ठा और सामाजिक मर्यादा को नुकसान पहुंचता है, इसलिए ऐसे मामलों में भविष्य के जोखिम को देखते हुए विवाह-विच्छेद की अनुमति देना उचित होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा दिए गए तलाक के आदेश को चुनौती देने वाली तृप्ति सिंह की याचिका को खारिज करते हुए दिया। पक्षकारों का विवाह वर्ष 2002 में हुआ और उन्हें एक बेटा भी हुआ। वर्ष 2006 में अपीलकर्ता ने अपना वैवाहिक घर छोड़ दिया, जिसके बाद विपक्षी/पति ने तलाक के लिए कार्रवाई शुरू की। मालूम हो कि अपीलकर्ता ने विवाह के 6 वर्ष बाद और पति द्वारा तलाक की याचिका दाखिल करने के बाद दहेज की मांग के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कोर्ट ने पाया कि दोनों पक्ष शिक्षित हैं।

- ऐसे मुकदमों से विपक्षी की प्रतिष्ठा और सामाजिक मर्यादा को नुकसान पहुंचता है

इसके बावजूद अपीलकर्ता ने केवल प्रतिशोध और विपक्षी को परेशान करने के उद्देश्य से दहेज की मांग के झूठे आपराधिक मामले दर्ज करवाए। हालांकि अपीलकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि अपीलकर्ता द्वारा अपने ससुराल वालों द्वारा किए गए बुरे व्यवहार के कारण आपराधिक मामले दर्ज करवाए गए, लेकिन कोर्ट ने पाया कि ऐसे आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि विपक्षी के माता-पिता भले ही अपीलकर्ता के ससुराल वाले हों, लेकिन माता-पिता की अकारण गिरफ्तारी और उनके खिलाफ झूठे आपराधिक आरोपों के बाद विपक्षी को ऐसे संबंध में बने रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

# लखनऊ में नवंबर में होगा कृषि भारत मेला

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नवंबर में कृषि भारत मेले के आयोजन की तैयारी है। 15 से 18 नवंबर के बीच लखनऊ में प्रस्तावित इस मेले के माध्यम से उप्र. के कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो की तरह ही इस आयोजन में भी पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड्स को शामिल किया गया है। मेले का आयोजन 20,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। एक लाख से अधिक किसान भी इस आयोजन में भाग लेंगे। इस दौरान 10 से अधिक संगोष्ठियां होंगी, जबकि 4000 से अधिक कृषि आधारित बिजनेस से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे। वहीं आठ राज्यों के किसानों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

# बाजार से मंगाकर मंदिरों में भोग लगाने की परंपरा हो बंद : संत

अयोध्या कार्यालय

- मंदिरों के रसोई में ही भोग प्रसाद बनाने की है परम्परा : राघवाचार्य

**अमृत विचार :** तिरुपति के लड्डू में चर्बी मिलाए जाने के मामले पर संतों की नाराजगी कम नहीं हो रही है। संतों की बैठक के दौरान यह तय हुआ कि मंदिरों के गर्भगृह में लगने वाले भोग प्रसाद की शुद्धता और पवित्रता के लिए मंदिर के ही रसोई में प्रसाद तैयार किया जाये। बाहर से आने वाले प्रसाद से भोग नहीं लगाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसको लेकर जल्द ही अयोध्या के सभी साधु-संतों के साथ बड़ी बैठक में सभी से सहमति ली जाएगी।

बड़ा भक्तमाल में बुधवार को संत श्री तुलसीदास रामलीला न्यास की बैठक में संतों ने मठ-मंदिरों के व्यवस्थापकों से अपील किया कि बाजार का भोग प्रसाद प्रभु को कतई अर्पित न करें। सभी गो पालन करें और गोदुग्ध से निर्मित प्रसाद ही अर्पित करें। बैठक में संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि मठ-मंदिरों की पवित्रता से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। जगद्गुरु डॉ. राघवाचार्य ने कहा कि मठ-मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। अपने-अपने आश्रम में गो पालन करें। बाजार से मंगाकर भोग लगाने की परंपरा बंद होनी चाहिए। आज जो भी मंदिर सरकारी नियंत्रण में हैं उनकी सुचिता बची नहीं रह पा रही है। सरकार ऐसा कानून बनाए, ताकि लोग मठ-मंदिरों की पवित्रता से खिलवाड़ न कर सकें। इस दौरान महंत जन्मेजय शरण, नागा रामलखन दास, पुजारी हेमंत दास, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद की सुनवाई 30 को

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामले में बुधवार को दो घंटे सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट से प्रार्थना की कि पहले रिकॉल आवेदन पर सुनवाई की जाए। इसके बाद कार्यवाही बढ़ाई जाए। दरअसल जनवरी 2024 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के सभी मुकदमों को एक साथ सुनने का आदेश जारी किया गया था। इसके विरोध में मुस्लिम पक्ष की ओर से रिकॉल आवेदन दाखिल किया गया था, लेकिन इस पर तब सुनवाई नहीं हो सकी। अब कोर्ट मामले की अगली सुनवाई यानी आगामी 30 सितंबर को वाद बिंदु तय करने से पहले मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल रिकॉल एप्लीकेशन पर सुनवाई करेगी।

# कब्रिस्तान में मिले जाली करेंसी छापने के कागज, बांग्लादेशी गैंग होने का सबूत

संवाददाता, प्रयागराज

- अतरसुइया के मदरसा में नकली करेंसी छापने का मामला

**अमृत विचारः** अतरसुइया के मदरसा में नकली करेंसी छापने का सबूत पुलिस को मिला है। कब्रस्तान के अंदर जाली करेंसी छापने के कागज़ पुलिस कि मिले है। इस मामले में और भी खुलासे हुए है। बताया जा रहा है कि आरोपी मो. जाहिर बांग्लादेश के दो संगठनों के संपर्क में काफी समय से था। वह बांग्लादेश लोकेशन के वीडियो भी भी देखा करता था।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, मो. जाहिर जब ओडिशा में रह रहा था तो वह उसी वक्त बांग्लादेश के मौलाना के संपर्क में आया। उसकी सर्च की गई हिस्ट्री में बांग्लादेश की कई लोकेशन सामने आई है। जिन्हें जांच एजेंसियां ट्रेस करने में जुटी हैं।

दरअसल, प्रयागराज में नकली नोट छापने, बच्चों के ब्रेनवॉश करने, आर एस एस आतंकी संगठन शीर्षक वाली एक किताब रखने के मामले में आरोपी मौलवी समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। आईबी, एटीएस और सिविल लाइन थाने की पुलिस ने सभी से करीब 7 घंटे पूछताछ की। जिसमें विदेशी फंडिंग और टेरर फंडिंग को लेकर भी पूछताछ की गई थी। चारों आरोपियों को लेकर टीमें दरियागंज कब्रिस्तान पहुंचीं। जो मजार के पीछे है। मजार के पीछे दो बंडल 500-500 शीट( कागज़ ) बरामद की गई। जिनसे नोट छापनी थीं। मो. जाहिर ने बताया कि इन बंडल की मदद से भी नोट छापना था। बताया जा रहा है कि मो. अफजल ने छापेमारी के डर से एक दिन पहले ही इन बंडलों को कब्रिस्तान में छिपा दिया गया था, प्रिंसिपल मौलवी तफसीरुल आरीफीन के हिसाब से इन शीट से करीब 3 लाख रुपए के नकली नोट छापे जाने थे।

चारों आरोपियों के मोबाइल जांच एजेंसियों के पास हैं। एफएसएल की मदद से डेटा रिकवर किया जा रहा है। मोबाइल में कुछ वीडियो भी मदरसा के मिले हैं।

# नदी में डूबीं पांच युवतियां, एक की मौत, चार सुरक्षित

**हरदोई।** सहेलियां सई नदी से नारगुजारी निकालने पहुंचीं और नदी पार करने लगी,उसी बीच पांच सहेलियां डूबने लगी,उन्हे डूबता देख कर ग्रामीण दौड़ पड़े,उन्होनें किसी तरह से चार को तो बचा लिया,जबकि एक डूब गई। जिसका शव कई घंटे बाद नदी से बरामद किया जा सका। शव बाहर आते ही गांव में कोहराम मच गया। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के कटैय्या मजरा अटवा निवासी प्रमोद की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका बुधवार की दोपहर अपनी सहेलियों के साथ गांव के पास से निकली सई नदी से नारगुजारी ढूंढने पहुंची। बताते है पांचों सहेलियां नदी पार कर रहीं थी,उसी बीच गहराई में पहुंचते ही पानी में डूबने लगी।

# राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा के लिए होंगे सात द्वार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में इस वर्ष होने वाला दीपोत्सव बेहद खास होने वाला है, जिसमें न केवल वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा बल्कि इस पूरे भव्य आयोजन को देखने के लिए 10 हजार से अधिक अयोध्यावासी भी शामिल हो सकेंगे। इसके लिए राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा तैयार की जा रही है। इस दर्शन दीर्घा में प्रवेश के लिए सात द्वार का भी निर्माण किया जा रहा है।

यूपीपीसीएल के द्वारा ओम शिवम लाइट हाउस कंपनी इस दीर्घा और द्वार का निर्माण कर रही है। 300 मीटर लंबे दीर्घा में 10 हजार लोगों के बैठने कि क्षमता होंगी। ओम शिवम लाइट हाउस के सुपरवाइजर रवि कुमार बताते हैं कि आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था और सेल्फी प्वाइंट को तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही पीछे की तरफ बनाये जा रहे दीवार बनाई जा रही है, जिसमें दीवार के बीच तीन अलग अलग इमरजेंसी द्वार होगा जो अधिक भीड़ होने पर लोगों को बाहर करने के लिए खोला जायेगा। इसके साथ ही तीन और द्वार होंगे जो संपर्क मार्ग से कनेक्ट होगा। इसमें एक द्वार उत्तर और दूसरा दक्षिण दिशा में बन रहा है और बीच में दो द्वार होंगे जिससे एक तरफ से प्रवेश और दूसरे तरफ से निकास का मार्ग होगा। बताया कि अगले 15 दिनों में इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है।



राम की पैड़ी पर चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

- दस हजार लोगों के बैठने की होगी क्षमता, दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी

### 25 लाख दीपों को जलाने के लिए सात हजार स्वयं सेवक लगेंगे

28 से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों से वर्ल्ड रिकार्ड बनाए जाने के लिए 7000 वॉलंटियर को लगाए जायेंगे। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि राम की पैड़ी पर दर्शन दीघा का निर्माण किया जा रहा है। 23 करोड रुपए का यह प्रोजेक्ट शासन के द्वारा स्वीकृत हुआ था। अधिक लोग दीपोत्सव देख सके ऐसा प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### गर्लफ्रेंड की मांग पूरी करने को विधि छात्र बना चोर

**लखनऊ, अमृत विचार :** गर्लफ्रेंड की मांग पूरी करने के लिए विधि छात्र चोर बन गया। जिस अपार्टमेंट में रहता था वहीं तीन फ्लैट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने छात्र को गिरफ्तार कर बुधवार को खुलासा किया। प्रशिक्षु आईपीएस एसीपी गोसाईंगंज किरन यादव ने बताया कि आरोपी रवि गुप्ता महराजगंज के देउवा का रहने वाला है। वह एमआर गोमती ग्रींस में रहकर विधि की पढ़ाई कर रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि पिता मजदूरी करते हैं। गर्लफ्रेंड ने कुछ मांग की थी, जिसकी वह खरीद नहीं पा रहा था। उसने ऐसे फ्लैट को निशाना बनाया, जिनमें लोग अकेले रहते थे। उनके नौकरी पर जाने के बाद काफी समय तक फ्लैट बंद रहता था। दो-तीन दिन रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया। एसीपी ने बताया आरोपी के पास से मोबाइल, लैपटाप, सोने की तीन चेन और अन्य माल बरामद किया गया है।

### छात्राओं से छेड़खानी के आरोप में शिक्षामित्र पर रिपोर्ट

**कौशांबी, एजेंसी :** सैनी थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र पर पांचवीं कक्षा की चार छात्राओं के साथ छेड़खानी करने के आरोप में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पहाड़पुर कोडन थाना क्षेत्र के एक स्कूल में तैनात शिक्षा मित्र राजेश कुमार यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह पढ़ाते समय बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करता है। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा विवेचना के दौरान जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

**लखनऊ ।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार, आईटीआई सत्र अगस्त 2024-25 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि अब 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी राजकीय और निजी आईटीआई संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 26 से 30 सितंबर 2024 के बीच वॉक-इन प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश की कवायद को पूरा करें। मेरिट के आधार पर संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पंजीकृत और नए आवेदकों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 सितंबर, जबकि निजी आईटीआई संस्थानों के लिए यह तिथि 30 सितंबर तय की गई है।

### दूसरी कक्षा के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हाथरस, एजेंसी।** एक निजी स्कूल में दूसरी कक्षा के छात्र की छात्रावास में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले में स्कूल के निदेशक समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर ने बताया कि सहपऊ थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल की दूसरी कक्षा में पढ़ने वाला एक बच्चा सोमवार को छात्रावास में मृत पाया गया था। छात्र के पिता कृष्ण कुशवाहा का कहना है कि स्कूल प्रशासन ने उन्हें सूचना दी थी कि उनका बेटा बीमार है। स्कूल पहुंचने पर पता चला कि स्कूल के निदेशक दिनेश बघेल उसे अपनी कार से अस्पताल ले गए हैं। माथुर के मुताबिक, कुशवाहा ने पुलिस से की गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि बाद में उन्हें स्कूल निदेशक दिनेश बघेल मिले और उन्होंने बघेल की कार से अपने बेटे का शव बरामद किया। उन्होंने बघेल और चार अज्ञात लोगों पर अपने बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है।

### ईडी कार्यालय में पेश नहीं हुए मोहिंदर सिंह, छापा मारने के बाद किया था तलब

**लखनऊ, अमृत विचार :** नोएडा में हैसिंडा प्रोजेक्ट घोटाले में जांच के दायरे में आए पूर्व आईएएस एवं नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह बुधवार को लखनऊ प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। ईडी ने पांच दिन पहले हैसिंडा के संचालकों के ठिकानों पर छापों के दौरान मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास को भी खंगाला था। जहां करोड़ों रुपये के हीरे और नामी-बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए बुधवार को तलब किया था। मोहिंदर सिंह के ईडी के सामने पेश होने के लिए शाम पांच बजे तक अधिकारियों ने इंतजार भी किया। लेकिन न तो वह स्वयं पेश हुए न ही कोई जवाब भेजा। अब उनको दोबारा समन भेजा जाएगा। दोबारा यदि वह पेश नहीं हुए, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोहिंदर सिंह की तलाश विजिलेंस भी कर रही है। स्मारक घोटाले में उनसे पूछताछ के लिए चंडीगढ़ स्थित आवास पर दो वर्ष पूर्व नोटिस भेजा गया था।

# प्राचीन रामलीला में संत निभाएंगे किरदार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी के भगवताचार्य स्मारक सदन में परंपरागत रूप से 30 सितंबर से प्रारंभ हो रही प्राचीन रामलीला में पहली बार संत भी पात्रों का किरदार निभाएंगे। फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए संतों ने ऐलान किया है। इसका प्रसारण आस्था और संस्कार चैनल पर लाइव होगा।

संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के द्वारा रामलीला के आयोजन को लेकर संतों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें रामायण के प्रसंग पर अयोध्या के ही कलाकारों के द्वारा 30 सितंबर से लेकर 14 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक तक का कार्यक्रम होगा। इस वर्ष होने वाली रामलीला में रोजाना कोई न कोई संत रामलीला में किसी न किसी पात्र में नजर आएंगे। रामलीला न्यास के कोषाध्यक्ष महंत अवधेश दास ने कहा कि अयोध्या में फिल्मी रामलीला होती है, जिसमें फिल्मी कलाकार रामलीला करते हैं। यह रामलीला अमर्यादित है।



पत्रकारों से बातचीत करते साधु-संत। ● अमृत विचार


## वर्ग पहेली-203

**बाएं से दाएं**

4.1.जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2.जनसाधारण के लिए हितकर।
5.1.एक प्रकार का पकवान 2.एक प्रकार की मीठी मठरी।
6.1.शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2.बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3.साहित्य 4.कायदा, नियम 5.प्रज्ञा, विवेक।
7.1.उड़ने की क्रिया या भाव 2.उड़ान
10.1.किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2.काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1.1.अत्यंत मज़बूत 2.वज्र के समान कठोर 3.पक्का, दृढ़।
2.राजा का पुत्र, राजकुमार।
3.1.सुंदर, आकर्षक 2.प्रेमी, मौजी 3.हंसमुख
6.संख्या '38' का सूचक।
8.1.हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2.(पुराण) शिव का वासस्थान।
9.1.ओष्ठ, होंठ 2.घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।



### वर्ग पहेली -202 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ | ■ | ■ | ■ | 2 धे |
| ■ | ■ | 3 कॉ | 4 क | टे | ल |
| ■ | 5 गै | ■ | लु | ■ | चा |
| 6 म | र | णे | ष | णा | ■ |
| ■ | मा | ■ | ■ | ■ | 7 त |
| ■ | मू | ■ | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | ■ | ना |

## सुडोकू-116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 9 | | | 5 | 3 | |
| | | 3 | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | 6 | | | 8 | | | 4 |
| | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | 7 | 9 | | | | 1 | 2 | |
| | 5 | | 7 | | 3 | | | |
| 9 | | | 6 | | | 3 | | 7 |
| | | 1 | | 8 | | 4 | | |
| | 3 | 8 | | | 5 | | 1 | |

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12 .25 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं।

**वृष:** आज आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे।

**मिथुन:** आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश में जॉब का प्रयास कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कर्क:** आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह:** आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। नई योजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। परिवार में आपके विचारों के अनुसार माहौल रहेगा।

**कन्या:** आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। शेयर मार्केट में किया गया निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकता है। अपने मन की आवाज सुनें और वैसा ही करें। युवाओं के मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**तुला:** आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृश्चिक:** आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीति वाले मुद्दों से दूरी बनाकर रखें। आहार में शुद्धता का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है।


**धनु:** आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मकर:** आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाली है। किसी रिश्तेदार के साथ आप गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे।

**मीन:** आज अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। घर में अशांति का माहौल रहेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 23 .34 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जॉनी आई लव यू — सुबह : 08 .56
कोहराम — रात : 08 .49

**&pictures**
टॉयलेट - एक प्रेम कथा — सुबह : 10 .45
रनवे 34 — रात : 08 .00

**Sony Pix**
द लीजेंड ऑफ टार्जन — सुबह : 10 .02
वेनम — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
बजरंगी 2 — सुबह : 10 .46
धमाल — रात : 08 .00

**Zee Action**
वेधा — सुबह : 10 .40
मक्खी — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा- सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा- शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर ( सी-नियर ) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर ( जू-नियर )।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी – मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2445, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2000, जय जवान 1930, सचिन 2010, सूरज 1955, अवसर 2030, राग गोल्ड 2100, गृहणी ली 1990, क्लासिक (किलो) 2100, मोर 2125, चक्र टिन 2215, ब्लू 2175, आशीर्वाद मस्टर्ड 2340, स्वास्तिक 2415 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल-_ ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 77000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 76000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 910 (अनुमानित) |

# भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर एडीबी ने रखा कायम

## बेहतर कृषि तथा उच्च सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। एडीबी ने बुधवार को कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी खर्च से आगामी तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि 2024-25 में निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

एडीबी ने कहा कि 2024-25 (31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और 2025-26 में 7.2% रहने की उम्मीद है। दोनों ही अनुमान अप्रैल, 2024 के समान हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 में 8.2% की दर से बढ़ी थी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि धीमी होकर 6.7% रह गई, लेकिन कृषि क्षेत्र में सुधार, उद्योग व सेवाओं के लिए मजबूत परिदृश्य से तेजी आने की उम्मीद है।

- अपनी एडीओ में एडीबी ने कहा- निर्यात अनुमान से अधिक सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण रहेगा




### कृषि सुधारों से होगी ग्रामीण व्यय में वृद्धि

एडीबी के भारत के निदेशक मियो ओका ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय जुझारु क्षमता दिखाई है और यह स्थिर वृद्धि के लिए तैयार है। कृषि सुधारों से ग्रामीण व्यय में वृद्धि होगी, जो उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के प्रभावों के अनुरूप है। औसत से अधिक मानसून से कृषि में वृद्धि होगी जिससे 2024-25 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# प्री ओपन मार्केट : एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन


प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन है, जो स्टॉक एक्सचेंज के नियमित खुलने से पहले होता है। यह आमतौर पर सुबह 9 से 9 :15 बजे तक चलता है। इस अवधि में निवेशक शेयरों की प्रारंभिक कीमतों का निर्धारण कर सकते हैं और अपने ट्रेडिंग ऑर्डर को प्लेस कर सकते हैं। प्री ओपन सेशन का मुख्य उद्देश्य बाजार की तरलता बढ़ाना और पिछले दिन के समापन मूल्य के आधार पर नए मूल्य का निर्धारण करना है। यह निवेशकों को ताजे समाचारों और घटनाओं के प्रभाव को समझने का मौका देता है, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें। आइए इस बारे में थोड़ी जानकारी करते हैं....

**समय सीमा :** प्री ओपन सेशन आमतौर पर 15 मिनट का होता है। इसमें निवेशक खरीद और बिक्री की सीमाएं तय कर सकते हैं।

**कीमत निर्धारण :** इसका मुख्य उद्देश्य स्टॉक की प्रारंभिक कीमतों को तय करना होता है। यह अंतिम प्री ओपन मूल्य पर निर्भर करता है, जोकि दिन के समापन मूल्य और प्री ओपन के दौरान हुई ट्रेडिंग पर तय किया जाता है।

**खुला ट्रेडिंग :** प्री ओपन में ट्रेडिंग आम तौर पर नॉन-डिस्क्रीट और रैंडम तरीके से होती है, ताकि बाजार में तरलता बनी रहे।

**समाचार का प्रभाव :** यदि किसी कंपनी या क्षेत्र से संबंधित कोई बड़ा समाचार आता है, तो प्री ओपन मार्केट में उसका प्रभाव तेजी से देखा जा सकता है।



### जानकारी कैसे करें

- **स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट :** निफ्टी, सेंसेक्स, या अन्य एक्सचेंज की वेबसाइट पर जाकर प्री ओपन मार्केट की जानकारी ले सकते हैं।
- **फाइनेंशियल न्यूज :** बिजनेस न्यूज चैनल्स और वेबसाइट्स जैसे कि सीएनबीसी, ईटीनाव या मनीकंट्रोल पर भी जानकारी मिलती है।

### प्री ओपन मार्केट के जोखिम

- **अत्यधिक उतार-चढ़ाव :** प्री ओपन में शेयरों की कीमतों में तेजी से परिवर्तन हो सकता है, जिससे निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ स्टॉक्स में प्री ओपन सेशन में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे खरीदने या बेचने में कठिनाई हो सकती है।
- **सूचनाओं का प्रभाव :** ताजा समाचार या घटनाओं का तात्कालिक प्रभाव हो सकता है, जो अनिश्चितता और निवेशकों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है।
- **निवेशकों की भावना :** प्री ओपन में भावनात्मक निर्णय लेने की प्रवृत्ति हो सकती है, जिससे गलत ट्रेडिंग के परिणामस्वरूप हानि हो सकती है।
- **ऑर्डर फुलफिलमेंट :** प्री ओपन में सभी ऑर्डर फुलफिल नहीं हो सकते हैं, जिससे इच्छित कीमत पर व्यापार नहीं हो पाता।
- **ट्रेडिंग कॉस्ट :** अधिक उतार-चढ़ाव के कारण, प्री ओपन में ट्रेडिंग करना महंगा हो सकता है, जिसमें स्प्रेड और कमीशन शामिल हैं।

**मार्गदर्शन :** प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण समय है जो निवेशकों को बाजार में बदलाव का अंदाजा लगाने और संभावित लाभ उठाने का मौका देता है। सही जानकारी और रणनीति के साथ, निवेशक इस समय का सही उपयोग कर सकते हैं।

## भारत का खाद्यान्न उत्पादन 33.22 करोड़ टन पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का खाद्यान्न उत्पादन जून में समाप्त फसल वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 33.22 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गेहूं और चावल की बंपर फसल से कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। कृषि मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि फसल वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम अनुमान इससे पिछले वर्ष के 32.96 करोड़ टन से 26.1 लाख टन की वृद्धि दर्शाता है। चावल उत्पादन रिकॉर्ड 13.78 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो 2022-23 में 13.57 करोड़ टन था।

# ब्रोकर-निवेशक का विवाद आपराधिक कार्यवाही से बाहर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सेबी एक्ट की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी एक्ट) विशेष अधिनियम है। कानून के अनुसार एक बार विशेष अधिनियम लागू होने पर सामान्य कानून जैसे आईपीसी या सीआरपीसी के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति पर आईपीसी की धारा 409 विश्वासघात और 420 धोखाधड़ी का मामला एक ही आरोप पर नहीं चलाया जा सकता है।

- सेबी एक्ट विशेष अधिनियम पर सामान्य कानून लागू नहीं : हाईकोर्ट



वर्तमान मामले में कोर्ट ने माना कि विपक्षी ने शेयर बाजार के जोखिमों को जानते हुए भी निवेश किया, साथ ही धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात के मामले में लेन-देन की शुरुआत से बेईमानी का इरादा मौजूद होना आवश्यक है जो मामले में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, इसलिए याची के खिलाफ 409 और 420 के तहत अपराध नहीं बनता है। कोर्ट ने यह भी पाया कि किसी को निवेश के रूप में अपनी संपत्ति सौंपने के लिए धोखे से प्रेरित नहीं किया जा सकता है। अतः न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता की एकलपीठ ने जितेंद्र केसरवानी के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया। उपरोक्त आपराधिक कार्यवाही को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि ब्रोकर और निवेशक के बीच निवेश विवाद सेबी एक्ट की धारा 15-एफ के दायरे में आते हैं। ऐसे मामलों में आपराधिक अभियोजन की कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती है।

मामले के अनुसार मेसर्स एलडीके शेयर एंड सिक्योरिटीज प्राइवेट लि. के निदेशक के खिलाफ पुलिस स्टेशन हरीपर्वत, आगरा में आईपीसी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि शेयर ब्रोकर होने के नाते याची ने उसे अपनी कंपनी के माध्यम से शेयरों में निवेश और व्यापार के लिए कहा था और बदले में उसे कुछ सुविधाएं देने का दावा किया था, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता द्वारा कई मांगों के बावजूद याची ने 9,69,450 रुपए वापस नहीं किए, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

# कोयला आयात 9 प्रतिशत बढ़कर 9.05 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश ने 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में 9.05 करोड़ टन कोयला आयात किया, जो सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, और उसके पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है।

अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान कोयला उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष के 29.33 करोड़ टन से 9.56 प्रतिशत बढ़कर 32.14 करोड़ टन हो गया। मौजूदा खपत की स्थिति आयात की महत्वपूर्ण जरूरत को दर्शाती है, विशेष रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के तापीय कोयला के लिए जो घरेलू भंडार में उपलब्ध नहीं है। इस कमी से प्रमुख उद्योगों को समर्थन देने के लिए आयात की जरूरत है।

- भारत के पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार : मंत्रालय





## एक नजर

### सेना अधिकारी व उसकी मंगेतर को दी गई सुरक्षा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर को सुरक्षा मुहैया कराई है, जिनका भरतपुर पुलिस थाने में हिरासत के दौरान कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के निर्णय के बाद दोनों के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) तैनात किए गए हैं। जब वे शहर में कहीं भी जाएंगे तो पीएसओ उनके साथ-साथ रहेंगे। ओडिशा सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब सैन्य अधिकारी, उनकी मंगेतर और उनके पिता तथा कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से मुलाकात की थी।

### राहुल गांधी को धमकी पर मणिपुर में शिकायत दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस ने राहुल गांधी को कथित धमकी को लेकर बुधवार को इंफाल सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कार्यकारी अध्यक्ष विक्टर कीशिंग और उपाध्यक्ष हरेश्वर ओजा इमो के साथ भाजपा और राजग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि राजग और भाजपा नेताओं ने विभिन्न मंचों पर गांधी को धमकी दी है।

### जितिया पर्व पर स्नान के दौरान 25 की डूबकर मौत

**पटना।** बिहार में औरंगाबाद, पूर्वी व पश्चिम चंपारण, सारण, सीवान, पटना, रोहतास, अरवल और कैमूर जिले में बुधवार को जितिया पर्व पर स्नान के दौरान 25 लोगों की डूबकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार औरंगाबाद में आठ, पूर्वी चंपारण और सारण में पांच, पश्चिम चंपारण में दो तथा सीवान, पटना, रोहतास, अरवल और कैमूर में एक-एक लोगों की डूबने से मौत हो गई। सारण के ओल्हनपुर और टेहटी गांव में दो बच्चों की नदी डूबने से मौत हो गई।

# कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं

## गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं करते, वे अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं। मोदी ने सोनीपत जिले के गोहाना में चुनावी रैली में कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को वापस लाना जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाले बहादुरों के बलिदान का अपमान होगा।

जम्मू-कश्मीर का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीन चरणों में से दो चरण का मतदान हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल वहां शांति पसंद नहीं करते और हरियाणा के बहादुर सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव होते हैं तो हरियाणा की बहादुर माताएं खुश होती हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगियों को जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं है। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहती है। वह वहां फिर से आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देना चाहती है। मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस देश के दुश्मन के एजेंडे को भारत में लागू करना चाहती है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप कांग्रेस को सबक सिखाएंगे।



हरियाणा के सोनीपत में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- मोदी बोले- कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में 370 वापस लाना चाहती है

### राहुल गांधी को नहीं पता ब्रेन-ड्रेन क्या होता है : विज

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता अनिल विज ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं पता कि ब्रेन-ड्रेन क्या होता है। विज ने कहा कि गांधी ने भाजपा से सवाल किया है कि हरियाणा के युवा क्यों डंकी रूट से बाहर जा रहे हैं और जिंदगी खराब कर रहे हैं, राहुल गांधी की दादी और पिता प्रधानमंत्री रहे हैं, तो इनको पता नहीं है कि उस समय ब्रेन-ड्रेन किसको कहते थे। उस समय ब्रेन-ड्रेन का रिवाज था। भारत के काबिल लोग नौकरी की चाह में विदेशों में चले जाते थे। विज ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और सैलजा के कथित रूप से खुद को मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के बारे में कहा कि सूत न कपास, जुलाहे में लठम लठा। मुख्यमंत्री तो भाजपा का बनेगा, ये तो सपने देख रहे हैं और इस पर टैक्स नहीं लगता है।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा एक्यूआई खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तीन महीने और 19 दिनों के बाद बुधवार को लोगों ने वायु गुणवत्ता में गिरावट महसूस की। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। 5 जून को एक्यूआई के 248 तक पहुंचने के बाद यह पहली बार है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, मंगलवार शाम 4 बजे तक एक्यूआई 197 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया था। उस दिन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शीतकालीन कार्य योजना का अनावरण किया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से 21 केंद्रित पहल शामिल हैं।

# अल्पसंख्यक मंत्रालय कांग्रेस के समय मुस्लिम मंत्रालय था : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस के समय इस मंत्रालय को मुस्लिम मंत्रालय के तौर पर देखा जाता था क्योंकि वो मुसलमानों को वोटबैंक मानते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए काम रहा है। मंत्रालय के काम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। पहले लोग सोचते थे कि यह मुस्लिम मंत्रालय है जबकि इसमें छह समुदायों के लिए काम होता है। कांग्रेस मुसलमानों को वोटबैंक बनाते थे, इसलिए मुस्लिम-मुस्लिम करते रहते थे। रीजीजू ने 100 दिनों में मंत्रालय द्वारा किए कार्यों का उल्लेख किया।



- मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए कर रहा काम

### वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट जल्द

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति जिस गति से काम कर रही है उससे उन्हें उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट जल्द संसद में रख दी जाएगी। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# बदलापुर कांड : किसी को गोली मारने को मुठभेड़ नहीं कह सकते : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को गोली मारने से बचा जा सकता था और उसकी मौत की जांच निष्पक्ष होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे व न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश के लिए बाध्य होगी। कोर्ट ने कहा कि हम पुलिस की गतिविधियों पर संदेह नहीं कर रहे हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर स्पष्टता चाहते हैं। इस गोलीबारी को मुठभेड़ नहीं कह सकते क्योंकि उसकी परिभाषा अलग है। खंडपीठ ने सोमवार शाम महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा बाईपास पर हुई गोलीबारी पर सवाल उठाए और कहा कि अगर पुलिस ने शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो इसे टाला जा सकता था। पीठ ने पूछा कि आरोपी के हाथ या पैर पर गोली चलाने के बजाय पहले उसके सिर में गोली क्यों मारी गई? हालांकि वह इस स्तर पर संदेह नहीं जता रही है, लेकिन यह विश्वास करना मुश्किल है कि शिंदे ने पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं। पीठ ने कहा कि पिस्तौल को खोलना और उससे गोली चलाना बहुत आसान नहीं होता। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।



- बंबई हाईकोर्ट ने कहा-आरोपी की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस

## चिकित्सा छात्रों को देनी होंगी एक वर्ष सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चिकित्सा संस्थानों से भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों के लिए एक वर्षीय अनिवार्य सेवा बॉण्ड की शुरुआत की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जारी आदेश के अनुसार इस नए विनियमन के तहत, सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों समेत स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले छात्रों को दिल्ली सरकार के तहत चिकित्सा संस्थानों में एक वर्ष सेवाएं देनी होंगी। दाखिले के समय यूजी छात्रों को 15 लाख जबकि पीजी व सुपर-स्पेशियलिटी के छात्रों को 20 लाख का बॉण्ड जमा करना होगा।

# कंगना की टिप्पणी पर मोदी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की टिप्पणी पर बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह निरस्त किए जा चुके तीनों काले कृषि कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं या नहीं।

गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री ने उन कानूनों को फिर से लाने जैसा कदम उठाया तो इंडिया गठबंधन उसका विरोध करेगा और उन्हें एक बार फिर माफी मांगनी पड़ेगी। कंगना रनौत ने मंगलवार को 2021 में निरस्त किए तीन कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग की थी। गांधी ने जारी वीडियो में कहा कि भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच-परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कानूनों को फिर लाने की बात की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उनको फिर से लाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था। गांधी ने एक्स पर कहा कि सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री?



- राहुल ने कहा स्पष्ट करें क्या वापस लाना चाहते हैं तीनों कृषि कानून

### कंगना ने टिप्पणी ली वापस

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को दोबारा लागू किए जाने से संबंधित टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हुए बुधवार को उसे वापस ले लिया है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत में 2021 में निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू किए जाने की बात कही थी। कहा था कि तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद मांग करनी चाहिए।

# रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव, सांप्रदायिक राजनीति के लिए इतिहास को न बांटें

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलीलें देने पर फटकार लगाते हुए बुधवार को कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव हैं और इतिहास को सांप्रदायिक राजनीतिक आधार पर बांटना नहीं चाहिए। समिति ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने के खिलाफ याचिका दाखिल की है, जिसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कहा कि समिति का इरादा अदालत के माध्यम से सांप्रदायिक राजनीति का है और मामले को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। मनोनीत मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि इसे धार्मिक रंग दिया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि आपके पास यह प्रतिमा है। एक तरफ हम महिला सशक्तीकरण की बात कर रहे हैं। एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली समिति की अपील पर सुनवाई कर रही पीठ ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी की प्रतिमा स्थापित करने पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया कि याचिका में कोई कारण नहीं बताया गया है।

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलील पर लगाई फटकार

# गुजरात के साबरकांठा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

साबरकांठा (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार ट्रेलर ट्रक से जा टकराई, जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने गैस कटर से कार के हिस्से हटाए जिसके बाद शवों को निकाला गया। हादसा उदयपुर को अहमदाबाद से जोड़ने वाले एनएच पर सुबह 6.30 बजे हुआ। एसपी विजय पटेल ने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार सात लोगों की मौत हो गई।

### तेलंगाना में भी सड़क दुर्घटना, सात की मौत

**चेन्नई।** तेलंगाना में उलुंदूरपेट के पास एनएच पर बुधवार को वैन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। तिरुनावलूर पुलिस ने बताया कि चालक को नींद आ गई थी और वाहन पेड़ से टकरा गया। वैन में सभी पुरुष थे। पर कुछ समय के लिए यातायात जाम हो गया था।

## आरएसएस ने चूहों की तरह राज्य में की घुसपैठ : हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरएसएस की तुलना चूहों से की। भाजपा व आरएसएस पर चुनावी फायदे के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश का आरोप लगाया। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह की जनसभा में सोरेन ने दावा किया कि भाजपा हिंदू और मुस्लिम समुदाय में द्वेष के बीज बो रही है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की इसमें संलिप्तता का दावा किया।

# श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में वृद्धि की आतिशी ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा द्वारा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन दिल्ली में दिये जा रहे वेतन का आधा है। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न केवल अदालत के माध्यम से न्यूनतम वेतन लागू किया, बल्कि भाजपा द्वारा खड़ी की गईं बाधाओं के बावजूद हर साल दो बार इसमें संशोधन भी सुनिश्चित किया।

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का लगाया आरोप

## जर्मनी के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी



- 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से मिलेगा खुद को परखने का मौका

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। इससे पहले यहां आखिरी बार 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग के मैच खेले गए थे। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा यह श्रृंखला दो टीमों के बीच आपस में खेलने को लेकर ही सीमित नहीं है। इससे दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। हमें उम्मीद है कि यह श्रृंखला इस क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इतने वर्षों के बाद के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से बहुत सारा इतिहास और यादें जुड़ी हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना बड़ा सम्मान होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि इस महीने के शुरू में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के बाद इस श्रृंखला से टीम को खुद को परखने का एक और मौका मिलेगा।


## ओलंपियाड विजेता टीम को 3.20 करोड़ देने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एआईसीएफ के अध्यक्ष ने सम्मान समारोह के दौरान की घोषणा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीमों के लिए 3.2 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की।

भारत की पुरुष और महिला विजेता टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपये मिलेंगे जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोच को साढ़े सात लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहास्वर्ण पदक की भूख हंगरी में खत्म हो गई लेकिन सफलता की चाहत जारी है। ओपन वर्ग में हमने दबदबा बनाया और महिला वर्ग में हमने कड़ी जीत हासिल की। हमारे खिलाड़ी शतरंज की बिसात पर स्टीक निशानेबाज हैं। विश्वनाथन आनंद द्वारा बोए गए बीज जंगल बन गए हैं।



## ओलंपियाड विजेता टीम से प्रधानमंत्री ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम के सदस्यों से मुलाकात की। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर महिला और पुरुष टीम के सदस्यों ने श्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने पुरुष टीम के दो खिलाड़ियों ने शंतराज भी खेला। उल्लेखनीय है कि हांगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुए शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने रविवार को पहली बार 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीते थे। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमें तथा महिला वर्ग में 181 देश की 183 टीमों ने भाग लिया था।

## खेल डायरी



### चावला ने विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी कमल चावला ने बुधवार को यहां आईबीएसएफ विश्व पुरुष 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के फाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल पर 6-2 की जीत से अपना पहला आईबीएसएफ विश्व 6 रेड खिताब हासिल किया। भारत के लिए मलकीत सिंह ने तथा महिला वर्ग में विद्या पिल्लई और कीर्तना पांडियान ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट के 2017 चरण में उप विजेता रहे 45 वर्षीय चावला ने पहले दो फ्रेम 23-47, 18-47 से गंवा दिए। लेकिन उन्होंने फिर शानदार वापसी करते हुए लगातार छह फ्रेम 71-0, 41-7, 64-0, 43-0, 33-20, 36-29 से जीत हासिल की। चावला ने सेमीफाइनल में जर्मनी के रिचर्ड विएनोल्ड को हराया था। मलकीत सिंह ने इसी वर्ग में सेमीफाइनल 0-6 से हारने से कांस्य पदक जीता।

### ओसाका ने चीन ओपन में दर्ज की एकतरफा जीत

**बीजिंग।** जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को यहां इटली की लूसिया ब्रोंजेटी पर सीधे सेट में 6-3, 6-2 से जीत से चीन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की। ओसाका ने रैंकिंग में 77वें नंबर की ब्रोंजेटी के खिलाफ पहले दौर का मैच लगभग 80 मिनट में जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। 2019 में चीन ओपन का खिताब जीतने वाली ओसाका अब दूसरे दौर में कजाखस्तान की 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा से भिड़ेंगी। ओसाका ने मैच के बाद कहा मुझे खुशी है कि मैं फिर से इस कोर्ट पर खेल रही हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर ट्रॉफी जीतूंगी। चार डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) 1000 प्रतियोगिताओं की विजेता और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेक व्यक्तिगत कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। वहीं पुरुषों का टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा।



मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पेरिस 2024 पैरालंपिक के तमिलनाडु के पदक विजेताओं को पुरस्कार से एक से दो करोड़ रुपये के प्रोत्साहन राशि के चैक सौंपे। पैरा बैडमिंटन की तुलसीमति को दो करोड़ जबकि नित्या श्री और मनीषा को एक-एक करोड़ का चैक सौंपा।

### मकाऊ ओपन: श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

**मकाऊ।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और उनके हमवतन भारतीय आयुष शेट्टी और तस्नीम मीर ने बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इजराइल के दानिल दुबोवेनको को 21-14, 21-15 से हराया जबकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य विजेता आयुष ने अलाप मिश्रा को 21-13, 21-5 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तस्नीम ने महिला एकल में हमवतन देविका सिहाग को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल के दूसरे दौर में विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना ऑल इंडियन मुकाबले में आयुष से होगा।

# भारत-बांग्लादेश टीम ने नेट पर बहाया पसीना

### ग्रीनपार्क स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस की, पहले किया वार्मअप, बल्लेबाजों ने लगाए लंबे शॉट, गेंदबाजों ने भी किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश की टीम ने 27 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। बांग्लादेश की टीम ने सुबह साढ़े 9 से लेकर साढ़े 12 बजे तक नेट पर पसीना बहाया। इसके बाद दोपहर डेढ बजे से भारतीय टीम ने तेज धूप में प्रैक्टिस की। अभ्यास के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हल्का वार्मअप किया और दौड़कर मैदान के कई चक्कर लगाए।

चेन्नई में पहला टेस्ट मैच जीतने से टीम इंडिया के खिलाड़ी जोश से भरे दिखे, वहीं बांग्लादेश के खिलाड़ी कड़े अभ्यास से दूसरे टेस्ट मैच का रुख बदलने के मूड में नजर आए। सुबह लगभग सवा 9 बजे होटल लैंडमार्क से बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे। यूपीसीए के पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद मैदान पर नेट अभ्यास शुरू किया। सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज ने पसीना बहाया। नईम हसन और नाहिद ने अपनी गेंदबाजी को धार दी। बॉलिंग कोच आंद्रे एडम की देखरेख में तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, हसन मसूद ने गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास किया। बल्लेबाजी में मोमिनुल हक, शाकिब अल हसन, नजमुल हसन शांतो ने लंबे शॉट लगाए। दोपहर डेढ़ बजे के बाद टीम इंडिया अभ्यास के लिए मैदान पर उतरी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने करीब आधे घंटे तक नेट पर पसीना बहाया। पूरे समय विराट कोहली भी कप्तान के साथ डटे रहे। दोनों खिलाड़ियों ने स्पिन और तेज गेंदबाजों को खेलकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने वार्मअप के लिए फुटबाल भी खेला। मैदान पर प्रैक्टिस के लिए बने तीन नेट्स पर अलग-अलग खिलाड़ी डटे रहे। रोहित और विराट के बाद यशस्वी जायसवाल ने मोर्चा संभाला। आर अश्विन, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने बालिंग की। शुभमन गिल, रिषभ पंत और लोकेश राहुल भी प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरे तो कुलदीप यादव, आकाशदीप ने जमकर गेंदबाजी की।



कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय और बांग्लादेश की टीमें। ● अमृत विचार

### खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे: हाथुरुसिंघा

**कानपुर।** बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा ने स्टेडियम के मीडिया हॉल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि हम पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन न होने से निराश हैं, लेकिन उम्मीद है कि दूसरे टेस्ट में खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे। पिच और यहां की कंडीशन देखने के बाद टीम पर फैसला करेंगे। वहीं टीम इंडिया के गेंदबाज आकाशदीप ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम के बारे में बचपन से बहुत सुना था, आज देखकर बहुत खुशी हुई। अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने आए आकाशदीप ने कहा कि वह वाराणसी के रहने वाले हैं और यूपी में ग्रीनपार्क ही मेरे समय का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों का पूरा सपोर्ट मिलता है। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में सिर्फ लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर फोकस था, जिसमें सफलता मिली। दूसरे टेस्ट में भी लाइन-लेंथ और सधी गेंदबाजी लक्ष्य रहेगा।

### पंत टेस्ट में शीर्ष 10 में, रोहित-कोहली खिसके

**दुबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए। पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं। कोहली को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ जिससे वह शीर्ष 10 से बाहर हो गये और अब वह तालिका में 12वें स्थान पर हैं। गॉल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष 10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने नौ विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगायी और आठवें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

## धमकी भरे पत्रों, अतिरिक्त खर्चों पर चर्चा करेगी आईओए की कार्यकारी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

- उषा और कोषाध्यक्ष के बीच बढ़ते तनाव को लेकर होगी बैठक

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की गुरुवार को यहां होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक में काफी गहमागहमी रहने की उम्मीद है क्योंकि इसके सदस्यों ने एजेंडे में विवादास्पद मुद्दों को भी जोड़ा है जिसमें अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा उन्हें जारी कथित धमकी भरे पत्र भी शामिल हैं। यह बैठक उषा और आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है।

मंगलवार को यादव ने अपनी छवि को बदनाम करने के लिए उषा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी थी क्योंकि उन्होंने पद पर बने रहने की उनकी योग्यता को चुनौती देने वाली शिकायत के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कार्यकारी परिषद द्वारा जोड़े गए 14 बिंदुओं के एजेंडा में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा शामिल है। अध्यक्ष से संबंधित दो अन्य मुद्दों के अनुसार परिषद आईओए संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करेगी तथा अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट आईओए नैतिकता आयोग को देने की आवश्यकता पर निर्णय लेगी। बैठक के बारे में आधिकारिक संवाद परिषद के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव, उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, सदस्य और पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त आदि शामिल हैं।

### मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप में वॉटफोर्ड को हराया

**मैनचेस्टर।** आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद मंगलवार को एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया। सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यूनस (38वें मिनट) रहे जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिये टॉम इन्स ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इसके अलावा चेल्सी, एस्टन विला और लीसेस्टर ने भी अपने अपने मैच जीते।। चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया।

## एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

मैड्रिड, एजेंसी

- स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया

किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया।

एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैचों में सात गोल हो गए हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान ने शेयर किया सिकंदर का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला फिल्म सिकंदर बना रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन गजनी फेम निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं। फिल्म सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल की मुख्य भूमिका है। इस बीच सोशल मीडिया पर सलमान खान की एक लेटेस्ट तस्वीर सामने आई है जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं और उनके पीछे दीवार पर सिकंदर का नाम लगा हुआ नजर आ रहा है। सलमान खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटो को शेयर किया है। जिसमें वह जिम में प्री चेयर बाइसेप्स कर्ल की एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं।

### कार्तिक की भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही प्रदर्शित होने जा रही है। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 सुपरहिट साबित हुई थी इसके बाद भूल भुलैया 3 को लेकर भी काफी बज बना हुआ है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म भूल भुलैया 3 के नए पोस्टर की झलक शेयर की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर जो पोस्टर शेयर किया है उसमें एक बड़ा सा दरवाजा नजर आ रहा है और उस पर ताला लगा हुआ है। कार्तिक ने इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी दिया है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ लिखा है कि दरवाजा खुलेगा इस दिवाली भूल भुलैया 3। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज फिल्म्स और सिने 1 स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है। यह फिल्म दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज होगी।

### अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही फिल्म हाउसफुल 5 की झलक अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर अपने सह-कलाकारों जैकलीन फर्नांडीज, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन और डिनो मोरिया को दिखाया है। अक्षय कुमार, डिनो मोरिया, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन कैजुअल लुक में दिखे, वहीं जैकलीन फर्नांडीस ने ऑल-ब्लैक आउटफिट में जलवा बिखेरा। अक्षय ने तस्वीर के साथ लिखा, इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ बस एक और दिन। अभिनेताओं से भरा हाउसफुल, एक क्रूज और बताने के लिए अंतहीन कहानियां! हाउसफुल 5, 6 जून 2025 को रिलीज होने वाली है।

## ब्रुक का शतक, इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया का विजय अभियान

चेस्टर ली स्ट्रीट, एजेंसी

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय इंग्लैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से काफी आगे था।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था। उसने पहले दो वनडे में इंग्लैंड को आसानी से हराया थाऔर इस तरह से अब वह श्रृंखला में 2-1 से आगे है। श्रृंखला का चौथा मैच शुक्रवार को लॉड्र्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा। ब्रुक ने विल जैक्स (82 गेंद पर 84 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा।

### सीमित ओवरों में वापसी को तैयार हैं स्टोक्स

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैकुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा। स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## चौटी पर हौसला



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआईएमएएस) की एक टीम अरुणाचल प्रदेश की गोरीचेन रेंज में 20,942 फीट ऊंची ऊंची चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ने के बाद पोज देती हुई। छठे दलाई लामा रिग्जेन त्सांगयांग ग्यात्सो के सम्मान में इस चोटी का नाम अब त्सांगयांग ग्यात्सो पीक रखा गया है।

# टोल पर नहीं होगी टेंशन, सैटेलाइट से कटेगा टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। जीएनएसएस एक सैटेलाइट बेस्ड यूनिट है, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। अब तक टोल बूथों पर मैन्युअली या फास्टैग के जरिए टोल टैक्स का भुगतान किया जाता है। इससे कई बार वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन जीएनएसएस सिस्टम आने से वाहन चालकों को टोल टैक्स पर रुकने की कोई जरूरत नहीं है। अब टोल प्लाजा में अलग से डेडिकेटेड जीएनएसएस लेन बनाई जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जीएनएसएस शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। अब टोल देने के लिए वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर फास्टैग के जरिए या मैन्युअली पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### जीएनएसएस टोल सिस्टम कैसे काम करता है

जीएनएसएस सिस्टम लागू करने के लिए वाहनों में ऑन-बोर्ड यूनिट या ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी। फास्टैग की तरह सरकारी पोर्टल पर ऑन-बोर्ड यूनिट भी उपलब्ध होगी। इससे वाहन से रोज तय की जाने वाली दूरी के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। जीएनएसएस से लैस प्राइवेट कार मालिकों के लिए हर दिन नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक का सफर टैक्स फ्री रहेगा। इसके लिए उनसे कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। 21वें किमी से टोल काउंटिंग शुरू हो जाएगी। जीएनएसएस सिस्टम के तहत भुगतान मौजूदा फास्टैग की तरह ही किया जाएगा, जो सीधे बैंक अकाउंट से लिंक होगा।

### फास्टैग और जीएनएसएस में अंतर

फास्टैग और जीएनएसएस सिस्टम दोनों का काम टोल टैक्स का भुगतान करने में मदद करना है, लेकिन इसमें कुछ मुख्य अंतर है। जीएनएसएस सिस्टम का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर्नाटक में नेशनल हाइवे 275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में नेशनल हाइवे 709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया था। इसके अलावा अभी देश में कहीं भी जीएनएसएस के लिए डेडिकेटेड लेन नहीं है। एक बार जब सभी गाड़ियों में जीएनएसएस यूनिट लग जाएगी और सभी लेन जीएनएसएस इक्विप्ड होंगी तो सड़कों से सभी टोल बूथ हट जाएंगे।

### देखने को मिल सकती हैं कुछ परेशानियां

- जीएनएसएस सिस्टम वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करेगा, जिससे चालकों को प्राइवेसी की समस्या हो सकती है।
- टनल में होने पर सिग्नल की समस्या आ सकती है।
- बारिश या कोहरे में नेटवर्क की दिक्कत आ सकती है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में संक्रामक रोग से दो की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक अज्ञात संक्रामक बीमारी के फैलने से दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता हिकमतुल्ला ने एक्स पर कहा कि राजधानी काबुल से लगभग 80 किमी उत्तर में शिनवारी जिले के कफशान क्षेत्र में चार दिनों में अज्ञात संक्रामक बीमारी से 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि संक्रमित लोगों में से 50 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### देउबा ने की नेपाली छात्र की रिहाई में मदद की अपील

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने विश्व समुदाय से नेपाली छात्र बिपिन जोशी की हमास की कैद से सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया है। काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है। देउबा ने सोमवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन की मंत्रिस्तरीय बैठक में अपने देश के छात्र की कठिन स्थिति ओर ध्यान आकर्षित किया और उसकी रिहाई सुनिश्चित उनासीवें संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंची विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल उत्सुकता से बिपिन की घर वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है।

### ईरान से मेरी जान को बड़ा खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

### ब्रिटेन में जसलीन कौर की कलाकृति प्रदर्शित की गई

**लंदन।** ग्लासगो में पैदा हुईं कलाकार जसलीन कौर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी बुधवार को लंदन के प्रसिद्ध कला संग्रहालय टेट ब्रिटेन में आम लोगों के लिए शुरू हुई। जसलीन कौर की कलाकृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में उनके जीवन से प्रेरित हैं और उन्हें प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार के लिए चुना गया है। लंदन में रह रहीं कौर ने एकत्रित और पुनः निर्मित वस्तुओं से अपनी कलाकृतियां बनाई हैं।

# जेलेंस्की का वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

## संयुक्त राष्ट्र परिषद में कहा- प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का करें सम्मान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को मास्को के साथ शांति वार्ता की धारणा को खारिज करते हुए रूस को शांति के वास्ते मजबूर करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर कहता है कि प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं और उन्होंने इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़े हैं कि वह अपने आप नहीं रुकेंगे। जेलेंस्की ने महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा के मौके पर एक बैठक में कहा और यही कारण है कि यह युद्ध आसानी से खत्म नहीं हो सकता। यही कारण है कि इस युद्ध को बातचीत से शांत नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा रूस को केवल शांति के लिए मजबूर किया जा सकता है, और यही आवश्यक है - इस युद्ध में एकमात्र हमलावर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एकमात्र उल्लंघनकर्ता के रूप में रूस को शांति के लिए मजबूर करना। यूक्रेन में ढाई साल से चल रहे युद्ध पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 के मंत्रियों ने भाग लिया। रूस ने अपने निचले स्तर के संयुक्त राष्ट्र राजदूत को भेजा। बैठक की शुरुआत में वासिली नेबेंजिया ने विरोध जताया कि ज़ेलेंस्की को फिर से संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने यूक्रेन के नेता को 'घिसी-पिटी बातें दोहराने की अनुमति देने के लिए' स्लोवेनिया की भी आलोचना की, जो इस महीने परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।



अमेरिका में उच्चाधिकारियों के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की। ● एजेंसी।

### भारत से गहराती साझेदारी पर गर्व : अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं। उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकर जॉन किर्बी से पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत। बाइडन ने भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश किया है।

### दूसरे शांति सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रित कर चुके हैं : यूक्रेन

**संयुक्त राष्ट्र।** जेलेंस्की ने यूक्रेन संघर्ष पर सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया को गुटों या क्षेत्रीय समूहों में नए और अनावश्यक विभाजन किए बिना एकजुटता के साथ मिलकर काम करना चाहिए। मैं, आप व सभी प्रमुख देशों को इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं जो वाकई में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा हम चीन को आमंत्रित करते हैं। हम ब्राजील को आमंत्रित करते हैं। मैंने भारत को पहले ही आमंत्रित किया है।

### मोदी ने भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) के सदस्यों से अमेरिका में भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की है, ताकि अमेरिकी नगारिकों को भारत भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी ने यह टिप्पणी सोमवार को अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में ओएफबीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की।

### इजराइल के राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र सभा को करेंगे संबोधित

**यरुशलम :** एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नई शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्ला के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है।

# भारत और चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- जयशंकर ने कहा- चीन के साथ भारत का कठिन इतिहास रहा



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और साथ ही स्पष्ट किया कि सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति बहाल करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने एशिया सोसाइटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चीन के साथ भारत का एक कठिन इतिहास रहा है तथा दोनों देशों का समानांतर विकास बहुत-बहुत अनोखी समस्या पेश करता है।

उन्होंने भारत, एशिया और विश्व विषयक कार्यक्रम में कहा मुझे लगता है कि भारत-चीन संबंध एशिया के भविष्य के लिए अहम है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय बनाना है, तो एशिया को बहु-ध्रुवीय होना होगा। इसलिए यह रिश्ता न केवल एशिया के भविष्य पर, बल्कि संभवतः दुनिया के भविष्य पर भी असर डालेगा। उन्होंने कहा आपके पास दो ऐसे देश हैं जो आपस में पड़ोसी हैं, वे इस दृष्टि से अनोखे हैं कि वे एक अरब से अधिक आबादी वाले देश भी हैं, दोनों वैश्विक व्यवस्था में उभर रहे हैं और उनकी सीमा अक्सर अस्पष्ट हैं तथा साथ ही उनकी एक साझा सीमा भी है। इसलिए यह बहुत जटिल मुद्दा है। मुझे लगता है कि अगर आप आज वैश्विक राजनीति में देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या है। जयशंकर ने कहा मुझे लगता है कि अगर आप वैश्विक राजनीति में आज देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या पेश करता है। जयशंकर ने हाल में कहा था कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की लगभग 75 प्रतिशत समस्याओं को सुलझा लिया गया है। जयशंकर ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारा ध्यान सबसे पहले सैनिकों को सीमा पर से हटाना है ताकि वे वापस उन सैन्य अड्डों पर चले जाएं, जहां से वे पारंपरिक रूप से काम करते हैं।

# कमला हैरिस 38 अंकों से ट्रंप से आगे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 अंकों से आगे हैं। एक नए सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई। एनओआरसी ने शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया और मंगलवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और इसके बाद कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।



- एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच सर्वे रिपोर्ट हुई जारी, हैरिस की लोकप्रियता बढ़ी

### बाइडन की तुलना में हैरिस में अधिक संज्ञानात्मक विकार : ट्रंप

इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंदी और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में अधिक संज्ञानात्मक विकार है। संज्ञानात्मक विकार किसी व्यक्ति की सोचने, सीखने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया उपराष्ट्रपति हैरिस पर हंस रही है।

## सिंगापुर पुलिस से दुर्व्यवहार पर चार भारतीयों पर रिपोर्ट दर्ज

**सिंगापुर।** सिंगापुर में उपद्रव करने और पुलिस के एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में भारतीय मूल के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, दो मिनट का एक वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया है जिसमें चारों आरोपियों को पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। खबर के अनुसार चारों आरोपियों मोहम्मद डिनो मार्सियानो अब्दुल वहाब (44), एलेक्स कुमार ज्ञानसेकरन (37), मोहम्मद यूसोफ मोहम्मद याहिया (32) और मोहनन वी बालकृष्णन (32) ने लिटिल इंडिया में रविवार सुबह कथित हत्या के एक मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया।

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे

यरुशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला ने इजराइल में लगभग 300 रॉकेट और अन्य प्रोजेक्टाइल दागे हैं। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उत्तरी इजराइल के हाइफा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा, जो पहली बार हिजबुल्ला के रॉकेट को इस क्षेत्र में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन दागे गए थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। सेना ने कहा कि अधिकांश रॉकेटों को इजराइल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। उधर, हिजबुल्ला ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजराइल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई अभियान चलाया।



### हिजबुल्ला ने शीर्ष कमांडर इब्राहिम की मौत की पुष्टि की

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने अपने एक शीर्ष कमांडर इब्राहिम कोबेसी की मौत की पुष्टि की, जो दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हमले में मारा गया। हमले में छह मंजिला इमारत की तीन मंजिलों को निशाना बनाया गया था। एक सप्ताह से भी कम समय में बेरूत पर यह इजराइल का तीसरा हमला था।

## चीन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**बीजिंग।** चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम )का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट बल द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण वार्षिक अभ्यास का एक हिस्सा था। चीनी रक्षा मंत्रालय ने वीचैट पर एक बयान में कहा, यह प्रक्षेपण वार्षिक प्रशिक्षण योजना के हिस्से के रूप में किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय अभ्यास के अनुसार है। यह प्रक्षेपण किसी विशेष देश या लक्ष्य के खिलाफ लक्ष्य करके नहीं किया गया। चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, मिसाइल अपने अपेक्षित जगह समुद्री क्षेत्र में गिरी।

# बांग्लादेश नदियों के जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

ढाका, एजेंसी

- जल संसाधन सलाहकार रिजवान ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा

बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया।

सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, यहां साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत जनता की राय पर विचार करने के बाद की जाएगी और बातचीत के नतीजों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। रिजवाना ने कहा कि यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा है, लेकिन आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान राजनीतिक नहीं होना चाहिए।

## भारतीय इजराइली सैनिक के परिवार के आव्रजन में मदद की अपील की

**यरुशलम।** भारतीय मूल के यहूदियों के आव्रजन के मामले में सबसे आगे रहने वाले इजराइल के एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने एक मृत सैनिक के परिवार के इजराइल में आव्रजन के संबंध में मदद की अपील की है। यह एनजीओ भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम से भारतीय मूल के यहूदियों को इजराइल में बसाने की पुरजोर वकालत करता है। पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम में रहने वाले यहूदियों को आम तौर पर बेनी मेनाशे के नाम से जाना जाता है। स्टाफ सार्जेंट गेरी गिदोन हंगहल (24) की इस महीने की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान वेस्ट बैंक के बेत एल बस्ती के पास असफ जंक्शन के निकट एक वाहन से टक्कर लगने के बाद मौत हो गयी थी।

खगोल विज्ञान | डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी जरूरी

# मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है डार्कमैटर का ब्लैकहोल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डार्क मैटर के खतरों से इंकार नही किया जा सकता है। नई जानकारी के मुताबिक डार्क मैटर वाले ब्लैक होल मंगल ग्रह की कक्षा को डगमगा सकते हैं। यह खबर ग्रहों के सुरक्षित भविष्य को लेकर सावधान करने वाली है। खगोलविदों का मानना है कि डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी होगी।

गुरुत्व बल, डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, ब्लैक होल और जेट ब्रह्मांड की महाशक्तियां हैं। जिनके बल पर समूचा ब्रह्मांड संचालित होता है। अब मंगल ग्रह को लेकर सामने आ रही खबर चौकाने वाली है। एमआईटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि डार्क मैटर छोटे प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना हो सकता है और जब ये ब्लैक होल सौर मंडल से होकर गुजरेंगे तो मंगल की कक्षा थोड़ी डगमगा सकती है। इससे यह पता चलता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल डार्क मैटर का एक प्रमुख स्रोत हैं, जो ग्रहों मे उतार चढ़ाव पैदा कर सकते हैं। 17 सितंबर को मंगल ग्रह के उतार चढ़ाव पर यह शोध हुआ है। जिसमें कहा गया है कि अब लाल ग्रह मंगल की कक्षा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखनी होगी। यह गुजरते हुए डार्क मैटर का पता लगाने का एक तरीका हो सकता है।

ब्रह्मांड में अधिकांश डार्क मैटर सूक्ष्म प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना है। यह विचार पहली बार 1970 के दशक मे आया था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यदि डार्क मैटर का ब्लैकहोल मंगल की साइड से गुजरेगा तो मंगल की कक्षा में एक हद तक डगमगाहट ला सकता है। इस जानकारी से स्पष्ट हो जाएगा कि वर्तमान तकनीक वास्तव में डार्क मैटर का पता लगा सकती है। इस तरह की खोज से इस विचार को समर्थन मिल सकता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल पूरे ब्रह्मांड में डार्क मैटर का प्राथमिक स्रोत हैं। नया शोध खगोलविद डेविड कैसर एमआईटी के नेतृत्व मे हुआ है।



डार्कमैटर के ब्लैकहोल की काल्पनिक तस्वीर।

### ब्रह्मांड का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान

**नैनीताल :** ब्रह्मांड में भौतिक पदार्थों का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान है। जिनमें तारों और ग्रहों से लेकर नजर आने वाली अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बाकी हिस्सा डार्क मैटर से बना है, जो अदृश्य है। अदृष्य भाग ब्रह्मांड के असल ताकत है, जो तारों और आकाशगंगाओं की गति को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल लगाता है। इस अदृष्य शक्ति का पता लगाने के लिए खगोलविद लंबे समय से जूझ रहे हैं।